e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 12, अंक 119

गुरुवार

01.05.2025

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12। मूल्य 3 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

यदि आप पूर्णता की तलाश करते है तो आप कभी संतुष्ट नहीं होंगे!

ताजा खबरों के लिए देखें

## सूचना

सभी पाठकों, हॉकरों, विज्ञापनदाताओं और शुभचिंतकों को सूचित किया जाता है कि 1 मई को मजबूर दिवस पर प्रभात मंत्र कार्यालय में अवकाश रहेगा।
अतः अगला अंक बाजार में दिनांक 3 मई 2025 को प्रकाशित किया जाएगा।

व्यवस्थापक

## चुटकी




## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24⁰ |
| न्युनतम | 13⁰ |

## मोदी कैबिनेट की मीटिंग में लिए गए कई अहम फैसले, किसानों के लिए भी हुआ एलान

# मोदी सरकार कराएगी जाति जनगणना

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली में बुधवार को मोदी कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए. केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट मीटिंग की ब्रीफिंग करते हुए बताया कि सरकार ने जाति जनगणना कराने का फैसला किया है. इसके साथ ही मीटिंग में किसानों के लिए भी बड़े फैसले किए गए हैं.केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने जाति जनगणना का विरोध किया है. उन्होंने कहा,1947 के बाद से जाति जनगणना नहीं हुई है. कांग्रेस ने जाति जनगणना की जगह जाति सर्वे कराया. यूपीए सरकार में कई राज्यों ने राजनीतिक दृष्टि से जाति सर्वे किया है.केंद्रीय मंत्री ने कहा,जाति की जनगणना मूल जनगणना में ही सम्मिलित होना चाहिए. पीएम मोदी के नेतृत्व में राजनीतिक मामलों की कैबिनेट ने फैसला किया है कि जाति की जनगणना को आने वाली जनगणना में सम्मिलित करके किया जाए.उन्होंने कहा कि जाति आधारित जनगणना को कांग्रेस और इंडिया गठबंधन ने सिर्फ अपनी लाभ तक के लिए सीमित रखा है.

## गन्ने का मूल्य 355 रुपये प्रति क्विंटल तय

नई दिल्ली : केन्द्र सरकार ने 2025-26 के पेराई सीजन (अक्टूबर से सितंबर) के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) 355 रुपये प्रति क्विंटल तय करने को मंजूरी दे दी है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने इसे मंजूरी दी। केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बुधवार को इसकी जानकारी दी।सरकार के अनुसार गन्ने की उत्पादन लागत 173 रुपये प्रति क्विंटल है। ऐसे में 355 रुपये की एफआरपी उत्पादन लागत से 105.2 प्रतिशत अधिक है। साथ ही यह दर वर्तमान सत्र 2024-25 की तुलना में 4.41 प्रतिशत अधिक है।यह दर 10.25 प्रतिशत की मूल रिकवरी दर पर लागू होगी। रिकवरी दर में 0.1 प्रतिशत की वृद्धि पर 3.46 रुपये प्रति क्विंटल की अतिरिक्त राशि दी जाएगी, जबकि रिकवरी में 0.1 प्रतिशत की कमी पर 3.46 की कटौती की जाएगी। हालांकि रिकवरी दर 9.5 प्रतिशत से कम होने पर किसानों को 329.05 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जाएगा और कोई कटौती नहीं की जाएगी।



### शिलॉन्ग से सिल्वर कॉरिडोर को मंजूरी

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि शिलॉन्ग से सिल्वर कॉरिडोर को मंजूरी दी गई है. सरकार ने मेघालय से असम तक नए हाइवे को मंजूरी दी है, जो 166.8 किलोमीटर लंबा 4 लाइन हाइवे होगा.केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा,पीएम मोदी के नेतृत्व में कैबिनेट में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं- सिलचर से शिलांग और शिलांग से सिलचर एक बहुत बड़ी परियोजना हाई स्पीड कॉरिडोर हाईवे जो मेघालय और असम को जोड़ता है उसे मंजूरी मिली है.

## देर आए-दुरुस्त आए : कांग्रेस



केंद्र सरकार के जाति जनगणना के फैसले पर कांग्रेस ने कहा, यह फैसला देर आए दुरुस्त आए जैसा है। पार्टी ने कहा कि वह लंबे समय से इसकी मांग कर रही थी। बता दें कि कांग्रेस सहित कई विपक्षी दल देश भर में जातिगत जनगणना की मांग कर रहे हैं। विपक्षी दल इसे बड़ा चुनावी मुद्दा भी बना रहे हैं। बिहार, तेलंगाना और कर्नाटक जैसे कुछ राज्य जाति आधारित सर्वेक्षण कर भी चुके हैं।सरकार के बुधवार के फैसले पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, पार्टी ने 9 अप्रैल, 2025 को अहमदाबाद में पारित सामाजिक न्याय पर अपने प्रस्ताव में इस मुद्दे का उल्लेख किया था। आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, देर आए दुरुस्त आए। रमेश ने कांग्रेस के प्रस्ताव- न्यायपथ के स्क्रीनशॉट भी साझा किए। इसमें कांग्रेस पार्टी ने सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने की अपनी पहलों को सूचीबद्ध किया था। रमेश ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का 16 अप्रैल, 2023 का पत्र भी साझा किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे इस पत्र में कांग्रेस प्रमुख ने जनगणना के साथ-साथ व्यापक जाति जनगणना की मांग की थी। रमेश ने खरगे के पत्र का उल्लेख करते हुए पूछा, क्या इसके अलावा कुछ और भी कहा जाना चाहिए? अहमदाबाद में अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के अधिवेशन में कांग्रेस पार्टी ने इस बात पर जोर दिया था कि सामाजिक न्याय की सांविधानिक गारंटी वाली नींव को केवल राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना से ही मजबूत की जा सकती है।जनगणना में जाति के आंकड़ों को शामिल करने पर महाराष्ट्र के कांग्रेस नेता विजय वाडेट्टीवार ने कहा, हम इस फैसले का स्वागत करते हैं क्योंकि यह हमारी लंबे समय से मांग थी। हालांकि, उन्होंने इस फैसले को बिहार में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव से भी जोड़ा। उन्होंने कहा, इस फैसले के पीछे बिहार चुनाव ही एकमात्र मकसद हो सकता है। बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम रह चुके तेजस्वी यादव ने भी जनगणना में जाति को शामिल किए जाने के फैसले पर प्रतिक्रिया दी।

## नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजरी बोर्ड में हुआ बदलाव, आलोक जोशी होंगे चेयरमैन

**नई दिल्ली :** भारत और पाकिस्तान के बीच पहलगाम आतंकी हमले के बाद से अभी तक तनाव की स्थिति है. इस बीच भारत सरकार ने नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजरी बोर्ड में बदलाव किया है. पूर्व रॉ प्रमुख आलोक जोशी को इसका अध्यक्ष चुना गया है. उनके साथ बोर्ड में कुल 7 सदस्य होंगे. बोर्ड में तीनों सेनाओं के रिटायर्ड अधिकारियों को शामिल किया गया है.सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड में बदलाव करते हुए पूर्व रॉ प्रमुख आलोक जोशी को बोर्ड की कमान सौंपी है. पूर्व पश्चिमी एयर कमांडर एयर मार्शल पीएम सिन्हा, पूर्व दक्षिणी सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एके सिंह और रियर एडमिरल मॉन्टी खन्ना सैन्य सेवाओं से सेवानिवृत्त अधिकारी हैं. ये भी बोर्ड का हिस्सा होंगे. राजीव रंजन वर्मा और मनमोहन सिंह भारतीय पुलिस सेवा से रिटायर हो चुके हैं.

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105



प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
पलामू/गढ़वा
रांची, गुरुवार, 01 मई 2025 | पेज 2

# जनता दरबार से आमजनों की समस्याएं हो रही दूर : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमलोगों को देने की दिषा में प्रशासन की टीम तत्परता के साथ कार्य कर रही है। योजनाओं का सीधा लाभ लेने में जरूरतमंत व योग्य व्यक्तियों को समस्या उत्पन्न नहीं हो, इसके लिए जनता दरबार के माध्यम से उनकी शिकायतें सुनी जा रही है। उपायुक्त के स्तर पर प्रत्येक बुधवार को समाहरणालय में जनता दरबार एवं प्रत्येक माह के द्वितीय गुरूवार को छतरपुर तथा प्रत्येक माह के चतुर्थ गुरूवार को हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय परिसर में कैंप कार्यालय का अधिष्ठापन कर आमजनों की समस्याएं सुनी जा रही है। साथ ही निर्धारित समयावधि में समस्याओं का निदान किया जा रहा है। समाहरणालय में प्रत्येक बुधवार को आयोजित हो रहे जनता दरबार के तहत आज विभिन्न प्रखंडों से 32 लोग पहुंचे। उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए उससे संबंधित आवेदन दिया और समस्या हल करने की गुहार लगाई। उपायुक्त शशि रंजन ने भी विभिन्न फरीयादियों से बारी-बारी से मिले, उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना, उनके आवेदनों को पढ़ा और कई लोगों को तत्काल समस्या दूर करने का आश्वासन दिया। वहीं कुछ आवेदनों को संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को स्थानांतरित करते हुए प्राथमिकता के तहत समस्या दूर करते हुए आवेदनों का निष्पादन कर संबंधित व्यक्तियों को लाभान्वित करने एवं निष्पादन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निदेश दिया।उपायुक्त के जनता दरबार में आज नेउरा गांव निवासियों ने रैयती भूमि पर जबरन कब्जा जमाने की शिकायत करते हुए कब्जाधारियों से उसे मुक्त करने की गुहार लगाई। वहीं सदर प्रखंड के सिंगरा कला निवासी मनमोहन प्रसाद सिंह, उमाषंकर सिंह सहित अन्य ने फोर लेन सड़क निर्माण हेतु अर्जित की गई गैरमजरूआ भूमि के रैयती मान्यता हेतु प्रस्ताव के अनुमोदन के संबंध में जानकारी देते हुए उससे संबंधित आवेदन दिया। वहीं वार्ड संख्या 9 के ग्राम सुदना निवासी ने निजी निबंधित भूमि को दलाल एवं भू-माफियाओं द्वारा जबरदस्ती अवैध तरीके से एकरारनामा कर अवैध तरीके से बिक्री करने को लेकर संबंधित व्यक्तियों पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। वहीं सुल्तानी के एक व्यक्ति ने क्रशर संचालक द्वारा निर्धारित नियम के विरूद्ध प्लांट को संचालित कर प्रदूषण फैलाने को लेकर शिकायत दर्ज कराया है। वहीं ग्रीन राशन कार्ड में के.वाई.सी नहीं होने को लेकर हुसैनाबाद के महुअरी गांव निवासी मनीषा सिंह ने शिकायत दर्ज कराते हुए उचित कार्रवाई करते हुए के.वाई.सी के लिए निर्धारित समय सीमा बढ़ाने का अनुरोध किया। इसके अलावा अन्य लोगों ने भूमि विवाद, चारदीवारी के कार्य को रोकने, अवैध कब्जाधारियों से भूमि को मुक्त कराने, सुरक्षा प्रदान करने, बच्चों का नामांकन कराने, दाखिल खारिज कराने, भूमि का दखल कब्जा कराने सहित अन्य समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराते हुए समस्या दूर करने का अनुरोध किया।

# डीडीसी ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। समाहरणालय के ब्लॉक सी स्थित सभागार में समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त ने टी.एच.आर. एवं पोषाहार की समीक्षा की। वहीं विभागीय देशानिदेश के आलोक में सभी लाभुकों का चेहरा प्रमाणीकरण (चेहरा सत्यापन) करने का सख्त निदेश दिया। उन्होंने 10 मई तक 50 प्रतिशत एवं मई माह के अंत तक शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करते हुए चेहरा प्रमाणीकरण करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि मई माह के अंत तक उपलब्धि हासिल नहीं करने की स्थिति में संबंधित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं पर्यवेक्षकों का वेतन अवरूद्ध करने की कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने पोषण ट्रेकर के सभी इंडिकेटर पर शत प्रतिशत प्रविष्टि का निदेश दिया। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के सीएएस लाभुक का सत्यापन दस दिनों के अंदर हर हाल में करने एवं नये लाभुकों का प्रविष्टि लक्ष्य के अनुरूप करने का निदेश दिया। उप विकास आयुक्त ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में बेहतर शैक्षणिक माहौल तैयार कर बच्चों को शिक्षा देने, अभिभावकों के साथ बैठक कर बच्चों को स्कूल भेजने हेतु प्रेरित करने का निदेश दिया। आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका चयन पंजी विभागीय निदेश के आलोक में यदि किसी परियोजना द्वारा सात दिनों के अंदर कार्यवाही पंजी जमा नहीं किया जाता है तो उसे जिला में स्वीकार नहीं की जायेगी। सभी रिक्त पदों एवं 30 अप्रैल को सेवानिवृति उपरांत रिक्त पदों के लिए 3 मई तक सूचना प्रकाशित करते हुए 31 मई तक चयन कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने सभी केन्द्रों का पोषक क्षेत्र का सीमांकन दो मई तक करने का निदेश दिया, ताकि चयन के समय किसी तरह का विवाद नहीं हो। उन्होंने जाति बहुलता का भी सर्वे कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया। उन्होंने सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं पर्यवेक्षक प्रतिदिन केन्द्र निरीक्षण करने एवं जीयो टैगिंग के संबंध में फोटो भेजने का निदेश दिया, ताकि उसका अनुश्रवण किया जा सके।

# घर में मिला महिला का शव, हत्या की आशंका, पुलिस जुटी छानबीन में



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** रेहला थाना क्षेत्र के बी मोड़ के पास स्थित एक घर से महिला का शव बरामद हुआ है.मृतिका की पहचान स्व.रामनाथ विश्वकर्मा की पुत्री आरती देवी (44) के रूप में हुयी है. मिली जानकारी के अनुसार आरती देवी की शादी लगभग 25 वर्ष पूर्व गढ़वा जिला के वंशीधर नगर में हुयी थी.दस वर्ष पहले उसके पति की मौत हो गयी थी.जिसके बाद से वह अपने माता-पिता के साथ रहती थी. माता -पिता के निधन के बाद वह अकेले ही रह रही थी. पिछले तीन - चार दिनों से वह किसी को दिखाई नहीं दे रही थी. जब उसके घर से दुर्गंध आने लगा तो स्थानीय लोगों ने बुधवार की सुबह रेहला पुलिस को इसकी सूचना दी. पुलिस जब उसके घर गयी तो घर का दरवाजा खुला हुआ मिला. उसका शव बरामदे में फर्श पर पड़ा हुआ था. जिससे दुर्गंध आ रहा था. शरीर पूरी तरह फूल चुका था.कयास लगाया जा रहा है कि उसकी मौत चार - पांच दिन पूर्व ही हो चुकी थी. उसके चेहरे पर चोट का निशान है.जिससे आशंका जतायी जा रही है कि उसकी हत्या की गयी है. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये मेदिनीनगर एमएमसीएच भेज दिया है.रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामला कुछ स्पष्ट होगा.पुलिस तत्काल सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# जपला स्टेशन पर चला सघन टिकट चेकिंग अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** डीडीयू रेल मंडल के जपला स्टेशन पर सीटीआई दीपक कुमार व आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीणा के नेतृत्व में मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया।जिसमे टिकट जाँच कर्मी, वाणिज्य निरीक्षक/पर्यवेक्षक सहित सभी वाणिज्य अधिकारी व आरपीएफ कर्मी उपस्थित रहे। इस दौरान डेहरी ऑन सोन-बरवाडीह शटल पैसेंजर, डीजीआर व बीडीएम पैसेंजर ट्रेनों को लक्ष्य कर गहन जाँच किया गया तथा बिना टिकट/अनुचित टिकट पर यात्रा करते हुए पकड़े गए व्यक्तियों से नियमानुसार जुर्माने की राशि वसूल की गयी। वही आरपीएफ ने महिला व विकलांग बोगी में अनाधिकृत रूप से यात्रा कर रहे दो व्यक्ति व एक भेंडर पकड़ा जिसे अग्रिम कारवाई हेतु रेलवे न्यायालय डाल्टनगंज प्रेषित किया। साथ ही बिना टिकट व



अनियमित टिकट पर यात्रा करने वालों को नियमित टिकट लेकर चलने हेतु प्रेरित किया गया द्य सीटीआई दीपक कुमार ने बताया कि इस तरह के टिकट चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेंगे। सभी से अनुरोध है कि सदैव उचित टिकट लेकर संबंधित श्रेणी के कोच में ही यात्रा करें एवं अन्य यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखें। मौके पर आरपीएफ के एसआई कार्तिक बिंझा, जेपी प्रसाद, टीटीई आशीष कुमार, मुकेश कुमार मित्रा, रविंद्र कुमार, संजय सिंह समेत कई कर्मी मौजूद थे।

# विभिन्न थाना क्षेत्रों से 21 वारंटी भेजे गये जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** बंशीधर नगर अनुमंडल क्षेत्र के सात थानों से विभिन्न मामलों के 21 वारंटी को गिरफ्तार कर गढ़वा जेल भेज दिया गया। उक्त आशय की जानकारी देते हुए पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह ने नगर उंटारी थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय के निर्देश पर 29 अप्रैल के मध्य रात्रि में अनुमंडल क्षेत्र के सभी थानों में दस से बारह वर्ष से फरार चल रहे वारंटियों के गिरफ्तारी को लेकर विभिन्न थानों के थाना प्रभारी टीम बनाकर छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें 21 वारंटी को गिरफ्तार कर गढ़वा जेल भेजा गया वही 66 वारंट का निष्पादन किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार वारंटी में बंशीधर नगर से 8, रमना थाना से 5, धुरकी थाना से एक वारंटी, भवनाथपुर थाना से एक, खरौंधी थाना से दो वारंटी, केतार थाना से एक तथा हरिहरपुर ओपी से तीन वारंटी शामिल है। आयोजित प्रेसवार्ता में थाना प्रभारी आदित्य नायक, अवर निरीक्षक सुंदर सोरेन, रमना सहित सभी थानों के अवर निरीक्षक उपस्थित थे।

# मेडिकल इंस्टिट्यूट में नामांकन प्रारंभ, पढ़ाई के लिये अनुदान भी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** हरिहरगंज महावीर स्वास्थ्य संस्थान के अंतर्गत संचालित प्रखंड के कौआखोह पिरोजी स्थित डॉ बिनोद इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में नामांकन प्रारंभ है. उक्त बात कि जानकारी संस्थान के चेयरमैन डॉ बिनोद कुमार ने दी है. उन्होंने बताया की इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस संस्थान में एएनएम, जीएनएम, बीएससी नर्सिंग और डी फार्मा के लिए सत्र 2024-25 और 2025-26 में नामांकन जारी है. साथ ही कहा कि झारखंड सरकार के ई कल्याण विभाग से अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग को 60 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही है. उन्होंने कहा कि मैट्रिक व इंटर पास छात्राओं के लिए सुनहरा अवसर है. उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए स्पेशल हॉस्टल, स्मार्ट क्लासेस, लाइब्रेरी, लैब, आने जाने का वाहन सहित कई सुविधा उपलब्ध है. इसके साथ ही बताया कि संस्थान में सभी विभाग का पार्ट टाइम व फुल टाइम डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, पारा मेडिकल स्टाफ, कंपाउंड और अकाउंटेंट की आवश्यकता है. अनुभव के आधार पर मानदेय दिया जाएगा. इस मौके पर वाइस प्रिंसिपल शोभा कुमारी, नर्सिंग शिक्षिका प्राची कुमारी, अंशु कुमारी और नर्सिंग शिक्षक अमरेंद्र कुमार आदि मौजूद थें।

# रुआर कार्यशाला का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में बुधवार को झारखंड शिक्षा परियोजना एंव समग्र शिक्षा के तहत रुआर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना परवीन, बीआरपी श्रीकांत चौबे ने दीप प्रज्वलित कर किया। बीआरपी श्रीकांत चौबे ने कार्यशाला में उपस्थित प्रधानाध्यापकों को रुआर कार्यक्रम की जानकारी विस्तार से दिया।कार्यशाला को सम्बोधित करते हुये प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि आप सभी अपने पोषक क्षेत्र के सभी अनामांकित बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन कराना सुनिश्चित करेंगे। नामांकन कराने के बाद बच्चे प्रतिदिन विद्यालय आवें इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।आप सभी शिक्षक समाज के दर्पण है। आप ऐसे बच्चों को शिक्षा दे रहे हैं जिनके माता पिता, अभिभावको को शिक्षा से कोई जुड़ाव नहीं है। विद्यालय में शत प्रतिशत उपस्थिति के लिये विभाग प्रयास जैसे कार्यक्रम चला रही हैं। विद्यालय नहीं आने वाले बच्चों के माता पिता से मिलकर उन्हें बच्चों को विद्यालय भेजने का आग्रह करना चाहिये। बीआरपी श्री कांत चौबे ने विस्तृत जानकारी देते हुये कहा कि रुआर कार्यक्रम विद्यालय स्तर पर 25 अप्रैल से 10 मई तक चलेगा।उन्होंने कहा कि प्रतिदिन विद्यालय स्तर पर विभिन्न प्रकार के गतिविधियों का आयोजन किया जाना है। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम विद्यालय आने वाले 10 छात्रों को टीका लगाकर एंव फूल देकर

# स्कूल रुआर 2025 कार्यक्रम की सफलता को लेकर रेहला में प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** रेहला जेबी उच्च विधालय के सभागार में बुधवार को स्कूल रुआर 2025 कार्यक्रम की सफलता को लेकर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला का उद्घाटन बीडीओ राजीव कुमार सिंह, जिला पार्षद विजय रविदास, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, बीईईओ महेंद्र प्रजापति, बीपीएम सतीश तिवारी व बीआरपी मनोज पाठक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मनोज द्विवेदी ने किया. कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना व शत-प्रतिशत बच्चों को विद्यालय से जोड़ने के संकल्प को मजबूत बनाना था. बीडीओ राजीव सिंह ने कहा कि स्कूल रुआर 2025 एक महत्वाकांक्षी पहल है. जिसका उद्देश्य 5 से 18 वर्ष की आयु के प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा में लाना है.उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत पांच वर्ष से ऊपर के सभी बच्चों का



आंगनबाड़ी से प्राथमिक विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करना है. विद्यालय में नामांकित 5 से 18 वर्ष के बच्चों की नियमित उपस्थिति दर्ज करना. विद्यालय से बाहर रह गए बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन व उपस्थिति सुनिश्चित करना, अप्रवासी, अनामांकित व विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का चिन्हित कर नामांकन व उपस्थिति सुनिश्चित करना. पिछले वर्षो में कक्षा 1 से 11 तक नामांकित बच्चों का अगले कक्षाओं में नामांकन सुनिश्चित करना. सभी बच्चों की उपस्थिति को ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर दर्ज करना, नियमित अनुश्रवण करना तथा नव-नामांकित बच्चों की सतत उपस्थिति सुनिश्चित करना आदि शामिल है. कार्यशाला में पंचायती राज प्रतिनिधियों, गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों व विद्यालयों के शिक्षकों ने हिस्सा लिया. कार्यशाला में उपस्थित सभी लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया. इसके अलावा यह भी निर्णय लिया गया कि प्रशासन, पंचायत, शिक्षक व समुदाय मिलकर स्कूल रुआर 2025 को एक जनआंदोलन का रूप देने के लिये संगठित होकर कार्य करेंगे. मौके पर शिक्षक अखिलेश दुबे, विनोद दीक्षित, भोला राय, हर्षवर्धन चतुर्वेदी, रंजीत सिंह सहित कई शिक्षक व सीआरपी मौजूद थे।

# आतंकी हमले के विरोध में झामुमो ने निकाला मशाल जुलूस और कैंडल मार्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड इकाई केतार के तत्वाधान में आज मंगलवार शाम लगभग 6:30 बजे कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया। अंबेडकर चौक से कर्पूरी गेट तक मशाल जुलूस और कैंडल मार्च निकालकर झामुमो कार्यकर्ताओं ने हमले की कड़ी निंदा की और शहीदों को श्रद्धांजलि दी साथ ही 2 मिनट का मौन धारण किया। प्रखंड अध्यक्ष लालेश्वर राम के नेतृत्व में आयोजित इस विरोध मार्च में महागठबंधन के सभी नेता, झामुमो के बूथ, पंचायत एवं प्रखंड स्तर के कार्यकर्ता, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा तथा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी एवं सदस्य भारी संख्या में शामिल हुए। उक्त अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करें और शहीदों के सम्मान में एकजुटता दिखाएं। कैंडल मार्च के दौरान आतंकवाद मुर्दाबाद पाकिस्तान मुर्दाबाद और शहीदों अमर रहें हिंदुस्तान ज़िंदाबाद के नारे गूंजते रहे। इस मौके पर झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष के साथ इम्तेयाज अंसारी छोटन सिंह संजय वर्मा जयमल प्रसाद बिंदु राम संजय सिंह रामविचार साहू सुरेश प्रसाद जसमुदिन अंसारी कामेश्वर सिंह दीपक वर्मा श्याम बिहारी सिंह सूर्यनाथ सिंह ताजामुल अंसारी जयंत विश्वकर्मा सुशील यादव नसीम अहमद आफताब आलम विश्वनाथ प्रसाद नागेंद्र ठाकुर मारूफ अंसारी कसमुदीन अंसारी सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# कार्यपालक पदाधिकारी ने नप क्षेत्र के सभी ड्राई जोन का लिया जायजा, टास्कफोर्स को दिया कई निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडौत ने मंगलवार को बिश्रामपुर नगर परिषद के सभी ड्राई जोन क्षेत्र का जायजा लिया. इस दौरान खंडौत रेहला, विशुनपुर, रक्साहा, भलुही, कविलासी, गौरा रोड़, डिहरिया, झगरूआ, बरवाडीह, उरसूला समेत कई गांवों में गये. पानी के वास्तविक स्थिति का अवलोकन किया. ग्रामीणों से जलस्त्रोतों के बारे में जानकारी ली. कई चापानलों को उन्होंने खुद चलाकर देखा. खराब पड़े चापानलों के तुरन्त मरम्मत करने का आदेश दिया. जालमीनारों का भी निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने ग्रीष्म कालीन जल संकट से निपटने के लिये गठित टास्कफोर्स को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया. कहा कि पेयजलापूर्ति में कोई कोताही बर्दास्त नहीं की जायेगी. मौके पर नगर प्रबंधक प्रभात कुमार, कनीय अभियंता संदीप मौर्या, आशीष पांडेय, आनंद कुमार, प्रवीण कुमार, कमलेश चौधरी, दीपक सिंह, दीपक कुमार, समित कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# विद्यालय में शिक्षक का विदाई सह सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय दहेड़ीया के शिक्षक जनेश राम के सेवानिवृति पर विद्यालय में बुधवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विदाई सह सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुये विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार ने सेवानिवृत्त शिक्षक जनेश राम के कार्यो की प्रशंसा करते हुये कहा कि इन्होंने अपना कार्यकाल पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ पूरा किया है। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारियों के लिये सेवानिवृति एक प्रक्रिया है। वैसे एक शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नही होते। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त होने के बाद समाजिक जिम्मेवारी बढ़ जाती है। उन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षक जनेश राम के उज्ज्वल भविष्य तथा दीर्घायु होने की कामना किया। शिक्षक रामचन्द्र महतो ने कहा कि शिक्षक




जनेश राम अनुशासित, हंसमुख व अपने कर्तव्यों के प्रति दृढ़संकल्पित थे।हम शिक्षकों को इनसे प्रेरणा लेना चाहिये। विदाई सह सम्मान समारोह को शिक्षक राधा प्रसाद यादव ने भी सम्बोधित करते हुये उनके दीर्घायु होने की कामना किया। सेवानिवृत्त हुये शिक्षक जनेश राम ने कहा कि इस विद्यालय में हमें जितना सम्मान व प्यार मिला उसे कभी भूल नही सकते हैं। कार्यक्रम के अंत मे शिक्षकों ने सेवानिवृत्त शिक्षक को शॉल ओढ़ाकर, फूल माला पहनाकर तथा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। समारोह में शिक्षक नन्दू सिंह व देवकुमार राम ने सेवानिवृत्त शिक्षक के सम्मान में गीत प्रस्तुत किया। समारोह में सीआरपी शक्तिदास सिन्हा, शिक्षक उदय कुमार, राजनाथ राम, देवकुमार राम, संजय कुमार, निर्मल कुमार, रामगृही पाल, नंदू सिंह, सुनील कुमार, जितेन्द्र प्रताप देव, ग्रामीण नंद कुमार सिंह, लालेश्वर सिंह, संतोष यादव, फुदेना देवी, मेनका देवी सहित विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## संक्षिप्त खबरें

### यूट्यूब चैनल और संपादक के खिलाफ मामला दर्ज

**रांची:** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी की छवि को धूमिल करने मामले को लेकर न्यूज़ हाट नामक यूट्यूब चैनल और उसके संपादक कुमार कौशलेंद्र पर मामला दर्ज किया गया है। इन पर झूठे और भ्रामक वीडियो के माध्यम से मंत्री को बदनाम करने का आरोप है। इस संबंध में बुधवार को जगन्नाथपुर थाना में धारा 356 बीएनएस और आईटी एक्ट 66डी/67 के तहत मामला दर्ज किया गया है।इस संबंध में मंत्री के आप्त सचिव अजहरुद्दीन ने बताया कि न्यूज़ हाट नामक यूट्यूब चैनल पर मंत्री इरफान अंसारी को लेकर नाकारात्मक खबरें चलायी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित यूट्यूब चैनल के जरिये मंत्री के छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने बताया कि यूट्यूब चैनल ने अपनी वीडियो में मंत्री से संबंधित हाईकोर्ट में लंबित मामले में खबर को तोड़-मरोड़कर कर पेश किया। उन्होंने यूट्यूब चैनल को प्रतिबंधित करने और इसके संपादक कुमार कौशलेंद्र को गिरफ्तार करने की मांग की।

### जाति जनगणना कराने का निर्णय पीएम का सराहनीय कदम : रघुवर दास

**रांची।** जाति जनगणना का निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा लिया गया एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम है। यह फैसला देश के हर वर्ग को उसकी वास्तविक सामाजिक और आर्थिक स्थिति के आधार पर योजनाओं का लाभ दिलाने की दिशा में विशेष सहयोग करेगा। इससे सामाजिक न्याय को मजबूती मिलेगी। साथ ही सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना और अधिक सशक्त होगी।

# झारखंड आंदोलनकारियों को चिन्हित करने के काम में आई तेजी

परवेज़ कुरैशी@प्रभात मंत्र

**रांची।** झारखंड आंदोलन चिन्हित करण आयोग झारखंड सरकार द्वारा स्थापित एक आयोग है जो झारखंड आंदोलन के दौरान सक्रिय आंदोलनकारियों की पहचान करता है और उन्हें चिन्हित करता है। यह आयोग झारखंड राज्य के गठन के लिए हुए आंदोलनों में शामिल आंदोलन कारियों को पहचान करना है। आयोग झारखंड के वैसे आंदोलनकारियों को चिन्हित कर रहा है जो अलग झारखंड गठन के लिए उन्होंने आंदोलन किया था, अविभाजित बिहार के समय झारखंड तक छोटा नागपुर कहलाता था। उस दौर में बिहार सरकार से लेकर केंद्र सरकार तक में अपने अधिकार और हक के लिए अलग राज्य निर्माण कराने की खातिर नाकेबंदी, पूरा बिहार बंद, सड़क जाम करना, वाहनों को आगजनी करना, तोड़ फोड़ करना, वाहनों मोटर साइकिल, रिक्शा,साइकिल तक की टायर से हवा निकाल कर पंचर कर देना, खुले दुकानों को तोड़ फोड़ करके बंद कराने, साथ ही साथ पुलिस के साथ भीड जाना, पुलिस द्वारा लाठी चार्ज में घायल होना, दिव्यांग होना, पुलिस की गोली से मारा जाना, इसके अलावा पुरुष, महिला,बच्चों, छात्रों को गाडियों में भर भर कर जनसभा कराने, रैली, राजभवन घेराव, मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने और धरना प्रदर्शन करने और रैली, जनसभा को सफल बनाने के लिए लोक गायक, मांदर, नगाड़ा वादक सहित लोक कलाकारों और रैली में आये आंदोलन कारी नेताओं के लिए तपती धूप, भरी बरसात, शीतलहरी जैसे मौसम में भी हाथों में फूल माला लेकर घंटों खड़े रहने वाले बालक, युवा, बुजुर्गो का भी अलग झारखंड निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

**मुख्यमंत्री ने कहा :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि अलग झारखंड निर्माण के लिए लंबे समय से लड़ने वाले लोग कुछ आज हमारे बीच नहीं भी हैं उसे भी आंदोलनकारी में चिन्हित किया जाए और उनके आश्रितों को लाभ दिया जाए । आंदोलनकारी चाहे उसका नाम अस्सी- नब्बे के दशक के दैनिक अखबारों, आंदोलन से जुड़े किताबों में नाम दर्ज है, आंदोलन से जुड़े खबर लिखने का काम किया है,पुलिस की गोली से घायल हुए हैं, या मारे गए हैं या जेल गए हैं, उनके पास अगर प्रमाण पत्र हैं तो वे भी आंदोलनकारी हैं और जिनके पास प्रमाण पत्र नहीं है तो उसे जिला, प्रखंड का कोई आंदोलनकारी नेता अगर उसकी पहचान करता है उन्हें चिन्हित करता है, तो वह भी आंदोलनकारी हैं। क्योंकि अलग झारखंड निर्माण करने के लिए आंदोलन करने वाले रैली, जनसभा , धरना- प्रदर्शन करने वाले झारखंड के सभी जिला प्रखंडों में आंदोलनकारी है। अंतिम पंति में खड़ा व्यक्ति भी अपने आदोलन कारी लीडर के सम्मान में फूल माला लेकर खड़ा रहा हैं और मांदर से लेकर डुगडुगी बजाने, पानी पीलाने का भी काम किया है , बंदी के दौरान वाहनों में आग लगाने से लेकर तोड़ फोड़ करने और टायर पंचर करने वाले भी आंदोलनकारी की श्रेणी में है उन्हें भी सम्मान और अधिकार दिया जाएगा उन्हें भी आयोग चिन्हित करें। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 13 वें




महाधिवेशन रांची में कहा कि झारखंड आंदोलन से जुड़े कोई भी आंदोलनकारी की मृत्यु हो जाती है तो उनकी पूरी जानकारी मुख्यमंत्री सचिवालय में दिया जाए, उनके आश्रितों को एक -एक लाख सम्मान राशि दिया जाएगा।

**क्या कहते हैं आयोग के सदस्य गण :** झारखंड आंदोलनकारी की चिन्हितकरण आयोग के सदस्य भुवनेश्वर महतो ने बताया कि झारखंड सरकार का यह सराहनीय पहल और अब तक जितने लोग भी चिन्हित हुए हैं उनमें से जो जेल गए हैं उनका पेंशन लगभग बहुत लोगों को मिलना शुरू हो गया है । एक दिन से लेकर 3 महीना तक जेल गया है तो उसे 3000, 3 महीना से 6 महीना तक जेल में रहा है तो 5000 और 6 महीना से अधिक दिनों तक जेल में रहा है तो उसे 7000 दिया जाएगा। जहां तक वैसे आंदोलनकारी जो रैली, जनसभा,धरना प्रदर्शन में फूल माला लेकर खड़े रहे हैं ,या बंदी में तोड़फोड़ में शामिल रहे हैं , लेकिन जेल नहीं गए हैं वैसे आंदोलन कारियों को जिला प्रशासन के माध्यम से 15 अगस्त, 26 जनवरी में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। हम लोग चाह रहे हैं कि सरकार सभी को सम्मान राशि भी दें, इसके लिए भी हम लोग प्रयासरत हैं। हम लोग नियमावली बनाने की बात कर रहे हैं।

**चिन्हित करण का काम में आया तेजी :** चिन्हित करण आयोग के सदस्य नरसिंह मुर्मू ने बताया कि अभी बड़ी तेजी के साथ काम हो रहा है। 13 जुलाई 2025 तक कार्यकाल है तब तक 60,000 आंदोलनकारी को चिन्हित कर लेना है। अभी करीब 35000 से अधिक आंदोलन कारी चिन्हित किये जा चुके हैं। बड़ी तेजी के साथ काम हो रहा है ,करीब एक लाख आंदोलन कारियों को चिन्हित करना है। हमसब की कोशिश ये है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नियमावली बनाये और जो आंदोलन से जुड़े रहे हैं, जेल नहीं गये हैं उन्हें भी सम्मान राशि देकर सम्मानित करें।

**कब गठन हुआ आयोग:** झारखंड गठन के 11 साल बाद झारखंड आंदोलन कारी चिन्हित करण आयोग का गठन 7 मई 2012 को किया गया था । पहले अध्यक्ष सेवानिवृत जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद थे , 2020 तक रहे। 73,974 आवेदन में से 4328 आंदोलनकारी को चिन्हित कर पाए। इनके बाद कुछ समय आयोग का पद खाली रहा। 15 जुलाई 2021 को आईपीएस अधिकारी डीआईजी पद से सेवा निवृत दुर्गा उरांव को आयोग के अध्यक्ष बनाये गये, 13 जुलाई 2024 के बाद उन्हें सेवा विस्तार दिया गया जो अब तक चल रहा है। 13 जुलाई 2025 तक इन्हें करीब 60, 000 आंदोलनकारी को चिन्हित करने का समय तय किया गया है । अब तक सबसे ज्यादा गोड्डा जिला से 9000,रांची 7500 , देवघर 6000,पूर्वी सिंहभूम 5000,पश्चिम सिंहभूम से 4000 आंदोलनकारियों को चिन्हित करना है।

**इनकी रही अहम भूमिका :** अलग झारखंड निर्माण को लेकर लाखों लोगों ने अपनी भूमिका निभाई, लेकिन महत्वपूर्ण भूमिकाओं की अगर बात करें तो 1952 में जयपाल सिंह मुंडा ने आवाज उठाया था, तब बंगाल, उड़ीसा ,बिहार सम्मिलित था । बांगुन सुब्रई, दिशुम गुरु शिबू सोरेन, सूरज मंडल, एके राय, एन ई होरो, विनोद बिहारी महतो, लाल रणविजय नाथ शाहदेव, निर्मल महतो , ज्ञान रंजन, सावन लकड़ा, डॉ रामदयाल मुंडा, बीपी केसरी , मधु मंसूरी , पत्रकार अनुज सिन्हा और इन लोगों के साथ और भी कई नाम शामिल हैं ।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 10 मई को, तैयारियां जोरों पर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झालसा के निर्देश पर वर्ष का दूसरा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 10 मई को आयोजित होगा। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए समझौते के पूर्व की बैठक 10 मार्च से शुरू हो चुकी है। इसके मद्देनजर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची ने भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। सभी न्यायालयों से वादकारियों को नोटिस भेजने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है।

**सभी पीएलवी को प्रचार-प्रसार करने का निर्देश:** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के कार्यरत सभी पीएलवी को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए जोर-शोर से प्रचार-प्रसार करने को कहा गया है। प्राधिकार ने कहा है कि जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन के बाद ग्रामीणों और जरूरतमंदों को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी देने को कहा गया है। ताकी लोग जागरूक हों और राष्ट्रीय लोक अदालत का फायदा उठा सकें। साथ ही अपने वादों का निष्पाददन निःशुल्क करा सकें। उल्लेखनीय है कि 10 मई को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, माप-तौल से संबंधित वाद और वैवाहिक से संबंधित मामलों का निष्पाादन मध्यस्थों और अधिवक्ताओं के माध्यम से किया जायेगा।

## राज्यपाल से झारखंड राज्य ग्राम प्रधान संघ के शिष्टमंडल सहित अन्य लोगों ने की मुलाकात

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को झारखंड राज्य ग्राम प्रधान संघ के शिष्टमंडल सहित अन्य लोगों ने राज भवन में भेंट की। साथ ही राज्य में पेशा एक्ट लागू कर ग्राम सभा, ग्राम प्रधानों को सशक्त करने के सम्बध में ज्ञापन समर्पित किया। ज्ञापन के माध्यम से ग्राम प्रधानों को दी जाने वाली सम्मान राशि में वृद्धि कर नियमित रूप से इसे प्रदान करने का आग्रह किया गया। वहीं राज्यपाल से स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों के एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की । इस दौरान शिष्टमंडल ने राज्यपाल को विभिन्न मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल ने कहा कि वे लोग स्वतंत्रता संग्राम के शहीद के परिवार



से आते है और उनके पूर्वज देश की स्वतंत्रता की लड़ाई में सन 1857 ई भारतीय प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में झारखंड से मुख्य भूमिका निभाई थी। वे लोग कई समस्याओं से जुझ रहे हैं। ज्ञापन में स्वतंत्रता सेनानी आयोग का गठन करने, स्वतंत्रता संग्राम के परिवारों को निःशुल्क शिक्षा, स्वास्थ्य सरकार की ओर से उपलब्ध कराने, स्वतंत्रता संग्राम के परिवारों को जीवनयापन के लिए सम्मानजनक पेंशन देने आदि विभिन्न मांगों का उल्लेख किया। इसी प्रकार राज्यपाल से ग्राम सभा (खुखरा परगणा परंपरागत पाहड़ा), दक्षिणी छोटानागपुर रांची स्थित मांडर का एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की। 13 अप्रैल 2025 से झारखण्ड राज्य के भीतर अनुसूचित क्षेत्रों (राज्य) में पांचवीं अनुसूची प्रशासन और नियंत्रण करने के लिए ज्ञापन समर्पित किया।

## 50 वर्षीय महिला का माइक्रोस्कोप के सहारे स्पाइन सर्जरी सफल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** सदर अस्पताल रांची में आज 50 वर्षीय सुनीता देवी जो की कचहरी रांची की रहने वाली है । उनके बिना चीरा लगाए स्पाइन का सर्जरी किया गया है। सुनीता देवी की रीड की हड्डी जो कि बीच और नीचे से टूट गई थी, जिसके कारण वह काफी तकलीफ में थी सिविल सर्जन रांची डॉक्टर प्रभात कुमार के मार्गदर्शन में डॉ अशोक मुंडा न्यूरोसर्जन, डॉ चंदन कुमार झा सीनियर एनेस्थेटिक एवं उनकी टीम जिसमें नीरज कुजूर, अंकित तथा न्यूरो सर्जरी के विशेष सहायक के द्वारा उनके सफल सर्जरी किया गया द्य महिला अत्यंत गरीब परिवार से आई थी जो की प्राइवेट अस्पताल में अपना इलाज



करने में सक्षम नहीं थी एवं अन्य बड़े शहरों में भी इलाज के लिए उनके पास पैसे नहीं थे। महिला का इलाज निशुल्क निशुल्क रूप से सदर अस्पताल रांची में हुआ जो की महिला एवं उसके परिवार के रूप में वरदान साबित हुआ द्य अभी महिला की स्थिति ठीक है द्य महिला ने सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार एवं डॉक्टर की पूरी टीम का धन्यवाद दिया।

## ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली दर प्रति यूनिट 40 पैसे बढ़े

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** एक मई से झारखंड में बिजली दर महंगी हो गई है। 30 अप्रैल को झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने बिजली उपभोक्ताओं के लिए नए टैरिफ की घोषणा कर दी है। नये टैरिफ के अनुसार बिजली की कीमतों में 20 से 40 पैसे तक की बढ़ोत्तरी हुई है। फीसदी के हिसाब से 6.34 त्न महंगी हुई है।

विद्युत नियामक आयोग कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इससे संबंधित जानकारी साझा की गई। बताया गया कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में घरेलू बिजली उपभोक्ताओं पर महंगाई की मार पड़ी है। ग्रामीण क्षेत्रों में अब प्रति यूनिट 40 पैसे ज्यादा चुकाने होंगे, जिससे दर 6.30 रुपए



से बढ़कर 6.70 रुपए प्रति यूनिट हो गई है। शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए दर 6.65 रुपए से बढ़कर 6.85 रुपए प्रति यूनिट कर दी गई है। हालांकि राहत की बात यह है कि फिक्स्ड चार्ज में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

**कॉमर्शियल उपभोक्ताओं को:** कॉमर्शियल उपभोक्ताओं पर भी बिजली दर का प्रभाव पड़ा है। ग्रामीण कॉमर्शियल उपभोक्ताओं को अब प्रति यूनिट 10 पैसे अधिक, यानी 6.20 रुपए देने होंगे। शहरी कॉमर्शियल उपभोक्ताओं के लिए दर 6.65 रुपए से बढ़ाकर 6.70 रुपए प्रति यूनिट कर दी गई है।

आयोग ने स्पष्ट किया है कि फिक्स्ड चार्ज में फिलहाल कोई वृद्धि नहीं की गई है। एचटी कैटेगरी के घरेलू कॉमर्शियल उपभोक्ताओं के लिए बिजली दरों में बढ़ोतरी की गई है। अब उन्हें 6.25 रुपए प्रति यूनिट के बजाय 6.40 रुपए प्रति यूनिट चुकाने होंगे। हालांकि, इस कैटेगरी में भी फिक्स्ड चार्ज यथावत रखा गया है।

## के. सुमित कौशल विकास कार्यक्रम के तहत निःशुल्क इस कोर्स को करें : अजय नाथ झा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** सेंटर फॉर एजुकेशन पीपी कंपाउंड रांची में व्यावसायिक प्रशिक्षण के अंतर्गत कंप्यूटर ऑफिस ऑटोमेशन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई। के. सुमित कौशल विकास कार्यक्रम का शुभारंभ उनकी पुण्य तिथि पर किया गया। जिसके अंतर्गत छात्र-छात्राओं को दिन प्रतिदिन काम आने वाले कंप्यूटर सॉफ्टवेयर का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह पूरी तरह से निश्शुल्क है। इस प्रशिक्षण की अवधि 3 माह की है। प्रशिक्षण का शुभारंभ अजय नाथ झा ट्राईबल वेलफेयर




कमिश्नर ने किया। इस दौरान उन्होंने आज के समय में कंप्यूटर प्रशिक्षण का महत्व बताते हुए कहा कि आज डिजिटलाइजेशन के युग में जहां हर खास आम को शॉपिंग से लेकर बस रेल की टिकट भी एक क्लिक पर उपलब्ध हो जाता है वहां इसका ज्ञान होना अति आवश्यक है नहीं तो आप धोखे के शिकार हो सकते हैं और यह एक स्वर्णिम अवसर है जहां आप सेंटर फॉर एजुकेशन के. सुमित कौशल विकास कार्यक्रम के तहत निश्शुल्क इस कोर्स को करके अपना करियर भी बना सकते हैं। निदेशक के. सुमित समाज के विकास, समाज सेवा और वंचितों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। उन्होने खुद 91 बार ब्लड डोनेट किया था। थैलेसिमिया पीड़ितों को निश्शुल्क ब्लड उपल्ब्ध करा सकें। उनके सपनों का पूरा करने के लिये हम प्रयासरत रहें। यही उनके प्रति हमारी श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर सेंटर फॉर एजुकेशन के बोर्ड आफ डायरेक्टर गणमान्य अतिथियों के साथ सीट के छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## रविदास महासभा के सदस्थों ने रिम्स निदेशक डॉ राजकुमार से किया भेंट

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश गुरु रविदास महासभा अध्यक्ष दीपक कुमार रवि के नेतृत्व में महासभा के प्रतिनिधिमंडल रिम्स निदेशक डॉ राजकुमार राम से उनके रिम्स कार्यालय में मिलकर उनको पुनः रिम्स निदेशक का पदभार ग्रहण करने पर शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें बधाई के साथ साथ आभार प्रेषित किया। महासभा के अध्यक्ष दीपक रवि ने निदेशक का आभार व्यक्त करते हुए कहा किझारखंड सरकार के तुगलकी फरमान के खिलाफ न्यायिक लड़ाई लड़ कर जीत हासिल करते हुए



झारखंड सरकार के तुगलकी फरमान पर न्यायालय द्वारा रोक लगवाते हुए हमारे समाज की ही नहीं बल्कि सारे दलित समाज के सम्मान की रक्षा कर समाज का मान बढ़ाने का काम आपके द्वारा किया गया है इससे हमारे समाज में एकजुटता एवं शक्ति का संचार हुआ है। महासचिव दीपक राम, महासचिव प्रदीप रवि,सलाहकार गजेन्द्र राम , उमेश राम, संरक्षक बी0के0राम , उपाध्यक्ष दशरथ राम जी, , महासभा के सदस्य सोनु कुमार दास, विनय दास सहित अन्य सदस्य सम्मिलित रहे।

## ब्राह्मण सभा ने धूमधाम से मनायी भगवान परशुराम की जयंती

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मारवाड़ी ब्राह्मण सभा ने बुधवार को भगवान परशुराम की जयंति धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर ब्राह्मण सभा ने सालासर मंदिर में यजमान महेंद्र शर्मा ने आचार्य श्याम सुंदर भारद्वाज के सानिध्य में हवन पूजन कर विधिवत पूजा अर्चना की। इसके बाद 501 निशान ध्वज के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें भजन मंडली, अनुपम झांकी, ढोल नगाड़ा, बैंड बाजा संग नगर भ्रमण किया गया। झांकी ब्राह्मण भवन से शुरू होकर कार्ट सराय रोड, ईस्ट मार्केट रोड, मारवाड़ी टोला, गांधी चौक, शहीद चौक होते हुए पुनः ब्राह्मण भवन पहुंची। इसके बाद महाआरती के साथ शोभायात्रा का समापन हुआ।

**शोभायात्रा में ये हुए शामिल:** शोभायात्रा में भाजपा विधायक सीपी सिंह, यदुनाथ पांडेय, राजकुमार केडिया, विनय सरावगी, बसंत मित्तल, मनोज बजाज, मुनचुन राय, रमेश सिंह, संजीव विजयवर्गीय, भैरव सिंह, ललित ओझा, प्रमोद सारस्वत, सहित अन्य शामिल हुए। शोभायात्रा में श्रत्रालुओंने सांकेतिक रूप से बांह में काला रिबन बांधकर पहलगाम में हिंदुओं की नृसंश हत्या का विरोध जताया। इस दौरान विभिन्न चौक चौराहों पर स्वागत शिविर लगाया गया था। इसमें अग्रवाल सभा, मारवाड़ी सहायक समिति, विप्र




फाउंडेशन, श्याम मंडल, श्री जिनमाता प्रचार समिति, रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन, रांची श्री जिनमाता प्रचार समिति, गौ सेवा समिति सहित अन्य संगठनों श्रद्धालुओं का स्वागत किया। शोभायात्रा के स्वागत में भगवान परशुराम की आरती, सम्मान, पुष्पवृष्टि और पेय पदार्थ बांटा गया। संस्था के अध्यक्ष अशोक पुरोहित एवं मंत्री कृष्ण लाल शर्मा ने संयुक्त रूप से देते हुए बताया कि सन् 1950 में स्थापित हीरक जयंती वर्ष पर परशुराम जन्मोत्सव के पावन उपलक्ष्य में आहुत प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण किया गया। इसमें अप्रैल माह में आयोजित संपूर्ण ब्रह्म समाज के पांच वर्ष से लेकर 18 वर्ष के बच्चों के लिये विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया और सामूहिक प्रसाद बांटा गया। कार्यक्रम के संचालन में संयोजक धर्मचंद शर्मा, कमल शर्मा, सहसंयोजक ममता शर्मा, सुनील शर्मा, राहुल शर्मा, मनीष शर्मा, आकाश शर्मा, पिंकी शर्मा का सक्रिय योगदान रहा। वहीं मौके पर अशोक पुरोहित, किशनलाल शर्मा, गुलाब शर्मा, महेंद्र शर्मा, प्रदीप शर्मा, अमित सारस्वत, श्याम सुंदर गोवला, कृष्ण शर्मा, दिनेश शर्मा, दीपक शर्मा, नथमल शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## इवेंट मैनेजमेंटे के नाम पर करोड़ों फूंका गयाः प्रतुल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने प्रदेश मुख्यालय में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री की स्वीडन और स्पेन यात्रा को व्यक्तिगत पर्यटन के लिहाज से बेहद सफल लेकिन निवेश के लिहाज से पूर्णत असफल यात्रा बताया। प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री यूरोप के दो सबसे दर्शनीय देश का पर्यटन के लिहाज से सफल भ्रमण करके लौट आए हैं। प्रतुल ने कहा के मुख्यमंत्री की जो पहली तस्वीर भी आई थी वह एक बैकपैकर की भूमिका में थी जिसमें मुख्यमंत्री बैग टांगे दूतावास के अधिकारी से गुलदस्ता ले रहे थे।मुख्यमंत्री अपने कैमरे से दर्शनीय स्थलों के फोटोग्राफ खींचते भी दिखे। प्रतुल ने कहा कि राज्य सरकार ने 11 सदस्यीय दल के लिए लगभग 4.30 करोड रुपए की स्वीकृति दे कर राशि एक निजी इवेंट मैनेजमेंट कंपनी को दे दी है।जबकि रांची के प्रतिष्ठित टूरिस्ट ऑपरेटर रांची से स्वीडन और स्पेन की यात्रा का खर्च प्रति 2,75,000 व्यक्ति बता रहे हैं।अगर मुख्यमंत्री जी के लिए घूमना ही मकसद था तो इस टूर



ऑपरेटर का सहारा ले सकते थे।राज्य के पैसे की भी बचत हो जाती है। प्रतुल ने कहा कि पूरे यात्रा का इवेंट मैनेजमेंट का जिम्मा बाहर की एक कंपनी को दिया गया था।मुख्यमंत्री को स्पष्ट करना चाहिए कि इस कंपनी को इवेंट मैनेजमेंट और सारे प्रोग्राम को मैनेज करने के लिए और कितने करोड रुपए का भुगतान होगा? मुख्यमंत्री के पास अधिकारियों की एक फौज थी तो फिर एक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी को अलग से रखने का क्या औचित्य था?

प्रतुल ने कहा कि इस पूरी यात्रा में करोड़ों रुपए फूंके गए लेकिन झारखंड में निवेश का कोई लिखित समझौता की सूचना नहीं आई। मुख्यमंत्री जी के ऑफिशियल एक्स हैंडल ने जो तस्वीर जारी की उसमें निवेश की संभावनाओं और निवेशकों को आमंत्रण देने से संबंधी सूचना थी। कोई लिखित एग्रीमेंट की सूचना नहीं हुई।यानी मुख्यमंत्री जी अपने पूरी यात्रा का खर्च के बराबर का भी निवेश लेकर नहीं लौटे।

## दो मोटरसाइकिल चोर गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** नामकुम थाना क्षेत्र अन्तर्गत सुरेश्वर धाम के पास वाहन चेकिंग किया जा रहा था कि दो व्यक्तियों को संदिग्ध प्रतीत होने पर पकड़ा गया। जिनका नाम-पता पूछने पर इरसाद आलम, -मौलाना आजद कॉलोनी गली नं0-11, थाना-नामकुम एवं साहेब उर्फ साहब असारी गढ़ाटोली मरियम कॉलोनी, थाना-सदर, जिला राँची बताया। अग्रतर पूछ-ताछ करने पर बताया कि सिंह फार्मेसी लोवाडीह के पास होण्डा मोटरसाईकिल की चोरी किया था एवं उसी होण्डा मोटरसाईकिल फर्जी ननंबर लगा कर दूसरी घटना को अंजाम देने के लिए सुरेश्वर धाम की ओर जा रहे थे। इसी बीच सुरेश्वर धाम जाने वाले रास्ते में नामकुम थाना पुलिस के द्वारा नामकुम थाना कांड सं0-136/25 यूएस-303(2)बीएनएस2023 में चोरी किये गये मोटरसाईकिल के साथ सरना स्थल के पास पकड लिया गया। इसके पूर्व में भी मैं कई काण्डों में जेल जा चुका है।



## ग्रामीणों, जन प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और कर्मियों ने श्रमदान कर बनाए बोरी बांध



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देशानुसार रनिया प्रखंड अंतर्गत बनई गांव में जल संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु श्रमदान कार्यक्रम आयोजित कर बोरी बांध निर्माण किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों के साथ-साथ स्वयं प्रखंड प्रमुख, मुखिया समेत प्रखंड विकास पदाधिकारी, जल छाजन पदाधिकारी, उप परियोजना निदेशक (आत्मा) समेत प्रखंड कार्यालय रनिया के कर्मियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। सामूहिक प्रयास से बोरी बांध का निर्माण सफलतापूर्वक किया गया, जो आने वाले समय में वर्षा जल के संचयन और कृषि कार्यों में सहायक सिद्ध होंगे। बोरी बांध निर्माण के लिए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई। इस पहल से स्थानीय लोगों में जल संरक्षण को लेकर जागरूकता बढ़ेगी। यह पहल जल संरक्षण के क्षेत्र में जनभागीदारी और प्रशासनिक समन्वय का एक सशक्त उदाहरण है, जो आने वाले दिनों में अन्य गांवों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। साथ ही सामूहिक प्रयास से अन्य गांव में भी आवश्यकता अनुसार बोरी बांध का निर्माण किया जाएगा।

## पिपरवार पुलिस ने फरार अभियुक्त के खिलाफ चलाया अभियान, साटा गया इश्तिहार



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरवार पुलिस ने फरार अभियुक्त के खिलाफ विशेष अभियान चलाया।पुलिस द्वारा अभियुक्त के घर जाकर इश्तिहार साटकर उन्हे आत्म समर्पन करने की चेतावनी दी है।मिली जानकारी के अनुसार पिपरवार पुलिस ने पिछले आठ वर्षों से फरार चल रहे पिपरवार थाना कांड संख्या 60/22 एवं 66/22 में 17 सीएलए एक्ट के फरार अभियुक्त उग्रवादी रामेश्वर महतो उर्फ पहाड़ी जी ग्राम डमारू थाना केरेडारी जिला हजारीबाग के विरुद्ध विधिवत इश्तेहार का तमिला किया गया।पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने उनके डमारू स्थित घर पहुंचकर आरोपी के घर में इश्तिहार साटकर आत्म समर्पन की चेतावनी दी है।इस संबंध में पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपी कई वर्षों से फरार चल रहा है और माननीय न्यायालय चतरा के द्वारा वारंट जारी किया गया है।न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए आरोपी के घर पर इश्तिहार साटा गया है।उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी अभियुक्त के विरुद्ध माननीय न्यायालय चतरा के द्वारा आदेश जारी किया गया था,उस वक्त भी इश्तिहार साटा गया था।उन्होंने कहा कि यदि जल्द अभियुक्त आत्म समर्पण नहीं करता है तो न्यायालय के आदेश के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।साथ ही उन्होंने कहा कि फरार अभियुक्त के खिलाफ पिपरवार पुलिस के द्वारा आगे भी इस तरह का अभियान जारी रहेगा।इस छापेमारी अभियान में पिपरवार थाना के अवर निरीक्षक अभिमन्यु कुमार, अंजनी कुमार सिंह सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## सरला बिरला स्कूल में ए.आई. हेल्थ मशीन का उद्घाटन



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में एक विशेष मशीन का उद्घाटन किया गया, जिसे 'ए.आई. पावर्ड हेल्थ स्क्रीनिंग कीओस्क' कहा जाता है। इस मशीन का नाम 'प्रोफिलैक्सिस' है। यह मशीन छात्रों के स्वास्थ्य की जाँच के लिए विकसित की गई है और इसके माध्यम से ब्लड प्रेशर, सुगर लेवल तथा श्वसन प्रणाली की जाँच जैसे कई महत्वपूर्ण परीक्षण किए जा सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य यह है कि किसी भी बीमारी की समय रहते पहचान की जा सके, जिससे छात्रों का स्वास्थ्य बेहतर बना रहे और उनका समग्र विकास हो सके, जो कि छन्द् 2020 का अभिन्न अंग है। यह मशीन छात्रों से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं जैसे एलर्जी, बुखार, खाँसी-जुकाम, दृष्टिदोष आदि की जानकारी एकत्र कर उसे सुरक्षित रूप से संचित रखती है। इसके माध्यम से प्रत्येक छात्र का संपूर्ण चिकित्सकीय रिकॉर्ड विद्यालय के पास उपलब्ध रहेगा।

## परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई गई



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज दिनांक 30/ 4/ 2025 को टाटिसिलवे गायत्री मंदिर के प्रांगण में प्रज्ञा समिति के द्वारा मदन मोहन मिश्रा की अध्यक्षता में परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई गई।जिसमें उपस्थित वक्ताओं ने भगवान परशुराम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके कार्यों को आत्मसात् करने की बात कही।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री अशोक मिश्र, तारकेश्वर त्रिपाठी, राजनाथ पाण्डेय, सतीश नाथ पाण्डेय, परमात्मा दुबे, विश्वनाथ तिवारी,नीरज दुबे, राजेश मिश्रा, दिलीप मिश्रा, वरुण मिश्रा, अरुण तिवारी, वरुण तिवारी, रविशंकर दुबे, अजय मिश्रा, अक्षय मिश्रा, मुन्ना पांडेय समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## पिपरवार क्षेत्र के नए स्टॉफ ऑफिसर सिविल कुंदन कुमार ने दिया योगदान



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के नए स्टॉफ ऑफिसर सिविल के रूप में कुंदन कुमार ने अपना योगदान दे दिया है।योगदान देने के साथ ही सिविल विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारी ने फूलों का गुलदस्ता देकर उनका जोरदार स्वागत किया।मिली जानकारी के अनुसार स्टॉफ ऑफिसर सिविल कुंदन कुमार इससे पूर्व बीसीसीएल मे पदस्थापित थे।जहां से उनका तबादला सीसीएल में किया गया था,जिसके बाद सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस के द्वारा उन्हें पिपरवार क्षेत्र का नया स्टॉफ ऑफिसर सिविल बनाया गया है।नये स्टॉफ ऑफिसर सिविल कुंदन कुमार ने बुधवार को पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय के सिविल विभाग में योगदान देने के साथ ही उन्होंने सिविल विभाग के विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की।इस बैठक में कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया एवं सभी का परिचय प्राप्त किया गया।इस संबंध मे नये स्टॉफ ऑफिसर सिविल कुंदन कुमार ने कहा कि पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ सिविल विभाग के कार्यों को आगे बढ़ाना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने सिविल विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों से टीम भावना के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया। विकास कार्यों को धरातल पर लाने के लिए सभी से सहयोग की अपील की।इस मौके पर प्रोजेक्ट इंजीनियर सिविल आभास त्रिपाठी, सिविल इंजीनियर नागेंद्र कुमार राम,सुमांतो कुमार सहित सिविल विभाग के कई अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# आवासीय कालोनी में निजी कंपनी के आफिस से परेशानी, हटाने की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ (इंटक) के एनके एरिया सचिव अब्दुल्ला अंसारी ने एनके एरिया के डकरा बी टाइप कालोनी स्थित निजी कंपनी मधुकान का आफिस हटाने की मांग की है. उन्होंने इससे संबंधित एक पत्र उनके एरिया महाप्रबंधक को दिया है. अब्दुल्ला अंसारी ने बताया है कि डकरा बी टाइप कालोनी सीसीएलकर्मियों की आवासीय कालोनी है.कालोनी के बीच में ही मधुकान प्रोजेक्ट लिमिटेड का कार्यालय स्थापित कर दिया गया है. इससे आसपास रहने वाले कालोनीवासियों को परेशानी हो रही है. दिन-रात मधुकान के कर्मियों का आना जाना लगा रहता है. जिससे कालोनी में रहने वाली महिलाएं असुरक्षित महसूस करती हैं. महिलाएं कालोनी में सामान्य रूप से घूमना फिरना भी बंद कर दी है. कई बार निजी कंपनी के कर्मी नशे में धुत हंगामा भी करते हैं. ऐसी परिस्थिति से कालोनी के लोग असहज और असुरक्षित महसूस करते हैं. ऐसी गतिविधियों से न केवल कालोनी का अनुशासन और शांति भंग होता है बल्कि सीसीएल की गरिमा को भी ठेस पहुंचती है. अब्दुल्ला ने कहा है कि कामगारों की कालोनी में ठेका कंपनी को आफिस की अनुमति देना सीसीएल के नीति के भी विरूद्ध है. सीसीएल प्रबंधन को अपने कर्मचारियों व उनके परिवारों को सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण का आवास प्रदान करना है न कि कालोनी के बीच निजी कंपनी का कार्यालय खोलना जिससे कालोनीवासियों को कठिनाई का सामना करना पड़े. कालोनी का माहौल ऐसा हो गया है कि कभी भी सीसीएल कर्मचारी परिवारों के साथ कभी भी बड़ी घटना हो सकती है. उन्होंने एनके एरिया महाप्रबंधक से सीसीएल आवासीय कालोनी से मधुकान प्रोजेक्ट लिमिटेड कंपनी का आफिस हटाने की मांग की है. आफिस नहीं हटाए जाने की स्थिति में आंदोलन की भी चेतावनी दी है.

## पिपरवार महाप्रबधंक कार्यालय मे विदाई सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबधंक कार्यालय मे बुधवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस समारोह की अध्यक्षता पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबधंक संजीव कुमार और संचालन कार्मिक प्रबधंक ज्योति कुशवाहा ने किया।इस विदाई समारोह मे पिपरवार एरिया के विभिन्न परियोजना से सेवानिवृत हुए एक महिला कर्मचारी सहित कुल सात कर्मियो को विदाई दी गई।कार्यक्रम मे सेवानिवृत हुए सभी कर्मियो को शॉल, श्रीफल,बुके,सेवा प्रमाण पत्र एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित करते हुए विदाई दी गई।सेवानिवृत होने वाले कर्मियो मे पिपरवार परियोजना के पंप ऑपरेटर सैबुन खातुन,फौरमैन मैकेनिकल रामु महतो,पम्प ऑपरेटर रामनन्दन सिंह, इनीपट ऑपरेटर नन्ददेव राम,अशोक परियोजना के माइनिंग सरदार केशव प्रसाद यादव,डोजर ऑपरेटर जगजीवन राम और केबल मैन जग्गू प्रजापति का नाम शामिल है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पिपरवार जीएम संजीव कुमार ने कहा कि रिटायर हुए कर्मियो का कम्पनी के प्रति योगदान को कभी भी भुलाया नही जा सकता है।पुराने व अनुभव मेहनतकश मजदुरो के रिटायर होने से कम्पनी को क्षति हो रही है।नये कर्मियो को पुराने कर्मियो से सीख लेने की जरूरत है।उन्होंने कहा कि सेवानिवृत सभी कर्मचारी बेहतर स्वास्थ्य के साथ रिटायर हुए है जो गर्व की बात है।कार्यक्रम मे उपस्थित अधिकारियो व कर्मचारियो ने सेवानिवृत हुए कर्मियो के उज्जवल एंव सुखमय जीवन की कामना की।इस मौके पर स्टॉफ ऑफिसर ईएंडएम पीके सिंह,स्टॉफ ऑफिसर एक्सावेशन कुमार रामभवन, कार्मिक प्रबधंक रवि बाड़ा, शिशिर गर्ग,अरूण कुमार महतो,ज्योति कुशवाहा, श्रमिक प्रतिनिधि रविन्द्रनाथ सिंह,इस्लाम अंसारी, अरविन्द शर्मा,बिजेन्द्र सिंह, कृष्ण मुरारी पाठक,अरूण कुमार सिंह,इब्राहीम अंसारी, संतोष कुमार सहित कई अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## आजसु पार्टी सुप्रिमो सुदेश महतो ने किया कोयलांचल क्षेत्र का दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** आजसु पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो और बड़कागांव के भाजपा विधायक रौशनलाल चौधरी ने पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र का दौरा किया।इस दौरान स्थानीय भाजपा एवं आजसु के कार्यकर्ताओं ने दोनों का जोरदार तरीके से स्वागत किया।जानकारी के अनुसार कोयलांचल क्षेत्र के राय पंचायत के राय बस्ती मे आयोजित आजसु पार्टी के रांची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष नागेश्वर महतो की पुत्री के शादी समारोह मे सुदेश कुमार महतो और रोशनलाल चौधरी शामिल हो गया।इस दौरान नागेश्वर महतो के द्वारा दोनों का बुके देकर स्वागत किया गया।इस दौरान सुदेश कुमार महतो और रोशनलाल चौधरी ने दोनो वर-वधु को वैवाहिक जीवन के लिए शुभकामना दी।इस मौके पर नागेश्वर महतो,अर्जुन महतो, नरेश महतो,राजा खान, द्वारिका प्रसाद महतो,बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी,सांसद प्रतिनिधि रविंद्र कुमार सिंह,सुरैश महतो,इस्लाम अंसारी,गणेश महतो,उमेश मेहता,कोलेश्वर महतो,अशोक महतो,राजेश महतो,इम्तियाज अंसारी, गणेश कुमार महतो,दीपक महतो,धर्मनाथ महतो,उगन महतो,आमिर अंसारी,राकेश कुमार सिंह सहित काफी संख्या मे लोग मौजुद थे।

## सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र सिंह ने चतरा उपायुक्त से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** हजारीबाग लोकसभा से चतरा जिला सांसद प्रतिनिधी सह बचरा व्यवसायिक संघ के सचिव रविन्द्र कुमार सिंह ने बुधवार को चतरा उपायुक्त रमेश घोलप से मुलाकात किया।इस दौरान उन्होंने उपायुक्त से बचरा में आधार केन्द्र खोलने का आग्रह किया। उन्होंने उपायुक्त से कहा कि पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत,बचरा उत्तरी एवं किचटो पंचायत में आधार सुधार केन्द्र नहीं होने के कारण पच्चीस हजार से भी ज्यादा का आबादी को राँची टंडवा या खलारी जाकर आधार सुधरवाना पड़ता है,जिससे काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।सबसे ज्यादा परेशानी स्कुली बच्चो के अभिभावको को हो रही है।इसके अलावा बचरा उच्च विद्यालय में नए भवन को चालु करने,डीएमएफटी फंड से चल रहे विकास योजनाओं पर चर्चा करते हुए अन्य समस्याओं से भी उपायुक्त को अवगत कराया।वही समस्या सुनने के बाद उपायुक्त रमेश घोलाप ने समस्याओ का जल्द समाधान करने का भरोसा दिया।

## बच्चों को अपना समय दें अभिभावक, नहीं होगा भटकाव



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उर्सुलाइन कान्वेंट स्कूल खलारी में कक्षा सात और आठ के विद्यार्थियों के माता-पिता एवं अभिभावकों के लिए पैरेंट्स टीचर्स मीटिंग का आयोजन किया गया. सर्वप्रथम प्राचार्या डा सिस्टर निर्मला सैमुअल, उप-प्राचार्या सिस्टर नेली तथा अभिभावकों द्वारा दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई. शिक्षक शशि कुमार ने एनईपी 2020 तथा शिक्षिका सुबीकुमारी सिंह ने अकैडमी संबंधी जानकारी दी. इसके बाद शिक्षिका नारबर्टा टोप्पो एवं शिक्षक प्रभाकर शर्मा ने अनुशासन तथा विद्यालय के नियमों से सभी का परिचय कराया. वहीं अभिभावकों ने विभिन्न प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासा एवं शंकाओं का समाधान किया तथा विद्यालय की ओर से दिए गए जवाबों से पूर्णतः संतुष्ट हुए. अभिभावकों ने एकमत होकर विद्यालय द्वारा आयोजित पैरेंट्स टीचर्स मीट की प्रशंसा की तथा कहा कि बच्चों के विकास में हम सभी एक साथ हैं. अंत में प्राचार्य ने अपने संबोधन में सभी का धन्यवाद दिया तथा कहा कि आज के समय में बच्चों को समय देना अति आवश्यक है, क्योंकि आज के अति आधुनिक परिवेश में बच्चों को भटकते देर नहीं लगती है. अतः हम सभी का कर्तव्य है कि अपने बच्चों के लिए समुचित समय निकालें तथा उन्हें नैतिक गुण और अच्छे संस्कार सिखाएं. कार्यक्रम का संचालन कक्षा आठ की वर्ग-शिक्षिका अलका राही ने किया. इस अवसर पर कक्षा सात और आठ के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे.

## कांटाडीह गांव में धुमधाम से शिव पूजा संपन्न, दहकते अंगारों पर चले शिव भक्त



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड के कांटाडीह गांव में बुधवार को हर्षोल्लास के साथ शिव पूजा संपन्न हो गया। इसको लेकर गांव के शिव मंदिर परिसर में मंगलवार को मेले का आयोजन किया गया। जहां लोग रात भर छौऊ नृत्य तथा मेले का आनंद लिया। वहीं बुधवार सुबह फूलखुंदी ( दहकते अंगारों में चलना) का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष व्रती भोगता ने सुबह मंदिर के निकट तालाब में स्नान कर कतारबद्ध होकर दहकते अंगारों पर चलकर एवं शिव जी का पूजा उपरांत प्रसाद ग्रहण कर व्रत तोड़ा। उपवास की हुई महिलाएं भी इस आग पर चली। आस्था का अद्भुत प्रतीक है फूलखुंदी ज्फूलखुंदी में भोगता नंगे पांव आग पर चलते हैं। सभी भोगता पाट भोगता के नेतृत्व में मंदिर के निकट नदी तालाब से स्नान कर इस आग की पूजा अर्चना कर अंगारे में चल कर व्रत पूर्ण करते हैं।भोगता कठोर नियम एवं अनुशासन से रखते हैं।इस पूजा में 5 दिनों तक भोगताओं को कड़े अनुशासन में रहना पड़ता है। 5 दिन पहले ही पारंपरिक पाट भोगता यानी मुख्य भोगता सभी भोगताओं का नेतृत्व करता है। पाट भोगता दिन भर फलाहार में रहकर रात्रि में हबिस (खीर) ग्रहण करता है। भोगतओं के परिजन भी घर में शाकाहारी भोजन ग्रहण करते हैं। अन्य भोगता फुलखुंदी के 3 दिन पूर्व से पाटभोगता की तरह नियम का अनुपालन करते हैं। सुबह- शाम स्नान, ध्यान, पूजा अर्चना करते हैं। वहीं सभी ब्रती फुलखुंदी के 24 घंटे पूर्व से निर्जला उपवास रहते हैं।

## माउंट कार्मेल स्कूल का रहा रिजल्ट शत प्रतिशत

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को आईसीएसई बोर्ड 10ह्ध का रिजल्ट प्रकाशित हुआ। इस वर्ष भी शत प्रतिशत बच्चों ने सफलता प्राप्त की। इस वर्ष 177 बच्चों ने परीक्षा में भाग लिया जिसमें 15 बच्चे 90त्न से अधिक अंक प्राप्त किया। 32 बच्चों ने 80त्न से अधिक अंकों के साथ परीक्षा में उत्तीर्ण रहे ।अभिनव कुमार 99.4त्न अंकों के साथ स्कूल टॉपर बने। 99त्न अंकों के साथ मारिया नया फातिमा दूसरे स्थान पर रही। शिवम कुमार सिंह 96.2 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। विद्यालय के डायरेक्टर फादर दीपक ने सभी शिक्षकों एवं बच्चों को बधाई दी और उन्हें आने वाले वर्षों में और बेहतर करने की प्रेरणा दी। सिस्टर ब्रिजिट विद्यालय की प्राचार्या ने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सिस्टर ब्रिजिट ने बताया बताया कि माउंट कार्मल विद्यालय का 10+2 का रिजल्ट भी अच्छा रहेगा इसके लिए विद्यालय कड़ी मेहनत कर रहा है। पिछले वर्ष 98.8त्न रिजल्ट के बाद 99.4त्न रिजल्ट के लिए विद्यालय प्रशासन शिक्षक और बच्चे काफी हर्ष महसूस कर रहे थे।

## सीबीएसई का क्षेत्रीय कार्यालय रांची में खोलने की स्वीकृति पर संजय सेठ को बधाई

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री सह स्थानीय सांसद संजय सेठ के प्रयास से सीबीएसई का क्षेत्रीय कार्यालय रांची में खोलने की स्वीकृति प्रदान की गई है. उक्त जानकारी देते हुए रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य सह पूर्व भाजपा खलारी मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा ने बताया कि रांची के पिस्का मोड़ में सीबीएसई का क्षेत्रीय कार्यालय खोलना तय हुआ है. झारखंड राज्य गठन के बाद भी सीबीएसई का क्षेत्रीय पटना (बिहार) में है. खलारी के भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ के प्रति आभार प्रकट किया है.कहा कि झारखंड में सीबीएसई बोर्ड का क्षेत्रीय कार्यालय खोला जाना मील का पत्थर साबित होगा. यहां के विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा सीबीएसई बोर्ड से संबंधित विधालय प्रबंधकों को अपने कार्य करने में सहजता होगी. शिक्षा के क्षेत्र में झारखंड का पिछड़ापन भी दूर होगा. खालारी की जनता, शिक्षा क्षेत्र से जुड़े संस्थानों के प्रबंधक, संचालक, राजनीतिक दलों के नेता और कार्यकर्ता तथा अभिभावकों ने खुशी का इजहार किया साथ ही संजय सेठ के प्रति आभार व्यक्त किया. आभार व्यक्त करने वाले में शैलेंद्र शर्मा, अनिल गंझू अध्यक्ष भाजपा खलारी मंडल, कार्तिक पाण्डेय, अरविंद सिंह, फुलेश्वर महतो, शशिभूषण सिंह, विकास सिंह, भरत रजक, आनंद झा, अश्विनी दराद, धीरेन्द्र प्रसाद, शोखी महतो, शत्रुंजय सिंह, शशिप्रसाद साहू, किरण देवी, नेपाल सिंह, दीनानाथ सिंह, दिनेश्वर सोनी, नागदेव सिंह, प्रदीपकुमार ठाकुर, चतुर्गुण भुईयां, श्यामसुन्दर सिंह, राजीव चटर्जी, कृष्णा चौहान, आनंदकुमार सिंह, विकास दुबे, रमेश विश्वकर्मा, राजू गुप्ता, रामसूरत यादव, रितेश केशरी, गणेश महतो, कमलेश महतो, रामेश्वर महतो, रूपलाल महतो, दिलीप पासवान, भरत प्रजापति, मिथिलेश प्रजापति, रविभूषण, रतन लाल, प्रदीपकुमार सिंह, दिनेश गुप्ता, जितेंद्र भारतीय, सुबोध रजक, जितेंद्र पांडेय, शिवकुमार चौधरी, शशिकांत सिंह, विनोद विश्वकर्मा, अमरभूषण सिंह, ममता केशरी, अंशु सिंह, सरिता सिंह, नीरा देवी, दीपशिखा पांडेय, जयंती शर्मा, लालेश्वर यादव, जफरुद्दीन अंसारी, प्रदीप प्रमाणिक, कुलदीप लोहारा, दिलीप गंझू आदि कार्यकर्ता शामिल हैं.

## झूलन के साथ मंडा पूजा समापन

**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंडा पूजा समिति इटकी के नेतृत्व में इटकी में एक सप्ताह से जारी मंडा पूजन उस्ताव झूलन अनुष्ठान के बाद बुधवार को संपन्न हुआ. मौके पर मंडा मेला भी लगा. झूलन अनुष्ठान के दौरान पूजा के उपासकों को आकर्षक ढंग से सजाया भी गया था. उपासकों को डंडा के सहारे करीब 20 फीट की ऊंचाई पर झुलाया गया. झूलने के क्रम में उपासकों द्वारा पुष्प वर्षा भी की गई. श्रद्धालुओं में भी प्रसाद के रूप में पुष्प को ग्रहण करने की होड़ मची रही. महिलाओं ने आंचल फैलाकर इन पुष्पों को ग्रहण किया. इससे पूर्व मंगलवार की रात पूजा के मुख्य अनुष्ठान फुलखुन्दी सहित लोटन सेवा व धुआंसी अनुष्ठान किये गये. मौके पर अध्यक्ष मनोज लोहरा, कोषाध्यक्ष अर्पण कुमार, अमित महतो, विक्की सहित दर्जनों लोग मौजूद थे.

## सेवानिवृत्त जन सेवक लेटेंगा उरांव को नम आंखों से दी गई विदाई

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय बेड़ो में बुधवार को एक भावभीन विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जन सेवक लेटेंगा उरांव को उनकी सेवानिवृत्ति पर नम आंखों से विदाई दी गई। इस अवसर पर प्रखंड कर्मियों, अधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उनकी सेवाओं को याद करते हुए भावपूर्ण शब्दों में श्रद्धांजलि स्वरूप शुभकामनाएं दीं। समारोह की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) राहुल उरांव ने की। उन्होंने कहा कि लेटेंगा उरांव सहज, शालीन और कर्मठ अधिकारी रहे हैं। 卐उन्होंने हमेशा समय का पालन करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। उनके कार्यों की बदौलत प्रखंड कार्यालय को हमेशा एक अनुशासित वातावरण मिला,卐 बीडीओ ने कहा। उन्होंने आगे कहा कि उनके जीवन की दूसरी पारी सुखमय और स्वास्थ्यवर्धक हो, यही प्रखंड परिवार की ओर से शुभकामना है। प्रधान सहायक फारूक नदीम ने कहा, 卐लेटेंगा उरांव एक ईमानदार और समर्पित जनसेवक रहे। यह मेरे कार्यकाल का पहला अवसर है जब किसी कर्मचारी की सेवानिवृत्ति के दिन ही पेंशन, जीपीएफ सहित सभी कागजी प्रक्रियाएं शत-प्रतिशत पूर्ण हो पाई हैं। इस अवसर पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, राजेश नायक, सौरभ महली, परमानंद साहू, करमू कंदीर सहित अन्य कर्मियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए लेटेंगा उरांव की सेवा भाव, कर्तव्यनिष्ठा एवं सौम्य व्यक्तित्व की सराहना की। समारोह में मुखिया लक्ष्मी कोया, प्रखंड नाजिर कुमार रितेश, संजीव कुमार दुबे, जय किशोर, सुनील कुमार, पूजा तिग्गा समेत अनेक प्रखंड कर्मी उपस्थित रहे। पूरे समारोह में एक आत्मीय और भावुक वातावरण बना रहा।

## अड़की प्रखंड के विभिन्न कल्याणकारी संस्थानों का किया गया औचक निरीक्षण



**खूँटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** परियोजना निदेशक, आईटीडीए, खूँटी आलोक शिकारी कच्छप द्वारा अड़की प्रखंड अंतर्गत विभिन्न कल्याणकारी संस्थानों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने कल्याण विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, हूँठ, अड़की तथा सिटीजन फाउंडेशन ग्रामीण कल्याण अस्पताल, अड़की का स्थल भ्रमण किया। निरीक्षण के क्रम में विद्यालय की व्यवस्था का जायजा लेते हुए कच्छप ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया कि सभी छात्रों को निर्धारित मेन्यु के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए। साथ ही, उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी शिक्षक समय पर विद्यालय में उपस्थित होकर अध्यापन कार्य करें एवं शिक्षण की गुणवत्ता बनाए रखें। इसके अतिरिक्त, ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने सिटीजन फाउंडेशन ग्रामीण कल्याण अस्पताल के संचालक को रोस्टर के अनुसार डॉक्टरों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा मरीजों को बेहतर इलाज प्रदान करने के निर्देश दिए। अस्पताल में आवश्यक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु उन्होंने अस्पताल संचालक को आवश्यक उपकरणों की सूची तैयार कर प्रस्ताव आई0टी0डी0ए0 कार्यालय खूँटी को भेजने का निर्देश दिया।

## टैरिफ युद्ध से भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव विषय पर करीम सिटी कॉलेज में संगोष्ठी



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता)** । करीम सिटी कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग की ओर से टैरिफ युद्ध से भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव विषय पर विभागीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. एजाज अहमद ने की। डॉ. अहमद ने कहा कि अमेरिका टैरिफ युद्ध के माध्यम से वैश्विक बाजार में अपना आर्थिक वर्चस्व बनाए रखना चाहता है और चीन जैसे उभरते देशों को नियंत्रित करने का प्रयास कर रहा है। संगोष्ठी में मुस्कान कुमारी, सना नाज, वर्षा चौधरी, बेबी महतो, सुबोध कुमार, कुणाल नाग, शिव हंसदा, पीयूष कुमार और अनूप कुमार ने अपने विचार शोधपत्रों के माध्यम से रखे। डॉ. इफ्तिखार नबी ने समीक्षा वक्तव्य में कहा कि टैरिफ युद्ध के दुष्परिणामों का असर भारत पर भी पड़ रहा है, जिससे निर्यात, निवेश और रोजगार पर खतरा मंडरा रहा है। अंत में डॉ. फखरुद्दीन अहमद ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## मारवाड़ी युवा मंच ने किया ठंडा गुलकोज का निःशुल्क वितरण



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता)** । मारवाड़ी युवा मंच, स्टील सिटी शाखा द्वारा मांनगो गोलचक्कर बस स्टैंड के समीप सामाजिक जनसेवा कार्य के अंतर्गत लगभग 280 लोगों के बीच ठंडा गुलकोज का निःशुल्क वितरण किया गया। साथ ही मंच के सदस्य सोनू अग्रवाल (जुगसलाई) द्वारा ब्लड बैंक धतकीडीह के अनुरोध पर सिंगल डोनर प्लेटलेट (एसडीपी) डोनेट कर एक जरूरतमंद मरीज को उपलब्ध कराया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कौशिक चौधरी, विशाल अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, पंकज मुनका, अनिमेष छपोलिया, अनंत अग्रवाल, दीपक पटवारी, ऋषभ चेतनी आदि का योगदान रहा।

## आशीर्वाद भवन बाराद्वारी में की गयी फल सेवा प्रदान




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता)** । बुधवार को अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर मारवाड़ी सम्मेलन भालूबासा शाखा द्वारा अपने सामाजिक कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए बाराद्वारी स्थित आशीर्वाद भवन में रहने वाले सभी बुजुर्गों के बीच जूस एवं फलों की सेवा प्रदान की गयी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से शाखा अध्यक्ष पंकज छावछरिया, सचिव मालीराम अग्रवाल, जगदीश मुनका, विकास अग्रवाल, रतन अग्रवाल, महिला सदस्या पिंकी छावछरिया, सरोज अग्रवाल एवं रानी अग्रवाल का योगदान रहा।

## नरभेराम स्कूल में ग्रीन डे पर हरियाली का जश्न



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता)** । नरभेराम हंसराज इंग्लिश स्कूल में 30 अप्रैल को प्री-प्राइमरी वर्ग के बच्चों ने ग्रीन डे धूमधाम से मनाया। हरियाली से सजे परिसर में बच्चे हरे रंग के परिधानों में पहुंचे। कार्यक्रम में नृत्य, कठपुतली शो, पाम पेंटिंग और पर्यावरण से जुड़ी कविताओं ने बच्चों का मन मोह लिया। खास आकर्षण रहा फैशन शो, जिसमें नन्हे-मुन्ने पेड़, पौधे, फल और सब्ज़ियों की वेशभूषा में रैंप पर उतरे। कार्यवाहक उप-प्राचार्या हरविंदर कौर ने कहा, बचपन से पर्यावरण के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी जगाना जरूरी है। ग्रीन डे इसी दिशा में एक प्रयास है। अंत में बच्चों ने ग्रीन शपथ ली – हम पेड़ लगाएँगे, पानी बचाएँगे और धरती को हरा-भरा बनाएँगे।

## उपायुक्त ने की विधि मामलों की समीक्षा, लंबित वादों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता)** । जिला समाहरणालय के कार्यालय कक्ष में बुधवार को उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में विधि से संबंधित एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय, सिविल कोर्ट और अन्य न्यायालयों में लंबित वादों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, सरकारी अधिवक्ता, सहायक लोक अभियोजक, विधि शाखा के प्रभारी समेत संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। समीक्षा के दौरान क्रिमिनल, पोस्को, एससी-एसटी, सिविल और अवमानना मामलों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। लोक अभियोजक द्वारा एक अपील दायर करने का प्रस्ताव बैठक में प्रस्तुत किया गया, जिसे अनुमोदित करते हुए उच्च न्यायालय में दायर करने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि वे अपील योग्य मामलों की अद्यतन जानकारी समयबद्ध ढंग से उपलब्ध कराएं ताकि कार्रवाई में कोई विलंब न हो। उन्होंने कहा कि न्यायालयों में लंबित मामलों का त्वरित एवं न्यायपूर्ण समाधान सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है।

# लिटिल फ्लावर स्कूल की अनुश्या सिंह ने आईएससी साइंस में जमशेदपुर टॉप किया



अनुश्या सिंह, लिटिल फ्लावर स्कूल आईएससी साइंस जमशेदपुर टॉपर



वेदांत सारस्वत, नरभेराम हंसराज इंग्लिश स्कूल



बर्तिका कुमार, नरभेराम हंसराज इंग्लिश स्कूल



रजत शेखर, नरभेराम हंसराज इंग्लिश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** लिटिल फ्लावर स्कूल (एलएफएस) के विद्यार्थियों ने एक बार फिर से आईसीएसई और आईएससी परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इन परीक्षाओं के परिणाम 30 अप्रैल को घोषित किए गए। आईएससी साइंस स्ट्रीम में अनुश्या सिंह ने 99.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जमशेदपुर टॉप किया। उनके बाद देबाश्रित साहू (99.25 प्रतिशत) और नरभेराम हंसराज इंग्लिश स्कूल के वेदांत सारस्वत ( 99 प्रतिशत) ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। उसके बाद नरभेराम हंसराज इंग्लिश स्कूल की बर्तिका कुमार (98.75 प्रतिशत), लिटिल फ्लावर के शौर्य मिश्रा (98.75 प्रतिशत), नरभेराम हंसराज इंग्लिश रजत शेखर (98.50 प्रतिशत), लिटिल फ्लावर इंग्लिश स्कूल के जे आयुष (97.75 प्रतिशत) और हरजस सेहरा (97.5 प्रतिशत) भी टॉप टेन में शामिल रहे। आईएससी कॉमर्स स्ट्रीम में परुणा अग्रवाल ने 94.75 प्रतिशत अंकों के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। उनके बाद अनुष्का शाह (91.25 प्रतिशत) और श्रीनिका बसु (88.5 प्रतिशत) ने स्थान बनाया। आईसीएसई 2024-25 बैच के विद्यार्थियों ने भी स्कूल का नाम रोशन किया। सयानवो चंदा ने 98.6 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया, जबकि तरुणा सुधर्शन (98 प्रतिशत), सयंतन चौधरी (97.8 प्रतिशत), सुप्रियो डे (97.4 प्रतिशत) और अद्वैत आशीष कुलकर्णी (97.2 प्रतिशत) ने शीर्ष पांच में स्थान पाया।

## अवैध तस्करी पर रोक को लेकर भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर** । प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास योजना एवं निजी मकान निर्माण हेतु सस्ते दर पर बालू उपलब्ध कराने और अवैध बालू तस्करी पर रोक लगाने की मांग को लेकर भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को उपायुक्त अनन्य मित्तल से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी, महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा और ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंडीचरण साव शामिल थे। नेताओं ने कहा कि जिले में बालू की अनुपलब्धता से गरीबों के लिए केंद्र सरकार की योजनाएं ठप पड़ी हैं। गांव के लोग अगर खुद नदी से बालू लाएं तो उन पर कार्रवाई होती है, जबकि रात में हाईवा-डंपरों से बड़े पैमाने पर बालू की तस्करी हो रही है और प्रशासन चुप्पी साधे है। डॉ. गोस्वामी ने कहा कि झामुमो नेताओं के संरक्षण में बालू का अवैध कारोबार फल-फूल रहा है। बहरागोड़ा में एक नेता पर दो बार खनन विभाग ने मुकदमा दर्ज किया, लेकिन पुलिस कार्रवाई नहीं हुई। इसके साथ ही भाजपा नेताओं ने चाकुलिया के माटियाबांधी पंचायत से फर्जी जन्म प्रमाणपत्र बनवाने वाले 106 लोगों पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि इनमें बांग्लादेशी घुसपैठियों की आशंका है। प्रतिनिधिमंडल में संजीव सिन्हा, पप्पु सिंह, लखन मार्डी, राजीव महापात्र समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## डीसी और एसपी ने सरायकेला-खरसावां जिले के 24वें स्थापना दिवस पर महापुरुषों को नमन किया





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** सरायकेला-खरसावां जिले ने अपना 24वां स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर उपायुक्त (डीसी) श्री रविशंकर शुक्ला और पुलिस अधीक्षक (एसपी) श्री मुकेश कुमार लुनायत ने जिले के प्रमुख स्थलों, बिरसा चौक और समाहरणालय परिसर में स्थित भगवान बिरसा मुंडा एवं सिद्धू-कानू के प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उपायुक्त श्री शुक्ला ने जिलेवासियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन हमें सरायकेला-खरसावां की स्थापना के उद्देश्यों और उद्देश्यों को याद करने का अवसर देता है। उन्होंने प्रशासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की। एसपी श्री लुनायत ने जिले के समग्र विकास और नागरिकों से हर क्षेत्र में उत्कृष्टता की उम्मीद जताई। इस दौरान विभिन्न अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

## जमशेदपुर में जद (यू) प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो का भव्य स्वागत, आज सम्मान समारोह में होंगे शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर** । जनता दल (यू) झारखंड प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद खीरू महतो बुधवार शाम जमशेदपुर पहुंचे। उनके स्वागत में कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखा गया। पारडीह काली मंदिर के समीप स्वागत की शुरुआत जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव और महानगर अध्यक्ष अजय कुमार के नेतृत्व में हुई। पूजा के बाद डिमना चौक पर उलीडीह थाना समिति ने ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया, जहाँ श्री महतो ने बाबा तिलका मांझी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मानगो चौक पर मानगो थाना समिति और साकची बस स्टैंड पर सीतारामडेरा थाना समिति द्वारा उनका अभिनंदन किया गया। बाद में साकची प्रेस क्लब में आयोजित स्वागत समारोह में जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, महानगर अध्यक्ष अजय कुमार समेत दर्जनों पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। 1 मई को श्री महतो मिलानी हॉल, बिष्टुपुर में आयोजित मजदूर दिवस सह कार्यकर्ता सम्मान समारोह में शामिल होंगे।

## आरवीएस एकेडमी का आईसीएससी और आईएससी परीक्षा में रहा शत प्रतिशत परिणाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मानगो डिमना रोड स्थित आर वी एस एकेडमी ने वर्ष 2025 की आईसीएससी और आईएससी बोर्ड परीक्षाओं में 100 प्रतिशत सफलता प्राप्त कर शैक्षणिक उत्कृष्टता की परंपरा को कायम रखा है। सीआईएससीई द्वारा आज घोषित परीक्षाफल के अनुसार, विद्यालय के सभी 166 आईसीएससी एवं 103 आईएससी विद्यार्थियों ने उत्तीर्णता प्राप्त की। विद्यालय के अनुसार, आईसीएससी 10वी में 57 एवं आईएससी 12वी में 29 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। आईसीएससी टॉपर आयुष कुमार ने 98.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, वहीं आईएससी (विज्ञान) में अवंतिका गिरि ने 97.20 प्रतिशत और वाणिज्य में पियाली मंडल ने 93.75 प्रतिशत अंक अर्जित किए। विद्यालय के चेयरमैन बिन्दा सिंह, प्राचार्या वीशा मोहिन्द्रा एवं उप-प्राचार्या पूजा सुमन ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए शिक्षकों एवं अभिभावकों को भी इस उपलब्धि के लिए धन्यवाद दिया। विद्यालय में इस अवसर पर मिठाइयाँ बाँटकर सफलता का उत्सव मनाया गया।

### आईसीएसई व आईएससी 2025 में शत-प्रतिशत सफलता पर गौरव : वीशा मोहिन्द्रा



प्राचार्या वीशा मोहिन्द्रा

आर.वी.एस. एकेडमी की प्राचार्या वीशा मोहिन्द्रा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों की निष्ठा और प्रबंधन के सहयोग का परिणाम है। आर.वी.एस. एकेडमी ने फिर सिद्ध किया है कि समर्पण और सकारात्मक सोच से हर लक्ष्य संभव है। विद्यालय परिवार ने छात्रों को शुभकामनाएं दी हैं।

## डीबीएमएस की छात्रा मानवी सिंह को मिला 95 प्रतिशत अंक, बनेगी चार्टर्ड एकाउंटेंट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** काशीडीह निवासी एवं डीबीएमएस इंग्लिश स्कूल, कदमा की वाणिज्य संकाय की छात्रा मानवी सिंह ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने स्कूल और परिजनों का नाम गौरवान्वित किया है। अपनी सफलता का श्रेय मानवी ने अपने माता-पिता श्रीमती किरण सिंह एवं चन्द्र प्रताप सिंह तथा अपने शिक्षकों को दिया। उन्होंने कहा कि मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से उन्हें यह मुकाम हासिल करने में सहायता मिली।

मानवी के माता-पिता ने बताया कि उनकी बेटी शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर रही है और उसकी मेहनत रंग लाई है। उन्होंने यह भी साझा किया कि मानवी आगे चलकर चार्टर्ड एकाउंटेंसी की पढ़ाई करना चाहती है।

# एन.ई.पी. में नैतिक मूल्यों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता : डॉ. बंश गोपाल सिंह

### करीम सिटी कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर अतिथि परिचर्चा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन.ई.पी.) पर आयोजित अतिथि परिचर्चा में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. बंश गोपाल सिंह, पूर्व वाइस चांसलर, पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी ने भाग लिया। डॉ. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में नैतिक मूल्यों की प्रधानता अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर हो रहे परिवर्तनों की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि यह नीति विद्यार्थियों को न केवल अकादमिक रूप से सशक्त बनाएगी, बल्कि उनके व्यक्तित्व को भी निखारेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. मोहम्मद रियाज ने डॉ. सिंह का स्वागत किया। मंच संचालन प्रो. पंकज झा ने किया। कार्यक्रम के अंत में विभागाध्यक्ष डॉ. सुचेता भुइयां ने धन्यवाद ज्ञापन किया और डॉ. सिंह का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### अंग्रेजी विभाग का वार्षिक सेमिनार : शोध कौशल को बढ़ावा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर** । करीम सिटी कॉलेज के अंग्रेजी विभाग ने 28 से 30 अप्रैल तक अपना 15वां वार्षिक सेमिनार आयोजित किया। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों में शोध कौशल और सार्वजनिक भाषण क्षमता को बढ़ाना था। एम.ए. अंग्रेजी सेमेस्टर 3 के छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए शोधपत्रों और इंटरएक्टिव चर्चाओं ने बौद्धिक आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया। कार्यक्रम का समापन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मोहम्मद रियाज और विभागाध्यक्ष डॉ. एस.एम. याहिया इभारीम के भाषणों से हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम का सफल संचालन सौरव मंडल, स्नेहा भट्टाचार्जी, जुनैना हरी, कनक कुमारी, ययंतिका कुमार, शाइस्ता परवीन और सानिया परवीन ने किया।

# टाटा स्टील ने हासिल किया सीआईआई क्लाइमेट एक्शन प्रोग्राम 2.0 रेज़िलिएंट अवॉर्ड




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर** । टाटा स्टील ने 30 अप्रैल 2025 को मुंबई से ऊर्जा, खनन व भारी विनिर्माण श्रेणी में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के क्लाइमेट एक्शन प्रोग्राम 2.0ए रेज़िलिएंट अवॉर्ड को लगातार तीसरी बार जीता।

यह पुरस्कार सीआईआई के सस्टेनेबल डेवलपमेंट सेंटर (सीईएसडी) द्वारा विकसित क्लाइमेट मैच्योरिटी मॉडल एवं बिजनेस एक्सीलेंस फ्रेमवर्क पर आधारित है, जो संगठनों को जलवायु-सम्बंधित जोखिमों और अवसरों का विश्लेषण कर दीर्घकालिक न्यूनीकरण एवं अनुकूलन योजनाएँ बनाने में सहायता करता है।

राजीव मंगल, वाइस प्रेसिडेंट - सेफ्टी, हेल्थ एवं सस्टेनेबिलिटी, ने कहा, जलवायु परिवर्तन से सामना हमारा फ़र्ज़ ही नहीं, बल्कि बेहतर भविष्य का मार्ग भी है। लगातार तीसरी बार यह सम्मान प्राप्त कर हमें गर्व है। हमारा लक्ष्य है कि 2045 तक हमारे सभी संचालन नेट-जीरो उत्सर्जन पर पहुंचें।

इसके अतिरिक्त, वर्ष की शुरुआत में टाटा स्टील को वर्ल्डस्टील द्वारा आठवीं बार स्टील सस्टेनेबिलिटी चैंपियन (2025) से नवाज़ा गया। कंपनी विश्वस्तरीय क्लाइमेट एक्शन प्रोग्राम की संस्थापक सदस्य भी है तथा टीसीएफडी (टास्क फोर्स ऑन क्लाइमेट-रिलेटेड फाइनेंशियल डिस्क्लोज़र्स) की सिफ़ारिशों का समर्थन करने वाली उन अग्रणी भारतीय कंपनियों में शामिल रही है, जो वार्षिक रूप से सीडीपी एवं डीजेएसआई में पारदर्शिता से रिपोर्टिंग करती हैं।

## राजेन्द्र विद्यालय के श्रेष्ठ श्रीवास्तव आईएससी में 95.75 प्रतिशत अंक लाकर बना स्कूल टॉपर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर** । राजेन्द्र विद्यालय के छात्र श्रेष्ठ श्रीवास्तव ने आईएससी 2025 परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए कॉमर्स स्ट्रीम में 95.75 प्रतिशत अंक प्राप्त किए और स्कूल टॉपर बने। उनकी इस सफलता से विद्यालय, परिवार और शिक्षकगण में खुशी की लहर है। श्रेष्ठ अब चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) की पढ़ाई की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उनका यह प्रदर्शन यह सिद्ध करता है कि सही दिशा और आत्मविश्वास के साथ किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है। विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षकगण ने श्रेष्ठ को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

संपादकीय

# यह सवालों का समय नहीं

**सबसे** महत्वपूर्ण और प्रथम राष्ट्र है। प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष, सांसद, राजनीतिक दल और देश के औसत नागरिक उसके हिस्से हैं। राष्ट्र का अस्तित्व है, तो सभी का अस्तित्व है। पहलगाम नरसंहार हमारे भारत की आत्मा, अस्तित्व और संप्रभुता पर हमला था। उसे तनिक भी भुलाया नहीं जा सकता। भारत को हिंदू और मुसलमान में विभाजित कर आघात नहीं किया जा सकता। हम ऐसा आघात बर्दाश्त नहीं करेंगे, क्योंकि राष्ट्र के सवाल पर सभी समुदाय एकजुट हैं। नरसंहार के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाई गई थी। उसमें सवाल जरूर उठे होंगे, लिहाजा मोदी सरकार ने खुफिया-सुरक्षा चूक को भी स्वीकार किया। जो नेता कट्टरपंथी किस्म के दिखाई देते हैं, आज वे भी सरकार के साथ हैं और प्रधानमंत्री मोदी के किसी भी फैसले का समर्थन कर रहे हैं। वक्फ जैसा संवेदनशील मुद्दा नेपथ्य में डाल दिया गया है। फिलहाल आतंकवाद पर आंख गड़ी है और उसे सबक सिखाना है। प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' के जरिए नरसंहार के पीड़ित परिवारों के साथ अपनी व्यथा और अपना गुस्सा साझा किए हैं। एक बार फिर उन परिवारों को आश्वस्त किया गया है कि न्याय जरूर मिलेगा। हमले के दोषियों और साजिश रचने वालों को कठोरतम जवाब जरूर दिया जाएगा। प्रधानमंत्री को एहसास है कि हर भारतीय का खून, आतंकी हमले की तस्वीरों को देखकर, खौल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के इस आश्वासन पर भरोसा करना चाहिए। हमले के तुरंत बाद आतंकियों और उनके आकाओं पर पलटवार के तौर पर हमला नहीं किया जा सकता। यह भी कूटनीतिक और सामरिक रणनीति का हिस्सा है। दिल्ली से कश्मीर तक बैठकों और गहन जांच के दौर जारी हैं। जांच में इसरो को भी शामिल किया गया है। 10 आतंकियों के घर जमींदोज कर दिए गए हैं। कुछ घरों में विस्फोटक भी दिखे हैं। करीब 2000 संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है। तीनों सेनाओं के प्रमुख और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात कर चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच 40 मिनट की मुलाकात हुई। जाहिर है कि पाकिस्तान पर हमले के प्रारूपों पर विमर्श हुआ होगा! दुनिया के 40-45 देशों के राष्ट्राध्यक्षों, राष्ट्रपतियों, प्रधानमंत्रियों आदि ने प्रधानमंत्री मोदी से फोन पर बातचीत की है और आतंकवाद के खिलाफ भारत को भरपूर समर्थन दिया है। प्रमुख मुस्लिम देश भी भारत के साथ खड़े हैं। चीन, तुर्किये सरीखे देशों ने भी पाकिस्तान को सार्वजनिक समर्थन नहीं दिया है। वे पाकिस्तान की फितरत और हकीकत जानते हैं। क्या कुछ विपक्षी दलों को ये गतिविधियां दिखाई नहीं देती हैं? यह सवालों का नहीं, राष्ट्र के तौर पर एकजुट दिखने का समय है। प्रधानमंत्री का सर्वदलीय बैठक में न आ पाना कोई बुनियादी सवाल नहीं है। बैठक में रक्षा मंत्री और गृह मंत्री थे, जो सुरक्षा और खुफिया संबंधी सवालों के प्रति पूरी तरह जवाबदेह होते हैं। क्या उनकी मौजूदगी महत्वपूर्ण नहीं थी? यह फरवरी, 2019 के पुलवामा आतंकी हमले में इस्तेमाल किए गए कथित 300 किग्रा आरडीएक्स विस्फोटक पर बार-बार सवाल करने का समय नहीं है। यह किसी कथित आतंकी को भाजपा का टिकट देने पर सवाल करने का भी समय नहीं है। यह आतंकी हमले गिनवाने का भी समय नहीं है। घटना 1984 की है, लिहाजा तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की उनके आधिकारिक आवास में हत्या को सबसे अहम सुरक्षा चूक करार देना आज न तो प्रासंगिक है और न ही उचित समय है।

> भारत को हिंदू और मुसलमान में विभाजित कर आघात नहीं किया जा सकता। हम ऐसा आघात बर्दाश्त नहीं करेंगे, क्योंकि राष्ट्र के सवाल पर सभी समुदाय एकजुट हैं। नरसंहार के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाई गई थी। उसमें सवाल जरूर उठे होंगे, लिहाजा मोदी सरकार ने खुफिया-सुरक्षा चूक को भी स्वीकार किया। जो नेता कट्टरपंथी किस्म के दिखाई देते हैं, आज वे भी सरकार के साथ हैं और प्रधानमंत्री मोदी के किसी भी फैसले का समर्थन कर रहे हैं। वक्फ जैसा संवेदनशील मुद्दा नेपथ्य में डाल दिया गया है। फिलहाल आतंकवाद पर आंख गड़ी है और उसे सबक सिखाना है। प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' के जरिए नरसंहार के पीड़ित परिवारों के साथ अपनी व्यथा और अपना गुस्सा साझा किए हैं। एक बार फिर उन परिवारों को आश्वस्त किया गया है कि न्याय जरूर मिलेगा। हमले के दोषियों और साजिश रचने वालों को कठोरतम जवाब जरूर दिया जाएगा। प्रधानमंत्री को एहसास है कि हर भारतीय का खून, आतंकी हमले की तस्वीरों को देखकर, खौल रहा है।

### वर्ष 2015 में दिए गए फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने आयोग को असंवैधानिक बताते हुए निरस्त कर दिया था

# न्यायिक नियुक्ति आयोग के खात्मे का दर्द नहीं भूली केंद्र सरकार

योगेंद्र योगी

> सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर केंद्र सरकार द्वारा संसद में पारित किए गए न्यायिक नियुक्ति आयोग को निरस्त करते हुए सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम व्यवस्था को जारी रखा था। इस आयोग के जरिए केंद्र सरकार चाहती थी कि न्यायाधीशों की नियुक्ति में उसकी भी भूमिका होनी चाहिए। अकेले सुप्रीम कोर्ट को यह हक नहीं होना चाहिए कि अपने चहेते न्यायाधीशों की नियुक्ति करे। केंद्र सरकार की न्यायिक आयोग बनाए जाने की मंशा यही थी कि महत्वपूर्ण मुद्दों पर उसके द्वारा चयनित न्यायाधीशों के मौजूद होने से पक्ष में फैसला होने की संभावना रहेगी।

**राज्यपाल** और राष्ट्रपति के बिल रोकने के मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों से केंद्र सरकार से उत्पन्न टकराहट की जड़ में न्यायिक नियुक्ति आयोग पर दिया गया फैसला है। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर केंद्र सरकार द्वारा संसद में पारित किए गए न्यायिक नियुक्ति आयोग को निरस्त करते हुए सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम व्यवस्था को जारी रखा था। इस आयोग के जरिए केंद्र सरकार चाहती थी कि न्यायाधीशों की नियुक्ति में उसकी भी भूमिका होनी चाहिए। अकेले सुप्रीम कोर्ट को यह हक नहीं होना चाहिए कि अपने चहेते न्यायाधीशों की नियुक्ति करे। केंद्र सरकार की न्यायिक आयोग बनाए जाने की मंशा यही थी कि महत्वपूर्ण मुद्दों पर उसके द्वारा चयनित न्यायाधीशों के मौजूद होने से पक्ष में फैसला होने की संभावना रहेगी। न्यायिक आयोग में सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीशों के साथ केंद्र सरकार के प्रतिनिधियों का भी प्रावधान किया गया था। सुप्रीम कोर्ट केंद्र सरकार की इस मंशा को भाप गया था। वर्ष 2015 में दिए गए फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने आयोग को असंवैधानिक बताते हुए निरस्त कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जजों की नियुक्ति में न्यायपालिका की स्वतंत्रता को बनाए रखना महत्वपूर्ण है और न्यायिक आयोग इस स्वतंत्रता को खतरे में डालता है। इस फैसले पर भी खूब वाद-विवाद हुआ था। न्यायिक आयोग के जरिए केंद्र सरकार पर सुप्रीम कोर्ट में दखलंदाजी करने और इसे राजनीतिक अखाड़ा बनाने की बात कही गई थी। दूसरी तरफ न्यायिक आयोग की पैरवी करने वाले केंद्र सरकार के पैरवीकारों का कहना था कि न्यायाधीशों की नियुक्ति में भाई-भतीजावाद हावी है। आयोग के निरस्त होने का रंज केंद्र सरकार को अभी तक है। इसी वजह से राज्यपाल और राष्ट्रपति के बिल रोकने के मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले से केंद्र सरकार से छत्तीस का आंकड़ा बन गया है। तमिलनाडु बनाम राज्यपाल मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल की तरह राष्ट्रपति के लिए भी दी समय-सीमा बताई है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में कहा कि राष्ट्रपति को राज्यपाल द्वारा सुरक्षित रखे गए विधेयकों पर 3 महीने के भीतर फैसला लेना होगा। राज्य राष्ट्रपति की निष्क्रियता के खिलाफ अदालत जा सकते हैं। इस अवधि से अधिक किसी भी देरी के मामले में, उचित कारणों को दर्ज करना होगा और संबंधित राज्य को बताना होगा। राज्यों से यह भी अपेक्षित है कि वे सहयोगात्मक बनें तथा उठाए जाने वाले प्रश्नों के उत्तर देकर सहयोग प्रदान करें तथा केंद्र सरकार द्वारा दिए गए सुझावों पर शीघ्रता से विचार करें। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद राजनीतिक बवंडर आ गया। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट के एक फ़ैसले को लेकर न्यायपालिका के बारे में सख्त टिप्पणी कर दी। उन्होंने कहा कि अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं। उप राष्ट्रपति ने इसकी ओर इशारा करते हुए कहा कि संविधान का अनुच्छेद 142 एक ऐसा परमाणु मिसाइल बन गया है जो लोकतांत्रिक ताक़तों के खिलाफ न्यायपालिका के पास चौबीसों घंटे मौजूद रहता है। उन्होंने कहा कि देश में ऐसी स्थिति नहीं हो सकती कि आप राष्ट्रपति को निर्देश दें। सुप्रीम कोर्ट को ये अधिकार किसने दिया है और वो किस आधार पर ऐसा कर सकता है। गौरतलब है कि संविधान का अनुच्छेद 142 सुप्रीम कोर्ट को ये अधिकार देता है कि वो पूर्ण न्याय करने के लिए कोई भी आदेश, निर्देश या फ़ैसला दे सकता है चाहे वो किसी भी मामले में क्यों न हो। लेकिन उप राष्ट्रपति ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट सिर्फ संविधान की व्याख्या कर सकता है। धनखड़ ने कहा कि हमारे पास ऐसे जज हैं जो अब कानून बनाएंगे, कार्यपालिका का काम करेंगे और एक सुपर संसद की तरह भी काम करेंगे और कोई जिम्मेदारी नहीं लेंगे, क्योंकि इस देश का क़ानून उन पर लागू तो होता नहीं। उप राष्ट्रपति ने हाई कोर्ट के जज यशवंत वर्मा के दिल्ली आवास से कथित तौर पर जले नोट मिलने के बाद भी एफआईआर दर्ज न होने पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि ये घटना किसी आम आदमी के घर में होती तो बिजली की गति से कार्रवाई होती। लेकिन यहां तो बैलगाड़ी की रफ़्तार से भी कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि विधानसभा का चुनाव हो या लोकसभा का हर सांसद, विधायक और उम्मीदवार को अपनी संपत्ति घोषित करनी होती है लेकिन वे (जज) ऐसा कुछ नहीं करते। इस पर पलटवार करते हुए डीएमके राज्यसभा सांसद तिरुचि शिवा ने कहा कि संविधान की रक्षा करने का अधिकारी होने से किसी व्यक्ति को ये अधिकार नहीं मिल जाता कि वो संसद में पारित विधेयकों को अनिश्चित काल तक रोक कर रख सकता है। सीपीआई नेता डी राजा ने कहा कि लोकतांत्रिक ढांचे को बचाए रखने लिए चेक एंड बैलेंस जरूरी है। संविधान का अनुच्छेद 74(1) यह साफ कहता है कि राष्ट्रपति मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह से बंधे हैं। राष्ट्रपति सर्वोच्च संवैधानिक पद पर रहते हुए, ऐसे मामलों में स्वतंत्र विवेक का इस्तेमाल नहीं करते। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति की टिप्पणी आरएसएस-भाजपा की ओर से विपक्ष के नेतृत्व वाली राज्य सरकारों को कमज़ोर करने के लिए राज्यपाल की शक्तियों के दुरुपयोग को सही ठहराती है। हाल के वर्षों में ऐसी प्रवृति ख़तरनाक ढंग से बढ़ी है। सीनियर एडवोकेट और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि अगर कार्यपालिका अपना काम नहीं कर रही है, तो न्यायपालिका को हस्तक्षेप करने का पूरा अधिकार है। सिब्बल ने उपराष्ट्रपति के बयानों को राजनीतिक करार देते हुए कहा कि उन्होंने आज तक किसी राज्यसभा सभापति को ऐसे बयान देते नहीं देखा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति केवल नाममात्र की प्रमुख हैं। वे कैबिनेट की सलाह और स्वीकृति पर कार्य करते हैं। उनके पास कोई व्यक्तिगत निर्णय लेने की शक्ति नहीं होती। सिब्बल ने कहा कि अगर कार्यपालिका अपना काम नहीं कर रही है, तो न्यायपालिका को हस्तक्षेप करना चाहिए। ऐसा करना उनका अधिकार है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि न्यूक्लियर मिसाइल तो नोटबंदी थी, तब किसी को तकलीफ नहीं हुई? दरअसल सत्तारुढ राजनीतिक दलों के राजनीतिक उद्देश्य होते हैं, जब ये संविधान के दायरे में पूरा नहीं होते तब अदालतों से टकराहट की नौबत आती है। इसकी पुनरावृत्ति निश्चित तौर पर लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए घातक है। ऐसे विवादस्पद मुद्दों को सभी पक्षों को मिलबैठ कर निपटाने से ही देश की संवैधानिक विविधता और एकता-अखंडता मजबूत रहेगी।



दृष्टि कोण

# जीएसटी का रास्ता आसान बनाने की जरूरत

**देश** में आर्थिक उदारीकरण के बाद जो सबसे बड़ा सुधार हुआ, वह था 'वन नेशन वन टैक्स' का फैसला। इसके तहत ही जीएसटी की नींव रखी गई। कई सरकारों से गुजरता हुआ यह अंत में जीएसटी के रूप में पहली जुलाई 2017 को संसद में पारित हुआ और इसे टैक्स वसूली और कारोबारियों को राहत देने की दिशा में एक गेम चेंजर माना गया। तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने इस पर बहुत काम किया और उम्मीद जताई कि यह टैक्स भरने में एक सुगम व्यवस्था बन जाएगा। लेकिन शुरुआत बहुत बुरी हुई और पहले तो इसका वेबसाइट बार-बार क्रैश करने लगा और फिर बहुत से कॉलम भी आसानी से भरे नहीं जा रहे थे। इन तकनीकी समस्याओं से जूझते हुए भी इस सुधार को आगे बढ़ाया गया। लेकिन इसमें तरह-तरह की अड़चनें आने लगीं जिसका अंत अब तक होता नहीं दिख रहा है। कारोबारियों को बताया गया था कि यह आसान व्यवस्था होगी और उनके लिए टैक्स भरना पहले से भी आसान होगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कई तरह की समस्याएं आती रहीं और कई तरह की विसंगतियां भी। लेकिन पूर्ण समाधान होता नहीं दिख रहा है। दरअसल जीएसटी को सुचारू रूप से लागू करने के लिए एक जीएसटी काउंसिल बनाई गई थी और वह अभी भी इसका काम देखती है। भारत सरकार के वित्त विभाग के अंतर्गत यह नहीं है, सिवा इसके कि केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इसकी अध्यक्षता करती हैं। उन्हें अपने बूते किसी भी तरह का फैसला करने का अधिकार नहीं है। वहां जो भी फैसले होते हैं, वे सभी बहुमत से होते हैं, यानी सभी राज्यों के चुने प्रतिनिधियों जो सामान्य रूप से वित्त मंत्री होते हैं। यह इस काउंसिल का लोकतांत्रिक स्वरूप जताता है, लेकिन यह कई बड़े फैसले न ले पाने का कारण भी बनता है। वित्त मंत्री की बहुत इच्छा रही है कि पेट्रोल-डीजल को जीएसटी में शामिल किया जाए, ताकि इसके दाम भी पूरे देश में लगभग एक समान हों, लेकिन कई सदस्य इसे होने नहीं दे रहे हैं। वे अपने राज्य के हित में चलते हुए ऐसा नहीं होने देते। जब भी किसी राज्य को अपना राजस्व बढ़ाना होता है, वह तुरंत ही पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ा देता है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण है कर्नाटक, जहां इनकी कीमतें सबसे ज्यादा हैं। अगर इस पर जीएसटी लगा होता तो ऐसा संभव नहीं था। यह तो हुई जनता की परेशानी। अब आते हैं कारोबारियों-व्यापारियों पर जो अब तक जीएसटी भुगतान में सहज नहीं हो पा रहे हैं। इसमें कई तरह की विसंगतियां हैं, मसलन दो तरह के सामान जो मिलकर एक उत्पाद होते हैं, उन पर अलग-अलग टैक्स दरें हैं। यह कारोबारी के लिए एक परेशानी है। अगर हम भारत के एक पॉपुलर स्नैक बन मस्का को देखें तो पाएंगे कि बन पर टैक्स की दर अलग है और मस्का यानी मक्खन पर अलग। अब व्यापारी किस दर से टैक्स लेगा? रेस्तरां में रोटी पर कम टैक्स है तो परांठे पर ज्यादा। बिना एसी वाले रेस्तरां के लिए अलग दर है तो एसी वाले के लिए अलग। खुले सामान पर कोई टैक्स नहीं है, लेकिन पैकेट में आते ही उस पर टैक्स लगेगा। ऐसे सैकड़ों उदाहरण हैं जो जीएसटी की विसंगतियां बताते हैं। इसके अलावा कई सेवाओं पर 18 फीसदी का भारी भरकम टैक्स भी है। एक ओर तो सरकार जनता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जाहिर करती है, तो दूसरी ओर काउंसिल ने हेल्थ इंश्योरेंस पर 18 फीसदी जीएसटी लगा रखा है। व्यापारियों का कहना है कि दरों में विसंगति न हो और उन्हें तार्किक बनाया जाए। उनकी यह भी शिकायत है कि वे पूरे माह जीएसटी रिटर्न भरने में लगे रहते हैं, नहीं तो लाखों की देनदारी का नोटिस आ जाता है। रेस्तरां के एसी या नॉन एसी होने से जीएसटी कैसे घट-बढ़ सकता है जबकि आज देश में निम्न आय वर्ग के लोग भी भीषण गर्मी की मार से बचने के लिए अपने घरों में एसी लगाते हैं। इस समय टैक्स के चार स्लैब हैं- 5, 12, 18 और 28 फीसदी। इन्हें घटाकर तीन स्लैब करना चाहिए। इन दरों को तर्कसंगत बनाने से वैधानिक मामले कम हो जाएंगे। साथ ही, जीएसटी की रिटर्न प्रणाली और इनपुट टैक्स क्रेडिट नीति में भी बदलाव की जरूरत है। जीएसटी लागू हुए 8 वर्ष हो गए, लेकिन इसके नियमों में हर महीने बदलाव होते रहते हैं जिससे व्यापारियों में भ्रम पैदा होता है।

कुछ अलग

# आओ कब्र खोदें

**आंखें** छोटी करते हुए वह मुझसे बोले, 'अगर मायने नहीं रखता तो उठाया क्यों जाता? पर यह पूछो कि किसके लिए मायने रखता है? जाहिर है हर रोज दो जून की रोटी के जुगाड़ में लगे लोगों के लिए ऐसे मुद्दे कोई मायने नहीं रखते। काम-धंधे में लगे लोगों के लिए भी इनका कोई मतलब नहीं होता। कौन अपनी रोटी या काम-धंधा छोड़ कर फालतू बातों में समय खराब करेगा। यह तो गुंडों-मवालियों और फसली बटेरों का काम है। जरूरी नहीं कि खादी में लिपटा हर मगज ऐसी सोच रखता हो। पर अधिकांश लोग ऐसे ही हैं और सत्ता में बने रहने के लिए वे कुछ भी कर सकते हैं। ऐसे लोग जो अपने लिए मेहनत नहीं कर सकते वे देश और समाज के लिए क्या हाड़ तोड़ेंगे। उनका मकसद तो पैसा कमाना है, फिर चाहे वह कमीशन-घूस से आए या देश बेच कर आए। अगर ये लोग सामाजिक उत्थान का कोई लक्ष्य सामने रखेंगे तो देश सवाल करेगा। सवालों से बचने के लिए ये लोग समय-समय पर ऐसे मुद्दे खड़े करते रहते हैं। कभी धर्म सामने आएगा तो कभी इतिहास में विधर्मी शासक द्वारा किए गए अत्याचार, कभी भैंसें सामने आएंगी तो कभी कपड़ों से की जाने वाली पहचान। लेकिन कभी यह लक्ष्य सामने नहीं आता है कि वियतनाम की तरह अगले दस सालों में देश पूरी तरह साक्षर हो जाएगा या बांग्लादेश की तरह परिवार नियोजन शत-प्रतिशत लागू हो जाएगा। लेकिन अगर लोग पढ़े-लिखे होंगे और परिवार छोटे होंगे तो गरीबी ख़ुद-बख़ुद दूर कर लेंगे। याद रखना कि सत्ता कभी नहीं चाहती कि लोग ख़ुद मुख़्तार हों। ऐसे लोग किसी भी सत्ता के लिए फायदेमंद नहीं होते। इसलिए आज़ादी के अमृत काल में भी न गरीबी हटी और बेरोजगारी तथा न गरीब और बेरोजगार। क्योंकि चुनावों में सत्ता तक पहुंचने के यही दो पहिये हैं। तुमने कभी सोचा है कि फ्रांस या रूस की क्रांतियां क्यों हुई थीं। अपने देश में गाहे-बगाहे प्रदर्शन होते रहते हैं, पर कभी इतने बड़े पैमाने पर क्रांति नहीं होतीं। छोटे-मोटे प्रदर्शनों को कुचलना आसान है। इसलिए सरकारें नस्ल, जाति, धर्म, संप्रदाय, इतिहास वगैरह के भेद और मुद्दों से समाज को विभाजित रखती हैं ताकि लोग कभी इक_ा न हो सकें। अगर ऐसा न होता तो कबाइली इलाकों के जंगलों सहित तमाम संसाधनों पर कब्जा कैसे होता? हसदेव और कांचा गचीबावली के जंगल कैसे कटते?' इतना कहते-कहते उनकी गंभीर आंखों से उदासी झांकने लगी। उनके साथ मैं भी गंभीर और उदास हो उठा। कुछ देर शांत रहने के बाद मेरी जिज्ञासा के कीड़े पुनः उसी तरह कुलांचे भरने लगे जैसे किसी नेता के जनसभा में संबोधन के लिए आमंत्रित न किए जाने पर होते हैं। मैंने उनसे कहा कि जब आपको इन सारी चीज़ों की इतनी गहरी समझ है तो आप अपने घर में क्यों कब्र खुदवा रहे हैं? इस बार वह तिरछी हंसी हंसते हुए बोले, 'पण्डित जी, स्वार्थ, खालिस स्वार्थ, शुद्ध सोने की तरह 24 कैरेट स्वार्थ। नौकरी में इतने पैसे बचते नहीं थे कि लाखों की ज़मीन ख़रीद कर, लाखों का मकान बनवा सकूं या महंगी गाड़ी ख़रीद सकूं। फिर बच्चों की पढ़ाई और तमाम तरह के ख़र्चे। इसलिए कमीशन खाई, रिश्वत खाई, घपले-घोटाले किए। फिर सरकार ने जांच बिठाई। अब इससे बाहर तो आना है। सरकारी नौकरी के दौरान बिगड़ी आदतें पेंशन से पूरी नहीं होतीं। इसलिए सरकारी दरबार में शामिल होना ज़रूरी है। क्या फर्क पड़ता है मेरे जैसे लोग किसी भी दरबार में अपनी गोटियां फिट कर सकते हैं।

देश दुनीया से

# विकास और कृषि-पशुपालन ढांचा

**देश** एवं प्रदेश की खुशहाली के लिए कृषि एवं पशुपालन क्षेत्र को मजबूत करने की नितांत आवश्यकता है। इससे ग्रामीण क्षेत्र में फिर से विकास की बयार बहेगी तथा बेरोजगारी को दूर करने में कुछ हद तक मदद मिलेगी। लेकिन यह तभी संभव हो पाएगा यदि सरकार इसके लिए अनुदान देती है। नकद राशि मिलने से बेरोजगार युवा खेतीबाड़ी करने के साथ ही पशु पालने में रुचि लेंगे। अन्यथा ग्रामीण क्षेत्र में यह स्थिति हो गई है कि लोगों को सब्जियां या दूध आदि का वितरण शहरों से हो रहा है। एक समय था जब ताजा शुद्ध दूध गांव-गांव से इकठ्ठा करके शहर ले जाया जाता था। फल व सब्जियां भी गांव से ही जाती थी। शहरवासी आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के उत्पादों को गुणवत्ता से परिपूर्ण मानते हुए बड़े चाव से उनका उपयोग करते थे। लेकिन अब परिस्थितियां विपरीत हो गई हैं। गांव के लोग भी शहर से लाए उत्पादों का बड़े चाव से सेवन कर रहे हैं। उसमें यह नहीं देख रहे हैं कि उनकी रसोई तक कितना खतरनाक कैमिकल पहुंच रहा है। एक समय था जब ग्रामीण स्तर पर कृषि एवं पशुपालन व्यवसाय एक दूसरे के पूरक थे। पहले पशुओं, विशेषकर बैलों के बिना खेतीबाड़ी की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। अब लोग इस काम में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। वैसे भी गांव में अब खेतीबाड़ी करना बहुत मुश्किल हो गया है। उपजाऊ जमीन विरान पड़ गई है। जहां खाली जगह है वहां जहरीला फुलणु घास व कंटीली झाडियों के जंगल खड़े हो गए हैं। घासनियों में भी जहरीली घास फैल गई है। कुल मिलाकर जमीन बंजर हो गई है। अब गांव में जो इक्का-दुक्का परिवार खेतीबाड़ी कर रहे हैं, उन्हें जितना खर्च करना पड़ता है, उस हिसाब से फसल नहीं हो रही है। जंगली जानवरों एवं लावारिस पशुओं से फसल का बचाव करना मुश्किल है। खेतों में सिंचाई की सुविधा न के बराबर होने के कारण किसानों को बारिश पर ही निर्भर रहना पड़ता है। मौसम की दगाबाजी ऐसी है कि, कभी सूखा पड़ता है तो कभी जरूरत से ज्यादा बारिश हो रही है। उससे फसल खराब हो रही है तथा सारे किए कराए पर पानी फिर जाता है। खेती करने में आ रही मुश्किलों से अधिकतर ग्रामीण अब खेतों के बजाय क्यारियों में ही साग-सब्जियां उगा रहे हैं। खेतीबाड़ी के न होने से पशुपालन का व्यवसाय भी नाममात्र का रह गया है। गांव में अब कोई विरला ही परिवार है, जिसने गाय या कोई भेड़-बकरी पाल रखी है। अन्य पशु अब लावारिस होकर सडक़ों पर भटक रहे हैं। पहले शहर में ही इक्का-दुक्का लावारिस पशु नजर आते थे, लेकिन अब गांव-गांव तक लावारिस पशुओं के झुंड घूमते देखे जा सकते हैं। ग्रामीणों को लग रहा है कि अब खेतीबाड़ी एवं पशुपालन बहुत ही घाटे का सौदा हो गया है। इन दोनों व्यवसायों में खर्च के मुताबिक आय नहीं हो रही है। सरकार भी इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। हलांकि केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि दिए जाने के बाद कृषि क्षेत्र में मामूली सुधार हुआ है। लेकिन इसके लिए और अधिक धनराशि की जरूरत है। यदि सरकार बैल पालने के लिए हर महीने प्रति जोड़ी 1500, गाय या भैंस पालने के लिए 750 रुपए मासिक तथा भेड़ व बकरी पालन के लिए 250 रुपए अनुदान दे, तभी कृषि के साथ ही पशुपालन व्यवसाय फिर से पनप पाएगा। इससे एक तो बेसहारा पशुओं की समस्या का हल होगा तथा दूसरे ग्रामीण क्षेत्रों में पहले की तरह कृषि उपज भी बढ़ेगी। ग्रामीणों को अपने गांवों में अच्छा अनाज, शुद्ध दूध-दही व घी के साथ ही फल व सब्जियां उपलब्ध होंगी। ग्रामीणों को अपने घरों में ही रोजगार उपलब्ध होगा। इससे हिमाचल सरकार को दूध व प्रस्तावित गोबर खरीदने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। पिछले करीब चार दशकों से ग्रामीण क्षेत्र में कृषि एवं पशुपालन व्यवसाय में जबरदस्त गिरावट आई है। एक समय था जब ग्रामीणों में यह कहावत 'उत्तम खेती, मध्यम व्यापार, नखिद चाकरी करे गवार' प्रचलित थी। अर्थात पहले खेतीबाड़ी को सर्वश्रेष्ठ माना जाता था। व्यापार को दूसरे स्थान तथा नौकरी को सबसे घटिया गिना जाता था। लेकिन अब स्थितियां इसके विपरीत हैं। आज हर कोई सरकारी नौकरी पाना चाहता है। इसका सबसे बड़ा कारण यह रहा कि सरकारी क्षेत्र में कर्मचारियों के वेतन में अत्यधिक बढ़ोतरी हुई है तथा सेवानिवृत्ति के बाद पैंशन की सुविधा होने से उनका भविष्य सुरक्षित हो जाता है। दूसरी ओर उच्च शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं की संख्या में एकाएक वृद्धि हो रही है। ऐसे युवा जो सरकारी सेवा में नहीं जा सकते हैं, वे मजबूरी में कम वेतन पर निजी क्षेत्र में काम करते हैं। सरकारी एवं निजी क्षेत्र में यह सुविधा है कि हर महीने वेतन मिलता है। जबकि ग्रामीण क्षेत्र में फसल अच्छी होने के बाद यदि उसका दाम ठीक मिले तो समझा जाता है कि कम से कम फसल पर जितना खर्च हुआ था, उसकी भरपाई हो गई। किसानों को दुधारू पशु या भेड़-बकरियां आदि के बिकने पर ही नकद पैसा मिल पाता है। किसानों द्वारा उगाई जाने वाली फसल भी उन्हें काफी महंगी पडऩे लगी। खाद, बीज एवं कीटनाशक दवाइयों की कीमतें आसमान छू रही हैं। खेतों की साफ-सफाई तथा हल जोताई आदि पर भी काफी खर्च हो जाता है। जबकि उससे कम कीमत पर अनाज एवं दालें आदि बाजार में मिल जाती हैं। अर्थात किसानों की उपज का भी उन्हें उचित मूल्य नहीं मिल पाता। कृषि के साथ बागवानी करने वालों के तो उनसे भी बुरे हाल हैं। सब्जियों की तरह फलों का समर्थन मूल्य न के बराबर मिलता है। इसलिए लोग अपने फलों को विक्रय केन्द्र तक भी नहीं पहुचा पाते। कई स्थानों तक तो सम्पर्क सडक़ों का अभाव है। पशुपालन व्यवसाय की हालत बहुत खराब है। पहले कृषि के लिए बैल बहुत उपयोगी माने जाते थे। किसान उन्नत नस्ल के बैल पालने के बहुत शौकीन थे। कई किसान तो हरियाणा एवं पंजाब से बैल पालने को लाते थे। अनेक स्थानों पर पशु मंडियां लगती थी। बैलों व अन्य पशुओं की बड़े पैमाने पर खरीद-फरोख्त होती थी। उन्नत नस्ल के पशुपालकों को आयोजन समिति की ओर से प्रोत्साहन स्वरूप ईनाम भी दिए जाते थे। इस तरह दुधारू पशुओं की भी गांव में खासी संख्या होती थी। ग्रामीण कड़ी मशक्कत करते थे तथा घी-दूध भी खूब खाते थे। हर परिवार के पास बैल की जोड़ी, दो-तीन भैंसें, गाय व भेड़-बकरियां आदि पशु होते थे, लेकिन अब स्थितियां बदल गई हैं।

आप का नजरीया

# स्थानांतरण में आत्मबोध

**प्रशासन** में कर्म की परीक्षा कभी मुकम्मल नहीं होती, फिर भी व्यवस्था की आपूर्ति में अधिकारियों के जिम्मे किसी भी सरकार का पूरा कालखंड होता है। हर अधिकारी के फर्ज में सरकार का रुतबा गूंजता है और अगर यही नगीने खनक जाएं तो छवि की पताका पर संदेह होना लाजिमी है। सरकारों का अपना-अपना ट्रांसफर काल भी दिखाई देता है। हम इसे पटवारी से लेकर राज्य के मुख्य अधिकारी तक देख सकते हैं। लोग बेहतर समीक्षक होते हैं और कई बार सरकारों के ट्रांसफर आर्डरों का विरोध भी करते हैं, लेकिन जनापेक्षाएं भी सियासत की तरह अकसर मोम नहीं होतीं। नुकीले प्रश्नों की आबरू में सबसे ज्यादा पैमाइश और आजमाइश प्रशासनिक अधिकारियों की ही होती है, जहां हर पड़ाव एक ट्रांसफर है। जाहिर है धर्मशाला से भरमौर भेजे गए एसडीएम संजीव कुमार भोट के ट्रांसफर आर्डर भी पड़ाव रहे होंगे, लेकिन जिन संदेहों की बरसात हो रही है, उन्हें सिरे से नकारा भी नहीं जा सकता। भोट सिर्फ एक अधिकारी या सेवा काल का बिछौना नहीं कि चंद दिनों में किन्नौर, डोडरा-क्वार, धर्मशाला और अब भरमौर में प्रशासनिक अधिकारी बना कर बिछा दिया जाए। संजीव भोट से जुड़ी अपेक्षाएं एक आदमी से नहीं, उनकी क्षमता में अधिकार प्राप्त अधिकारी से हैं। जाहिर है सरकार को भरोसा है, इसलिए चौथी जगह एसडीएम बनाए गए, लेकिन बार-बार के स्थानांतरण उनके व्यक्तिगत व प्रशासनिक जीवन को कहीं न कहीं हास्यास्पद बनाते रहे हैं। यही वजह रही कि इस अधिकारी ने अपने क्षोभ की परिणति में पद से ही त्यागपत्र देकर अपनी प्रशासनिक कुंडली में विराम और सचिवालय की एक जुंडली में अविश्वास लिख दिया। यह कोई छोटी घटना नहीं, बल्कि इसने विमल नेगी से जुड़े संदेहास्पद घटनाक्रम में एक नया सवाल जोड़ दिया है। संजीव भोट के सजीव बोध को सौ फीसदी सत्य न मानें, लेकिन यह मंजर आत्म संतुष्टि का नहीं, आत्मचिंतन का जरूर है। अपने ट्रांसफर आर्डर को रेखांकित करते भोट ने जो सवाल उठाए हैं, उनके साथ प्रशासनिक अधिकारियों की एक रूठी हुई शाखा हो सकती है। कुछ तहें भले ही ढकी रहें, लेकिन सड़ांध को ढांपना मुश्किल है। क्यों एक अधिकारी के लिए नौकरी से इस्तीफा देना आसान हो गया और क्यों वह इस सुलूक को स्वर्गीय नेगी के मजमून तक ले गया। संजीव भोट को स्थानांतरित करना विशेषाधिकार रहा होगा या कुछ कारण भी गिने जा सकते हैं, लेकिन जनता की कचहरी में हर ट्रांसफर एक व्यक्ति नहीं नया विश्वास है। इसी परिप्रेक्ष्य में किसी स्कूल में ट्रांसफर आर्डर पर आनेवाला एक व्यक्ति नहीं, एक अध्यापक होता है। दुर्भाग्य से आजकल कर्मचारी-अधिकारी मोहरबंद होने लगे हैं। सरकारी नौकरी सियासी कैडर में विभक्त होने लगी है। अस्थायी सत्ता के करीब सरकारी कार्यसंस्कृति ने स्वयं को इतना कमजोर कर लिया है कि प्रशासनिक सेवाओं में लोग नेताओं के आगे पानी भरते दिखाई देते हैं।

## निजी कार्यों में हायर वाहनों के इस्तेमाल से सीसीएल को हो रहा करोड़ों का नुकसान, नियमों की सरेआम उड़ाई जा रही धज्जियां

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सीसीएल मगध संघमित्रा क्षेत्र में हायर वाहनों के अनुचित उपयोग का गंभीर मामला उजागर हुआ है। विभागीय कार्यों के लिए नियोजित हायर वाहनों का नियमों के विरुद्ध निजी कार्यों में खुलेआम इस्तेमाल हो रहा है। हैरानी की बात यह है कि स्वयं वरिष्ठ अधिकारी इस कदाचार में लिप्त हैं, जिससे सीसीएल को हर साल करोड़ों रुपये का नुकसान झेलना पड़ रहा है। सूत्रों के अनुसार, क्षेत्र के एसओ ईएंडएम नलिन चंद बाबू पर आरोप है कि वे अक्सर हायर वाहनों का निजी कामों में उपयोग करते हैं। कई बार तो वे स्वयं वाहन लेकर निजी कार्यों हेतु जमशेदपुर, रांची ले जाते हैं। जिसका खुलासा उनके मोबाइल लोकेशन से होने की बात कही जा रही है। उनके इस व्यवहार ने अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों को भी नियमों की अनदेखी के लिए प्रेरित किया है।



**सीसीएल के वाहनों बने स्टेशन-एयरपोर्ट टैक्सी, विवाह समारोहों में भी किराए पर**

मगध-संघमित्रा क्षेत्र में तैनात कई हायर वाहन रांची जैसे शहरों में अधिकारियों और उनके परिजनों को रेलवे स्टेशन व एयरपोर्ट तक छोड़ने या लाने के काम में लगे रहते हैं। इतना ही नहीं, कुछ वाहन मालिक इन सरकारी हायर वाहनों को विवाह समारोहों में भाड़े पर भेजने से भी नहीं चूक रहे हैं। इससे न केवल सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग हो रहा है, बल्कि सीसीएल जैसी प्रतिष्ठित संस्था की साख को भी ठेस पहुँच रही हैं।

**प्रतिदिन पेट्रोल-डीजल का भारी नुकसान**

वाहनों के इस अनाधिकृत प्रयोग से हर दिन लाखों रुपये के पेट्रोल और डीजल का अपव्यय हो रहा है। ड्राइवर अपने परिवार के सदस्यों को विभागीय वाहनों में घुमाते नजर आते हैं। कई वाहनों का तो सुबह के समय अधिकारियों से पहले ड्राइवरों के परिजनों द्वारा सैर सपाटे में उपयोग किया जाना आम हो गया है।

**ड्राइवरों के घरों पर रात बिताते हायर वाहन**

नियमों के अनुसार, हायर वाहन या तो अधिकारी के अपने आवास या कार्यालय में खड़ा होना चाहिए। मगर मगध संघमित्रा, पिपरवार, आम्रपाली-चंद्रगुप्त और एनके क्षेत्र में हायर वाहन ड्राइवरों के निजी घरों पर या फिर रोड किनारे खड़े मिलते हैं, जो स्पष्ट रूप से सरकारी संपत्ति के दुरुपयोग और सुरक्षा उल्लंघन का गंभीर मामला है।

**क्या कहता है नियम ?**

सीसीएल में नियमानुसार हायर वाहनों का प्रयोग केवल विभागीय कार्यों के लिए ही किया जाना चाहिए। वाहन का उपयोग करते समय संबंधित अधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य है। निजी निवास पर वाहन खड़ा करना, पारिवारिक कार्यों के लिए वाहन का इस्तेमाल करना, और किसी भी निजी आयोजन में वाहन भेजना कानूनन दंडनीय अपराध है। दोषी पाए जाने पर कठोर दंड व जुर्माने का प्रावधान है। इस मामले में ईएंडएम विभाग के नलिन चंद से पक्ष लेने के लिए फोन से संपर्क किया गया फोन नहीं उठाया गया।

## सिविल सर्जन ने किया आरबी डायग्नोस्टिक अल्ट्रासाउंड का उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** शहर के अव्वल मोहल्ला स्थित रामनगर चौक के पास बुधवार को आरबी डायग्नोस्टिक अल्ट्रासाउंड केंद्र का उद्घाटन किया गया। इसका उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ मनीष कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरविंद केसरी, डॉ अजहर, डॉ टी थॉमस, डॉ वेद प्रकाश, डॉ नीतिन, डॉ प्रवीण कुमार, डॉ आमीर अफजल, डॉ एमपी यादव सहित अन्य कई चिकित्सक व समाजसेवी उपस्थित थे। अल्ट्रासाउंड उद्घाटन के बाद पत्रकारों से बात करते हुए सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार ने कहा कि आरबी हॉस्पिटल चतरा जिले में आयुष्मान योजना के तहत एक मात्र निबंधित हॉस्पिटल है। आयुष्मान के तहत इनका कार्य काफी सराहनीय है। अस्पताल में आयुष्मान योजना के तहत इलाज कराने वाले मरीजों को अल्ट्रासाउंड की आवश्यकता महसूस किया जा रहा था। अब इस अल्ट्रासाउंड के खुलने के बाद मरीजों को अल्ट्रासाउंड से संबंधित होने वाली समस्या का



समाधान हो जाएगा। आरबी हॉस्पिटल के निदेशक जीएस राजू व विनय कुमार ने कहा कि पिछले पांच वर्षों से शहर में आरबी हॉस्पिटल मरीजों की सेवा भाव के साथ काम कर रहा है। आरबी डायग्नोस्टिक अल्ट्रासाउंड भी लोगों को शिकायत का मौका नहीं देगा। यहां मरीजों को 24 घंटे अल्ट्रासाउंड की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि अल्ट्रासाउंड में किसी भी हाल में भ्रूण जांच नहीं किया जाएगा। यहां गर्भवती महिलाओं के लिए चिकित्सक के परामर्श पर सोनोलॉजिस्ट डॉ आमिर अफजल के द्वारा अल्ट्रासाउंड किया जाएगा। मौके पर अस्पताल के अध्यक्ष हाजी इनामुल हक, सचिव राजेंद्र प्रसाद केसरी, मो आदिल सोहेल अनवर, उपेंद्र यादव, अतिक मंसूरी, सौरभ अग्रवाल सहित अन्य कई उपस्थित थे।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में बाल विवाह मुक्त को लेकर चलाया गया जागरुकता अभियान




**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में बाल विवाह मुक्त को लेकर जल पखवाड़ा के अंतिम दिन बुधवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस दौरान विद्यालय के छात्राओं को सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा ने बाल विवाह मुक्त व जल संरक्षण को लेकर शपथ दिलाई। साथ ही दोनों विषयों पर विस्तृत जानकारी दिया।इस दौरान उन्होंने ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति और कानून का उल्लंघन है। जो शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और विकास में बाधा उत्पन्न करती है।जो छात्राओं को सपनो के साकार होने में रोकता है। साथ ही जल संरक्षण को लेकर भी उन्होंने जल संकेत समेत विभिन्न विद्याओं की जानकारी दिया। इस मैके पर सीआई प्रमोद कुमार सिंहा, बड़ा बाबू हसमुदीन अंसारी, विद्यालय वार्डेन बिंदु पोद्दार, विनय दांगी, मंजू कुमारी, पिंकी कुमारी, किरण कुमारी, पूनम कुमारी समेत छात्राएं मौजूद थे।

## पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ 6 तस्कर को किया गिरफ्तार

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के जपुआ मैदान समीप से पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ 6 तस्कर को गिरफ्तार किया। यह मामला बीते मंगलवार की बताया जा रहा है।जानकारी के अनुसार गिरफ्तार तस्करों में 3 गिद्धौर के तथा 3 हजारीबाग क्षेत्र का बताया गया है।इस मामले में सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शुभम खंडेलवाल बुधवार को थाना पहुंचकर गहनता से मामले की जांच करने में जुटी है।

## उप सचिव राकेश कुमार और स्टेट कॉर्डिनेटर कुणाल सिंह पहुंचे सिमरिया

### प्रखण्ड में चल रहे आवास योजनाओं का किया जांच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** आईटी ग्रामीण विकास विभाग के उप सचिव राकेश कुमार और स्टेट कॉर्डिनेटर कुणाल किशोर सिंह सिमरिया प्रखंड पहुंचे जहां प्रखण्ड के बानासांडी एवं चोपे पंचायत का निरिक्षण किया। इस दौरान 2016-17 से लंबित आवास की जांच की गई। जांच का मुख्य उद्देश्य पीएमएवाई जी 2 .0 के अंतर्गत सर्वेक्षण किया गया। आवास के लाभुकों की समीक्षा एवं पुष्टि करना तथा वित्तीय वर्ष 2016-17 से लंबित आवास को पूर्ण करने के लिए लाभुकों को प्रेरित करना है। निरीक्षण के दौरान, अधिकारियों ने लाभार्थियों से बात चिंत की और उनसे योजना के बारे में फीडबैक लिया। लाभार्थियों ने भी योजना के बारे में अपनी समस्या से पदाधिकारियों को अवगत कराया। इस दौरान ग्राम पंचायत चोपे एवं बानासाड़ी के मुखिया, पंचायत सचिव, मुकेश कुमार प्रखंड समन्वयक पीएमएवाईजी,नेहाल वारसी प्रखंड समन्वयक 15 वें वित्त, आदित्य कुमार एसीओ पीएमएवाईजी मौजूद थे।

## उदयन पब्लिक स्कूल का 5 वाँ स्थापना दिवस मनाया गया

### स्थापना दिवस पर उपायुक्त ने दीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ

### गरीब असहाय बच्चों को मुफ्त में दी जाती है शिक्षा : मनोज चंद्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड मुख्यालय के तेतर मोड़ स्थित उदयन पब्लिक स्कूल में पांचवां स्थापना दिवस मनाया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त रमेश घोलप, विशिष्टतिथि के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज, प्रमुख रोहण साव, पश्चिमी जिप सदस्य देवनंदन साहु, पूर्वी जिप सदस्य रोहिणी देवी विद्यालय के कोषाध्यक्ष मनोज चंद्रा तथा अन्य बुद्धिजीवी लोग उपस्थित थे। अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम शुभारंभ के बाद विद्यालय प्रबंधन समिति के द्वारा अतिथियों को बुके और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। तथा कार्यक्रम



का संचालन प्रेमलता चंद्रा ने किया। वही नन्हे नन्हे छात्रों के द्वारा एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत की गई। मौके पर उपस्थित अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया ने कहा कि विद्यालय शिक्षा का मंदिर होता है। इस स्थान से बच्चों का भविष्य तय होता है। इस क्षेत्र के लोग अधिकतर कृषक हैं। सभी अभिभावकों को बेहतर तरीके से अपने बच्चों को शिक्षा देनी चाहिए ताकि उनका भविष्य उज्जवल हो सके। वहीं विद्यालय के कोषाध्यक्ष मनोज चंद्रा ने कहा कि मैं जब दिल्ली में रहकर यूपीएससी का तैयारी करता था उस समय मेरे मन में विचार आई थी की सिमरिया में भी एक बेहतर स्कूल खोलेंगे। ताकि सिमरिया के बच्चे पढ़ लिखकर अच्छी मुकाम हासिल कर सके। मेरे विद्यालय में गरीब किस्म के विद्यार्थी जो फीस नहीं चुका पाते हैं उन्हें मुफ्त में पढाता हूं। साथी अनाथ बच्चों के लिए सम्पूर्ण शिक्षा मुफ्त में दी जाती है। मौके पर उपस्थित उपायुक्त रमेश घोलप ने कहा कि शिक्षा पाने के लिए बच्चे में जुनून होना चाहिए और अभिभावकों को भी बच्चे को पढ़ने के लिए दो रोटी कम खानी चाहिए लेकिन बच्चे को बेहतर शिक्षा जरूर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज उदाहरण के तौर पर मैं खुद खड़ा हूं मेरी मां रिश्वत देकर पेंशन के लिए 1 साल तक भटकती रही लेकिन उन्हें पेंशन स्वीकृति नहीं हो पाई। मैं लगन से मेहनत करते रहा आज मैं खुद लोगों का पेंशन स्वीकृत करने का काबिल हूं। इसीलिए बच्चों को आप जरूर पढ़ाए परिस्थिति जैसी भी हो लेकिन बच्चों को उनके अनुसार शिक्षा दे। बच्चे जिस क्षेत्र में जाना चाहते हैं उन्हें भेजें चाहे वह पढ़ाई का क्षेत्र हो, खेल का क्षेत्र हो, या फिर कलाकार का क्षेत्र हो। अभिभावक को बच्चों को सपना पूरा करना चाहिए ना के उन्हें जबरदस्ती किसी तरह का बोझ देना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर गोपाल चंद्रा, विद्यालय के प्राचार्य, चंद्रदेव प्रसाद साहू, विनोद साहू, सहित बड़ी संख्या के अभिभावक उपस्थित थे।

## बड़ी गाड़ियों का परिचालन किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा : ट्रक आँनर एसोसिएशन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा पतरा टोली बिजली ऑफिस के समीप लोहरदगा गुमला ट्रक आँनर एसोसिएशन, झारखंड पठारी चंदवा बॉक्साइट ट्रक आँनर एसोसिएशन एवं झारखंड ट्रक आँनर एसोसिएशन, बिमरला की एक संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा एवं निर्णय लेते हुए यह तय हुआ की एक बाहर की कंपनी (NSFS) जो शायद आंध्र प्रदेश से आकर यहां पर बिना एसोसिएशन से संपर्क किए या एसोसिएशन के संरक्षक सह माननीय पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू जी से बिना संपर्क किए बड़ी गाड़ियों का परिचालन बाक्साइड में कर रही है ,जिसका कड़ा विरोध किया गया और अगर कंपनी बड़ी गाड़ियों का परिचालन बंद नहीं करती है और हिंडाल्को के बराबर भाड़ा नहीं देती है तो यहां से एक ढेला भी बॉक्साइट



बाहर नहीं भेजना दिया जाएगा, एसोसिएशन ने वैसे लोगों को भी चेतावनी दी जो बाहर की कंपनी के आड़ में अपना स्वार्थ ढूंढ रहे हैं, दूसरी ओर एसोसिएशन ने तय किया है की हिंडालको कंपनी जिसको नया भाड़ा 1 अप्रैल तक तय कर लेना था लेकिन आज तक नया भाड़ा तय नहीं की है ,एक सप्ताह के अंदर अगर हिंडालको कंपनी नया भाड़ा तय नहीं करती है और एरिया भी देना होगा नया भाडा तय नहीं होने की स्थिति में जोरदार आंदोलन की शुरुआत की जाएगी कँपनी गेट के बाहर घेराव और धरना दिया जाएगा और सभी गाड़ियों का परिचालन भी ठप्प किया जाएगा ,वहीं यह भी कहा कि छोटे-छोटे निजी माइंस मालिक भी यहां के ट्रक मालिकों का शोषण कर रहे हैं उनको भी लिखित दिया जा रहा है कि आप अपने माइंस में अपना ट्रक नहीं चलाएंगे ,माइंस भी आपका, ट्रक भी आपका, ऐसा नहीं चलेगा और सभी छोटे माइंसों में ट्रक एसोसिएशन की सहमति से चलेगा और हिंडाल्को के बराबर भाड़ा देना होगा और माल खराब बोलकर जो पैसा काटा जाता है उसको एसोसिएशन नहीं कटने देगी और अंडरलोड में ट्रक चलेंगे ना कि ओवरलोड में ,एसोसिएशन ने यह साफ कहा है की बॉक्साइट यहां की लाइफ लाइन है यहां लगभग 2000 छह चक्का ट्रक है अगर बड़े ट्रक चलेंगे तो यह 2000 ट्रक कहां जाएंगे? और प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से इस बॉक्साइट व्यवसाय से लगभग 1 लाख लोग जुड़े हुए हैं अगर जरूरत पड़ेगी तो हम लोग सारे लोग सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे लेकिन किसी भी कीमत पर कम भाड़ा और बड़ी गाड़ी नहीं चलने देंगे. एसोसिएशन ने यह भी तय किया इस संबंध में जिला प्रशासन को भी लिखित अवगत कराया जाएगा .आगामी 8 मई को छोटानागपुर बॉक्साइट एंड कोल वर्कर्स यूनियन (इंटक) का महा अधिवेशन जो किस्को में है उसकी भी तैयारी की गई सभी ट्रक मालिकों ने एकजुट होकर कहा कि हम सभी माननीय पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू जी के नेतृत्व में शुरू से काम करते आ रहे हैं।

## गड्ढा खोदो, पौधा रोपो के तहत द्वारी पंचायत में हुआ कार्यक्रम




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के द्वारी पंचायत में मुखिया जगदीश यादव ने पूजा अर्चना कर विधिवत रुप से गड्ढा खोदो, पौधा लगाओ अभियान की शुरुआत किया। इस मौके पर बीडीओ राहुल देव के साथ साथ मनरेगा कर्मी मुख्य रूप से उपस्थित थे। बताया गया कि गढ़ा खोदो, पौधों लगाओ अभियान प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में शुरू किया गया है। फिलहाल गढ़े की खुदाई कर छोड़ा जा रहा है। बरसात शुरू होते ही पौधा लगाने का अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में बीपीओ रामकुमार सिंह, मुखिया सरिता देवी, बेबी देवी, सुमीरा कुमारी, निर्मला देवी, डेगन गंझु, पंचायत सचिव उज्वल सिंह, दिगम्बर पांडेय, रोजगार सेवक प्रदीप कुमार, सतेंद्र कुमार वर्मा, पार्वती कुमारी, निर्मल दांगी समेत अन्य मौजूद थे।

## डीजे बजाने को लेकर हुए विवाद में मारपीट, एक घायल



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र मुरपा ग्राम में मंगलवार देर रात शादी समारोह में डीजे बजाने को लेकर हुए विवाद में मारपीट हो गई। जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नरेश कुमार 25 वर्ष पता मुकेश यादव ग्राम आरा थाना बालूमाथ निवासी शादी समारोह में शामिल होने मुरपा गया हुआ था। जहां डीजे बजाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया। जहां दूसरे पक्ष के लोगों ने युवक पर लाठी से हमला कर दिया जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों द्वारा घायलावस्था में युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर संजय सिद्धार्थ के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

## डीसी के अध्यक्षता में जिला ग्रामीण विकास शाखा द्वारा संचालित योजनाओं कि समीक्षा बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला ग्रामीण विकास शाखा एवं 15 वे वित द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की गति व धरातल पर हो रहे कार्यों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में अबुआ आवास, मिट्टी मोरम रोड, पोटो हो खेल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिरसा कूप संवर्धन योजना, मानव दिवस, बिरसा हरित ग्राम योजना, जॉब कार्ड वेरीफिकेशन, एरिया ऑफिसर एप, रिजेक्टेड ट्रांजैक्शन, एनआरएम एक्सपेंडिचर, सोशल ऑडिट, जिओ टैगिंग एवं मनरेगा की विस्तारपूर्वक समीक्षा कर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिया गया।बैठक में उपायुक्त द्वारा अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण एवं बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर आवास योजना के तहत पूर्ण-अपूर्ण कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित प्रखण्डों के प्रखण्ड विकास




पदाधिकारियों को कड़े शब्दों में निर्देशित करते हुए कहा कि शेष बचे कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करें। इस क्रम में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को लंबित योजनाओं में अगले एक हफ्ते के अंदर प्रगति लाने का सख्त निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अलावे बिरसा हरित ग्राम योजना, तालाब एवं कुआं निर्माण आदि से संबंधित प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही योजनाओं के लंबित जिओ टैगिंग को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। उपायुक्त द्वारा मनरेगा योजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने वैसे सभी योजनाओं जो वर्षों से पेंडिंग पड़े हुए हैं उन्हें अविलंब पूर्ण कराने, मानव दिवस सृजन में प्रगति लाने तथा संबंधित पंचायत अंतर्गत एवं लंबित पोटो हो खेल मैदान सहित अन्य योजना को निर्धारित समय तक पूर्ण करने हेतु सख्त निर्देश दिया।समीक्षा के क्रम में 15 वें वित्त आयोग की राशि से संचालित योजनाओं की जानकारी ली गई। बैठक में विस्तृत रूप से प्रखंडवार संचालित योजनाओं की जानकारी लेते हुए आगामी 10 मई तक सभी अपूर्ण योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने निर्देश दिए कि समस्त विकास कार्यों को निर्धारित समय अवधी के भीतर पूरा करें। उन्होंने लंबित कार्यों को शीघ्र अति शीघ्र प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांश, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, संबंधित पदाधिकारी, बीपीओ उपस्थित थे।

## एनएच-75 फोरलेन सड़क निर्माण में बंदोबस्त भूमि के रैयतों को मुआवजा दिलाने की मांग

### एनएचएआई संघर्ष समिति ने उपायुक्त से तत्काल हस्तक्षेप की अपील की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** एनएचएआई संघर्ष समिति ने 30 अप्रैल को उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर एनएच-75 फोरलेन सड़क निर्माण कार्य में अधिग्रहित बंदोबस्त भूमि के रैयतों को मुआवजा भुगतान की मांग की है। ज्ञापन में ग्राम होटवाग और हुडंजीकला, पंचायत परसही, थाना एवं जिला लातेहार के ग्रामीणों ने बताया कि उनकी बंदोबस्त भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है, लेकिन अब तक मुआवजा प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है।समिति ने झारखंड सरकार के राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा पूर्व में जारी निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि बंदोबस्त भूमि को अन्य रैयत भूमि के समकक्ष मानते हुए मुआवजा दिया जाना अनिवार्य है। पूर्व में पूर्वी सिंहभूम, खूंटी, गढ़वा (मेराल) सहित अन्य अंचलों में इस प्रकार की भूमि पर मुआवजा



दिया जा चुका है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि वे भी उक्त निर्देशों के आलोक में बंदोबस्त भूमि के रैयतों को समुचित मुआवजा दिलाएं। समिति ने चेतावनी दी कि यदि समय पर कार्रवाई नहीं की गई, तो व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में संघर्ष समिति के अध्यक्ष गूंजर उरांव, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य लक्ष्मण यादव, प्रमोद यादव, हीरा यादव एवं रंजीत यादव सहित सैकड़ों रैयत उपस्थित थे।

## अनियंत्रित बोलेरो ने बाइक सवार को मारी टक्कर, घायल



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ थाना क्षेत्र के बुकरू ग्राम के समीप बुधवार को एक अनियंत्रित बोलेरो के धक्के से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कुलेश्वर गंझु 24 वर्ष पिता सोमर गंझु ग्राम आरा थाना बालूमाथ निवासी शादी समारोह में शामिल होने अपने घर से बरनी जा रहा था। इसी दौरान बुकरू ग्राम के समीप एक अज्ञात बोलेरो ने उसे पीछे से टक्कर मार दिया और फरार हो गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया ।घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

**हजारीबाग और कोडरमा वन्यप्राणी आश्रयणी क्षेत्रों की निगरानी समिति की बैठक संपन्न**

# ईको सेंसिटिव जोन की प्रभावी निगरानी और विकास-संरक्षण संतुलन पर हुआ मंथन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल अंतर्गत आने वाले हजारीबाग वन्यप्राणी आश्रयणी एवं कोडरमा वन्यप्राणी आश्रयणी क्षेत्रों की परिस्थितिकी संवेदी जोन के अनुश्रवण हेतु गठित निगरानी समिति की बैठक का आयोजन आज (बुधवार) को आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय कार्यालय के सभा कक्षा में किया गया जिसकी अध्यक्षता आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग के द्वारा की गई। बैठक का उद्देश्य अधिसूचना में वर्णित पर्यावरणीय प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं संरक्षण गतिविधियों की निगरानी सुनिश्चित करना था।

**बैठक में निम्नलिखित महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श कर लिए गए निर्णय**

जोनल मास्टर प्लान बाह्य स्रोत के जरिए तैयार करने का निर्णय कोडरमा एवं हजारीबाग दोनों वन्यप्राणी आश्रयणियों के लिए ईको-सेंसिटिव जोन का व्यापक और संतुलित ज़ोनल मास्टर प्लान तैयार करने पर चर्चा की गई। जिसमें सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि दलमा वन्यजीव अभ्यारण के तर्ज पर इस क्षेत्र में भी जोनल मास्टर प्लान आउटसोर्स के द्वारा विशेषज्ञ एजेंसी से बनाया जाए ताकि विकास एवं संरक्षण में संतुलन सुनिश्चित किया जा सके।

**डीवीसी द्वारा संचालित ऊर्जा संयंत्र से उत्सर्जित फ्लाई ऐस/पौन्ड ऐस के निष्पादन हेतु चर्चा**

हजारीबाग जिले के इचाक अंचल परित्यक्त पत्थर खदानों में फ्लाई ऐस/पौन्ड ऐस भराई किए जाने के प्रस्ताव पर समिति ने पर्यावरणीय प्रभावों के आकलन के साथ-साथ



कानूनी वैधता के समीझोपरांत निर्णय लिया गया कि लीचिंग टेस्ट एवं अन्य के संबंध में विशेषज्ञ संस्था आईआईटी धनबाद व अन्य से परामर्श के अनुसार आवश्यक कार्रवाई के उपरांत नियमानुसार ऐस फीलिंग का कार्य किया जा सकता है।

**इको सेंसिटिव जोन अधिसूचना में सम्मिलित ग्रामों की सूची एवं नक्शा में भिन्नता पर हुआ विचार विमर्श**

कोडरमा वन्यप्राणी आश्रयणी की ईको सेंसिटिव जोन अधिसूचना में शामिल ग्रामों की सूची में डोमचांच मौजा एवं इको सेंसीटिव जोन में दर्शायी गई सीमाओं के बीच अंतर के विषय पर चर्चा हुई। इस विसंगति को स्पष्ट करने हेतु इको सेंसेटिव जोन के बाहर किए जाने वाले प्लॉटवार विवरणी के साथ राज्य सरकार को इसकी जानकारी देते हुए इस पर अनुमोदन प्राप्त करने का निर्णय लिया गया।

**बीपीसीएल पेट्रोल पंप के निर्माण प्रस्ताव पर चर्चा**

कोडरमा वन्यप्राणी आश्रयणी के ईको सेंसिटिव जोन अंतर्गत मौजा मेघातरी, प्लॉट संख्या 471, खाता संख्या 16, कोडरमा थाना संख्या 344 में भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित पेट्रोल पंप निर्माण पर विचार करते हुए इको सेंसेटिव जोन की मार्गदर्शिका या अधिसूचना के अनुसार आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया। आयुक्त महोदय ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वे पर्यावरणीय संरक्षण के साथ सभी विकासात्मक प्रस्तावों का संतुलित मूल्यांकन करें एवं अधिसूचना की भावना के अनुरूप कार्य करें। बैठक में डीएफओ हजारीबाग वन्यप्राणी आश्रयणी, डीएफओ हजारीबाग पूर्वी, डीएफओ हजारीबाग पश्चिमी, डीएफओ कोडरमा, डीएमओ हजारीबाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# संजय मेहता ने विदेश मंत्री को लिखा पत्र

**नाइजर में फँसे बगोदर के मजदूरों की सकुशल वापसी के लिए किया अपील**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही झारखंड के गिरिडीह जिले के बगोदर क्षेत्र के पांच मजदूरों का पता नहीं चल पा रहा है। वे पश्चिमी अफ्रीका के देश नाइजर में आतंकवादियों द्वारा अपहरण का शिकार हुए हैं। उनकी सुरक्षित वापसी के लिए हजारीबाग लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी बरही निवासी संजय मेहता ने भारत सरकार के विदेश मंत्री एस. जयशंकर और नाइजर में भारत के राजदूत सीता राम मीना को पत्र लिखकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। यह घटना 25 अप्रैल 2025 को नाइजर की राजधानी नियामे से लगभग 115 किलोमीटर दूर तिल्लाबेरी में घटी। यहाँ पर



आतंकवादियों ने एक पावर ट्रांसमिशन साइट पर हमला किया। इस हमले में 12 सुरक्षाकर्मियों की जान चली गई और बगोदर के पांच मजदूरों संजय महतो, चंद्रिका महतो, फलजीत महतो, राजू कुमार और उत्तम महतो का अपहरण कर लिया गया। ये मजदूर कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड (केपीआईएल) द्वारा संचालित प्रोजेक्ट में कार्यरत थे। संजय मेहता ने अपने पत्र में सभी मजदूरों के पासपोर्ट विवरण और संपर्क जानकारी भी मंत्रालय को प्रदान की है। साथ ही उनके परिजनों की चिंता और व्यथा को रेखांकित किया है। उन्होंने विदेश मंत्री और भारत के राजदूत से इस गंभीर मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर मजदूरों की सकुशल वतन वापसी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। संजय मेहता ने इस दिशा में हर संभव प्रयास करने का भरोसा दिलाया है और सरकार से अपेक्षा की है कि वह इन मजदूरों के परिवारों को राहत प्रदान करने के लिए शीघ्र कदम उठाए। उन्होंने बताया कि हमने पीड़ित परिवारों से बात की है। मैंने सरकार को सूचित किया है। फिलहाल मजदूरों का पता नहीं चल पा रहा है।

# एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने विद्यालय को पचास हजार का सहायता प्रदान किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने अपनी सतत समुदाय विकास पहलों के तहत नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय, बनहप्पा, हजारीबाग को वित्तीय एवं सामग्री सहयोग प्रदान किया। विद्यालय को सहायता राशि की दूसरी किश्त के रूप में 50,000 प्रदान किया गया, जिससे परियोजना क्षेत्र से बाहर भी समावेशी विकास के प्रति एनएमएल की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। इस अवसर पर जागृति महिला संघ की अध्यक्षा अनीता दास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुई। जेएमएस की उपाध्यक्ष मीनाक्षी सक्सेना तथा कार्यकारिणी सदस्य भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। वित्तीय सहायता के साथ-साथ, एनएमएल पीबीसीएमपी द्वारा बच्चों के पोषण और शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु हॉर्लिक्स, मिल्क



पाउडर जैसे पौष्टिक आहार एवं नोटबुक, पेन आदि शैक्षणिक सामग्री भी वितरित की गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने एनएमएल पीबीसीएमपी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग परियोजना क्षेत्र से बाहर भी समाज कल्याण के लिए संस्था की सक्रिय भूमिका को दर्शाता है। यह पहल स्थानीय समुदायों में शिक्षा और समग्र विकास को बढ़ावा देने की एनएमएल की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

# केरेडारी में भगवान परशुराम की जयंती मनाई गई

**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तरहेसा में गुरु श्रेष्ठ भगवान परशुराम की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर भगवान परशुराम के अनुयाइयों ने बारी बारी से इनके



प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तत्पश्चात भगवान परशुराम जी का गुणगान किया गया। साथ हीं गुरु परशुराम के संदेश से आने वाली पीढ़ी को अवगत कराने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध समाजसेवी सुशील ओझा और संचालन सुप्रसिद्ध समाजसेवी सह पूर्व उप प्रमुख रामस्वरूप ओझा ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेत्री पूनम साहू भाजपा जिला मंत्री कुणाल किशोर दुबे पांडु पंचायत के पूर्व मुखिया राकेश रंजन दुबे भोला महतो शामिल हो कर भगवान परशुराम के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर एक सौ फरसा एक सौ अंग वस्त्र से अतिथियों को सम्मानित किया गया। मौके पर भाजपा नेत्री पूनम साहू कुणाल किशोर दुबे राकेश रंजन दुबे भोला महतो अनिल ओझा कैलाश पांडेय सूरज तिवारी दिजन ओझा बिकु ओझा विजय ओझा सुशील ओझा संजय ओझा दीपक ओझा मनीष ओझा नरेश ओझा सहित समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, रामनगर में दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, रामनगर, हजारीबाग में दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन हर्षोल्लास से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाबन तिवारी (सेवानिवृत्त सहायक वैज्ञानिक पदाधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण परिषद) तथा विशिष्ट अतिथि ज्ञान चंद्र मेहता पूर्व जिला संघचालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (सेवानिवृत्त प्राचार्य, सरकारी आईटीआई), हजारीबाग रहे। विद्यालय के सचिव कौशल किशोर सिंह (सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य, प्लस टू विद्यालय) और बड़ा बाजार शिशु मंदिर के आचार्य रामप्रकाश मेहता, विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार तथा उपस्थित दादा-दादी, नाना-नानी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उपरोक्त सभी को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के भैया-बहनों ने अपने दादा-दादी तथा नाना-नानी का पारंपरिक विधि से पाँव पूजन किया, तिलक लगाकर और आरती उतारकर उनसे आशीर्वाद



प्राप्त किया। इस भावपूर्ण दृश्य ने उपस्थित सभी लोगों को भावविभोर कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में बहनों के मधुर स्वरों के माध्यम से स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कक्षा द्वितीया एवं तृतीया की बहनों ने माँ यशोदा पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा चतुर्थ की बहनों ने सच है कि भगवान है शीर्षक पर नृत्य की प्रस्तुति दी। कक्षा पंचम की बहनों ने मुझे क्या बेचेगा रुपैया गीत पर शानदार नृत्य प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में घर-परिवार में बच्चों के संस्कार निर्माण में दादा-दादी और नाना-नानी की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएँ आरती कुमारी, सुधा राय, कविता सिंह, पुष्पा पाठक, सदन दफुवार, ऋषिका जानवी, सरिता कुमारी, नैंसी कुमारी, अभिषेक आनंद और दीपक कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम अत्यंत आत्मीयता, उल्लास और श्रद्धा के वातावरण में संपन्न हुआ। सैंकड़ों विद्यार्थी मौजूद रहे।

# पूर्व प्रधानाध्यापक मुनेश्वर राम हुए सेवानिवृत्त, दी गई विदाई

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रखण्ड अंतर्गत करियातपुर स्थित उत्क्रमित प्लस 2 उच्च विद्यालय करियातपुर के पूर्व प्रधानाध्यापक मुनेश्वर राम 30 अप्रैल 2025 को सेवा निवृत्त हो गए। उन्होंने कुल 36 वर्ष 9 माह तक शिक्षा जगत में अपनी सेवाएं दीं। इस



दौरान वे शिक्षक के रूप में समर्पित भाव से कार्यरत रहे और 1 जून 2018 से 5 सितंबर 2024 तक उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय करियातपुर में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत रहे। अपने लंबे सेवाकाल के दौरान मुनेश्वर राम छात्रों, शिक्षकों और ग्रामीणों के बीच मृदु भाषी, अनुशासित और समर्पित शिक्षक के रूप में विख्यात रहे। उनकी विदाई पर विद्यालय परिसर में एक भावभीना समारोह आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता वर्तमान प्रधानाध्यापक विजय कुमार दास ने की और संचालन शिक्षक किशोर कुमार ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं द्वारा भावनात्मक विदाई गीत से हुई, जिसमें लक्ष्मी कुमारी, मोहम्मद इरशाद, निधि कुमारी, गीता कुमारी और नीतू सिंह ने अपनी स्वरांजलि दी। इस मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार दास ने मुनेश्वर राम को अपना आदर्श बताते हुए कहा कि 36 वर्ष 9 माह की बेदाग सेवा और समय पालन की आदत हम सभी के लिए प्रेरणा है। विद्यालय के शिक्षकों अजय कुमार, रामेश्वर रविदास, अनिल केसरी, रमेश प्रजापति, निरंजन महतो और कंप्यूटर शिक्षक विजय कुमार ने उनके कार्यकाल के दौरान विद्यालय के प्रति उनकी निष्ठा और समर्पण पर प्रकाश डाला। इस विशेष अवसर पर मुनेश्वर राम के पूरे परिवार की उपस्थिति ने समारोह को और भी भावुक बना दिया। उनकी पत्नी शकुंतला सिन्हा स्वयं भी एक सहायक शिक्षिका हैं। विद्यालय की ओर से प्रधानाध्यापक विजय कुमार दास ने मुनेश्वर राम और उनकी पत्नी को अंग वस्त्र, शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। साथ ही विद्यालय के सभी शिक्षकों ने मिलकर उन्हें विशेष उपहार भेंट किए। गांव के मुखिया मनोज कुमार, विद्यालय अध्यक्ष नरेश ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष सकलदेव शर्मा, एसएमसी सदस्य देवचंद रविदास, सीआरपी अरुण मेहता, आंगनबाड़ी सेविका वीणा कुमारी, सेवानिवृत्त शिक्षक मुरली मनोहर प्रसाद और जागेश्वर प्रसाद भी समारोह में विशेष रूप से उपस्थित रहे।समारोह के अंत में मुनेश्वर राम ने अपने भावुक उद्बोधन में सभी शिक्षकों और छात्रों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सेवानिवृत्ति पर शिक्षक को ससम्मान दी गई विदाई

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत अचलजामो राजकीय मध्य विद्यालय के शिक्षक सुनिल कुमार यादव बुधवार को



सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से शिक्षकों द्वारा गुलदस्ता एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित कर सह सम्मान विदाई दी गई। इस संबध में बताया गया कि अचलजामो राजकीय मध्य विद्यालय में शिक्षक सुनिल कुमार यादव लगभग दस वर्षो तक अपनी सेवा दी। अपने अच्छे सेवा भाव से सभी छात्र-छात्राओं के बीच अपनी जगह बनाई थी जिससे भावुक होकर बच्चो ने विदाई दी। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार, जय प्रकाश यादव, अरूण कुमार गोस्वामी, प्रकाश कुमार, रघुनंदन प्रसाद, हीरालाल महतो, रंजीत कुमार महतो, अशोक कुमार, जयप्रकाश राय, हिरालाल प्रसाद, सिकन्दर यादव, प्रमोद कुमार, अनूज कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जागेश्वर पासवान उपस्थित थे।

# बनासो माँ महामाया मंदिर में परशुराम जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड के बनासो स्थित माँ बागेश्वरी मंदिर में ब्राह्मण समाज ने अक्षय तृतीया को भगवान परशुराम जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस अवसर पर आचार्य पुरेन्द्र पांडेय ने भगवान परशुराम के तस्वीर पर पूजा अर्चना पुष्पांजलि करवाकर उनके नाम का जयकारा का उदघोष करवाया। इस मौके पर आचार्य पुरेन्द्र पांडेय ने कहा कि परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार है। प्रत्येक वर्ष हमलोग अक्षय तृतीया के दिन पूजा अर्चना कर उनका जन्मोत्सव धूमधाम से मनाते हैं। आगे कहा कि भगवान परशुराम शस्त्र व शास्त्र दोनों के ज्ञाता थे। इसके साथ ही पहलगाम हमले की निंदा करते हुए लोगो ने आतंकवादियों को शीघ्र सजा देने की मांग की। इस मौके पर सुरेंद्र नाथ पांडेय, राजकिशोर पांडेय, विजय नन्दन पांडेय, सुखदेव पांडेय, बंटी मिश्र, लक्ष्मी कांत पांडेय, श्यामाकांत पांडेय ,प्रदीप पांडेय, सुबोध पांडेय, भोलानाथ पांडेय, महेंद्र पांडेय,अनंतलाल पांडेय,रंजय पांडेय, श्री पांडेय, नीतीश पांडेय, कर्मवीर पांडेय,अभिमन्यु पांडेय, मदन पांडेय, नारायण पांडेय आदि उपस्थित थे।

# स्कूली बच्चों के बीच मुखिया पूनम कुमारी दास ने बैग एवं किट का किया वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय चेड़रा बालक विष्णुगढ़ में बुधवार को मुखिया पूनम कुमारी दास के हाथो नन्हे- मुन्ने बच्चो के बीच स्कूल बैग एवं कीट सेट का वितरण किया गया। जिसमे कक्षा एक से लेकर कक्षा पांच तक के बच्चों को पेंसिल, पेन, रबर, कटर, बैग आदि का वितरण किया गया। वितरण के दौरान मुखिया पूनम कुमारी दास ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा उपलब्ध अध्ययन की पूरी सामग्री बच्चों को मुफ्त में दी जा रही है, जिससे बच्चों को पठन-पाठन करने में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने बच्चो से अपील करते हुए कहा कि आप साफ पोशाक में नित्यदिन विद्यालय पहुंचे और मन लगाकर पढ़ाई करे, जिससे आप एक उच्चे मुकाम हासिल कर सकते हैं और अपने राज्य और देश के साथ माता पिता का नाम रोशन कर सकते हैं। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षिका प्रियंका कुमारी, ममता मिश्रा, दीपिका कुमारी, प्रियंका कुमारी, गुड़िया कुमारी, शिक्षक मोहम्मद अयाज, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजू रवानी, मुखिया प्रतिनिधि विनय कुमार दास समेत कई अन्य लोग भी मौजूद थे।

# जिला स्तरीय सहिया एवं सीएचओ सम्मान समारोह आयोजित, उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित




प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैन्सी सहाय के निर्देशानुसार जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वधान में बुधवार को स्थानीय नगर भवन में जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन-सह आदर्श दंपत्ति सम्मेलन एवं सीएचओ सम्मान समारोह 2025 का आयोजन किया गया। समारोह का उदघाटन कार्यक्रम मे आए अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवाओं में सहियाओं और सीएचओ की भूमिका की सराहना की गई। इस अवसर पर डॉ. शशि जायसवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी बनाने में सहियाओं और सीएचओ की अहम भूमिका होती है। सहिया और सीएचओ स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ के रूप में जानी जाती हैं। सहिया के अस्तित्व में आने से स्वास्थ्य विभाग को मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि समारोह के माध्यम से सहिया एवं सीएचओ के अनुभव एवं तकलीफ को समझने का प्रयास किया जा रहा है। संस्थागत प्रसव कराने, फैमिली प्लान्स को इंप्रूव करने सहित कई कार्यो में आपकी सहयोग सराहनीय रही है। उन्होंने सभी स्वास्थ्य सहिया और सीएचओ को आगे भी अधिक समर्पित भाव से कार्य करने को प्रेरित किया।

# संविधान बचाओ अभियान के तहत की गई प्रेसवार्ता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण वल्लभ आश्रम में संविधान बचाओ अभियान के तेहत एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव ने की । झारखंड प्रदेश के गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संवैधानिक मूल्यों के बेतुके उल्लंघन और राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से केंद्रीय एजेंसी के खुले तौर पर हथियारबंद किए जाने संघीय सिद्धांतों के बार-बार अतिक्रमण और बढ़ती महंगाई बेरोजगारी तथा बढ़ती असमानता पर सरकार किस शर्मनाक उपेक्षा के खिलाफ एक शक्तिशाली जनआधारित राजनीतिक प्रतिरोध का प्रतीक है ।संविधान के प्रति एक घोर अपमान की भावना से न्यायपालिका को भी अब अप्रत्यक्ष धमकियों और दबाव की रणनीति से शिकार बनाया जा रहा है जो बढ़ती तानाशाही का स्पष्ट संकेत है । इन्होंने कहा कि राज स्तरीय संविधान बचाओ रैली 6 मई को रांची में पुराने विधानसभा धुर्वा मैदान में आयोजित की गई है इस कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे राष्ट्रीय महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और केंद्र स्तरीय नेता, प्रदेश स्तरीय नेता विभिन्न जिला के पदाधिकारी और भारी संख्या में जनता की भागीदारी होगी। इसके बाद जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैलियां 4 में से 10 मई तक प्रत्येक जिला मुख्यालय में जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में किया जाएगा इस कार्यक्रम के बाद विधानसभा स्तरीय संविधान बचाव रैली 11 से 17 मई तक हर विधानसभा मुख्यालय में सुनिश्चित किया गया है । इसके बाद 20 मई 30 मई तक घर-घर जन संपर्क अभियान




चलाया जाएगा । इस अभियान में लगातार उन्मुख मुद्दों को उजागर किया जाना चाहिए जो हमारे गणतंत्र की सुरक्षा के लिए खतरा है । झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रवक्ता रियाज अंसारी ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा संविधान और स्वतंत्र संस्थानों पर लगातार किए जा रहे हैं हमले केंद्रीय एजेंसीयों के माध्यम से पार्टी नेतृत्व के खिलाफ सत्ता का खुला दुरुपयोग और महंगाई व रोजगार सृजन में सफलता ने देश को गंभीर संकट में धकेल दिया है इस सरकार की नीतियों ने सामाजिक असमानताओं को बढ़ाया है और गरीबों व सबसे कमजोर वर्गो को निराश किया है । प्रदेश में 06 मई को होने वाले संविधान बचाओ रैली कार्यक्रम में भारी संख्या में हजारीबाग से कांग्रेसी कार्यकर्ता भाग लेंगे । संवाददाता सम्मेलन में मुख्य रूप से महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज नारायण भगत वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक देव जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान सेवादल के जिला अध्यक्ष गुड्डु सिंह सहकारिता जिला अध्यक्ष कृष्णा किशोर प्रसाद, संजय तिवारी, दिलीप रवि, मो.मुस्ताक, अजय गुप्ता, परवेज अहमद, राजू चौरसिया, डॉ भैया असीम, मुगेश्वर चौधरी, विजय कुमार सिंह, अजीत सिंह आदि कांग्रेस जन उपस्थिति रहे ।

# बरही नगर भवन में स्कूल रूआर 2025 को लेकर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला आयोजित

**बीडीओ ने अनुपस्थित शिक्षकों पर जताई नाराजगी, बीईईओ को स्पष्टीकरण लेने का निर्देश**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही शिक्षा की मुख्यधारा से वंचित बच्चों को फिर से विद्यालय से जोड़ने के उद्देश्य से बुधवार को बरही नगर भवन में स्कूल रूआर 2025 अभियान के अंतर्गत प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने की, जबकि संचालन शिक्षक तुलसी कुमार दास और मथुरा प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया।कार्यशाला की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें विधायक प्रतिनिधि सह भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, प्रमुख मनोज रजक, बीईईओ किशोर कुमार, जीप सदस्य प्रीति कुमारी, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, करियातपुर के मुखिया मनोज कुमार, मोतीलाल चौधरी और पारा शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय दुबे सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि स्कूल रूआर 2025 का उद्देश्य उन बच्चों को पुनः शिक्षा से जोड़ना है, जो या तो स्कूल छोड़ चुके हैं या अब तक विद्यालय से वंचित रहे हैं। उन्होंने समाज के प्रत्येक व्यक्ति से इस अभियान में सहयोग देने की अपील की। प्रखंड प्रमुख मनोज रजक ने पंचायत प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में ऐसे बच्चों की पहचान कर उन्हें स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करें। बीडीओ जयपाल महतो ने कहा कि यह जिम्मेदारी केवल शिक्षा विभाग की नहीं, बल्कि पूरे समाज की है। सभी पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षकों और अभिभावकों को मिलकर इस अभियान को सफल बनाना होगा। उन्होंने शिक्षकों से अपील किया कि वह बच्चों को किताबी ज्ञान के अलावा नैतिक शिक्षा भी देने का काम करें। बीईईओ किशोर कुमार ने जानकारी दिया कि पूरे प्रखण्ड क्षेत्र में 5810 बच्चें एडमिशन के बाद भी विद्यालय नही आ रहे है, उन्हें वापस लाना इस अभियान का उद्देश्य है। पारा शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय दुबे ने कहा कि शिक्षा सभी का अधिकार है और यह सुनिश्चित करना हम सभी का कर्तव्य है कि कोई भी बच्चा इस अधिकार से वंचित न रहे। उन्होंने आश्वासन दिया कि शिक्षक इस अभियान में पूरी निष्ठा से भाग लेंगे। इस अवसर पर बीपीएम अरुण शर्मा, रवि चौरसिया, शिक्षक रविकांत ओम, रिजवान अहमद, अनूप प्रधान, मो. मंसूर, राजेन्द्र कुमार समेत कई शिक्षक एवं पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यशाला में कई शिक्षक और प्रधानाध्यापक अनुपस्थित पाए गए, जिस पर बीडीओ जयपाल महतो ने नाराजगी जताई और बीईईओ को निर्देश दिया कि सभी अनुपस्थित प्रधानाध्यापकों से स्पष्टीकरण लिया जाए।

## सड़क दुर्घटना में फनिकपुर के युवक की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हुई

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रजरप्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत सोसो पंचायत के फनिकपुर गांव निवासी 24 वर्षिय युवक संदीप कुमार पिता महेन्द्र महतो की एक सड़क दुर्घटना में दर्दनाक घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना के संबन्ध में बताया जाता है की माडू थाना क्षेत्र के बलिया गांव में अपने ममेरी बहन की शादी समारोह से मृतक युवक दो पहिया वाहन पर सवार होकर मंगलवार की देर रात्रि अपने घर वापस फनिकपुर आ रहे थे इसी दौरान सड़क दुर्घटना हुई। घटना धनबेडवा गांव के समीप बाइक चालक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ में जा टकरा गया, माथा मे गंभीर चोट लगी, खून का रिसाव बहुत अधिक होने से युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई है। बताया जाता है की युवक के पिता की मौत छः माह पहले हो गई थी, घर का मात्र एक कमाऊ लड़का था। बुधवार को उनके शव का सदर अस्पताल रामगढ़ किया गया, पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंपा गया, मृतक का शव घर पहुंचते ही परिजन फ़फ़क कर रो पड़े और पूरा गांव मे मातम छा गया। वहीं गांव के लोग शोक मे डूबे रहे।

## चतुर्थ पुण्यतिथि पर समाजसेवी अजय साहू को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतुर्थ पुण्यतिथि पर समाजसेवी अजय साहू को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि। डिवाइन ओंकार मिशन के प्रांगण में बच्चों को बीच पाठ्य सामग्री एवं आइसक्रीम का किया गया वितरण। स्वर्गीय अजय साहू के स्मृति में डिवाइन ओंकार मिशन के प्रांगण में प्रत्येक माह की तीस तारीख को चार साल से लगातार चल रहा है अटूट लंगर सह प्रसाद कार्यक्रम। आज डिवाइन ओंकार मिशन के प्रांगण में स्वर्गीय अजय साहू के तैलय चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर डिवाइन ओंकार मिशन के सचिव राजेश नेगी, अमित साहू, सरोज साहू, कुमार अक्षत साहू, गीता कुमारी, हसनैन बारसी, समेत अनेकों गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

## विश्व कल्याण तभी होगा जब गौ माता की सेवा का बीड़ा उठाएंगे, गौ माता की सेवा सबसे बड़ा धर्म है : मारवाड़ी युवा



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट शाखा द्वारा बारह महीने बारह कार्यक्रम के अंतर्गत रामगढ़ गौशाला में गौवंशों को गुड लपसी एवं हरा चारा खिला कर गौसेवा का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम से पूर्व युवा मंच के सदस्यों द्वारा गौ माता को पुष्पार्पण कर पूजन तथा गौ माता की परिक्रमा की गई। इसके बाद गौ माता को गौग्रास खिलाया गया।इस कार्यक्रम के बतौर संयोजक रौनक अग्रवाल, रितिक परसरामपुरिया व साकेत चौधरी ने बताया भारतीय संस्कृति में गाय को माता कहा गया है। उन्हें समस्त शुभ कार्यों एवं धार्मिक कृत्यों की सम्पूर्ति में सहायक माना गया है। अध्यक्ष धीरज बंसल व सचिव श्रींजय मेवाड़ ने बोला भगवान श्रीकृष्ण के गाय प्रेम को सभी भारतवासी अच्छी तरह से जानते हैं, इसलिए उनका एक नाम 'गोपाल' भी पड़ा। भारत में गाय को रोजाना रोटी देने का चलन है और गौमाता के नाम से पुकारा जाता है। दीपावली के अवसर पर गोवर्धन पूजा के दिन गायों की ही पूजा की जाती है।अतीत काल में गोवंश अर्थव्यवस्था का बहुत ही कारगर साधन रहा है और आज भी है। गाय केवल एक प्राणी मात्र नहीं है, उसे हम गौ माता केवल धार्मिक दृष्टि से नहीं कहते हैं बल्कि उसके महत्व और उपयोगिता के कारण कहते हैं। गैया मैया हमारे आर्थिक सांस्कृतिक धार्मिक दृष्टि से हमारे जीवन का आधार है। केवल गाय की संगति से अपराधी स्वभाव में परिवर्तन आ जाता है। यह विचार मंच के मीडिया प्रवक्ता राहुल अग्रवाल ने गौ सेवा कार्यक्रम में रखे।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा मंच के धीरज बंसल, श्रींजय मेवाड़, आशीष अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, रौनक अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, रवि अग्रवाल, अजीत अग्रवाल, रीतिक परसरामपुरिया, प्रदयुमन गोयल, साकेत चौधरी आदि सदस्यों ने अपना योगदान दिया।

## रामगढ़ चैंबर्स ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ ने बिजली की समस्यों को लेकर अधीक्षण अभियंता रामगढ़ अंचल को सौंपा ज्ञापन




**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ मंगलवार को रामगढ़ चैम्बर्स ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष मंजीत सहानी के नेतृत्व में से एक प्रतिनिधिमंडल रामगढ़ शहर एवं शहर के आस पास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की लचर व्यवस्था के संबंध में अधीक्षक अभियंता रामगढ़ अंचल से मुलाक़ात की एवं चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने पावरकट की मेंटेनेंस के लिए निर्धारित समय ओवरहेड वायर सहित स्मार्ट मीटर से जुड़ी परेशानियां बतायी साथ ही साथ इन्हीं सब विषयों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा जो निम्न प्रकार है1. रामगढ़ शहर का विद्युतापूर्ति बाधित होने पर पूरे रामगढ़ का विद्युतापूर्ति बाधित कर दी जाती है जबकि पाँच (5)ए वी स्विच लगा हुआ है जिसका उपयोग नहीं किया जाता है2. स्मार्ट मीटर लगने के बाद भी बिल निर्गत नहीं हो रहा है 3. बिजली विभाग के अधिकारियों का बैठने की समय सुनिश्चित हो ताकि उपभोक्ता का कार्य बाधित न हो 4. रामगढ़ शहर एवं आस पास के क्षेत्रों में बिजली के तारों की स्थिति जर्जर अवस्था में है जो हल्के हवा के झोंके में भी टूट जाते हैं उसे अविलंब बदला जाना चाहिए5. पूरे रामगढ़ शहर में 33 हज़ार केबीए के तार कहीं अंडरग्राउंड है तो कहीं पर ओवर हेड है?ओवर हेड तार को अंडरग्राउंड करने का कष्ट किया जाए 6. चेंबर और जे0बी0भी0एन0एल रामगढ़ का वॉट्सएप ग्रुप में बिजली ब्रेकडाउन या लोड शेडिंग के बारे में जानकारी दी जाती थी यह भी अभी बंद है उसे प्रारंभ कर दिया जाए 7. भुरकुंडा बाज़ार में बिजली तारों की स्थिति काफ़ी जर्जर अवस्था में है जिसके कारण लगातार विद्युतापूर्ति बाधित होती रहती है जल्द से जल्द जर्जर तारों को बदला जाए8. बिजुलिया स्थित अग्रवाल टिंबर के कोने पर बिजली का पोल होने के कारण यातायात में काफ़ी व्यवधान उत्पन्न होता है अतः उस पोल को सड़क के दूसरी तरफ़ हस्तांतरित किया जाए इन सभी मुद्दों पर अधीक्षक अभियंता रामगढ़ अंचल ने चेंबर के प्रतिनिधिमंडल को जल्द से जल्द इन समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया आज के प्रतिनिधिमंडल में रामगढ़ चेंबर ऑफ़ कॉमर्स के एंड इंडस्ट्रीज़ के अध्यक्ष मंजीत सहानी,आदि थे ।

## रेलीगढा में ई-आक्शन डीओ की मांग को ले मजदूर आंदोलन पर, लोकल सेल मे ट्रांस्पोटिंग है ठप

# विधानसभा मे गुजेंगी रेलीगढा लोकल सेल का मामला : आरडी मांझी

● भुखमरी के कगार पर खडे है क्षेत्र के हजारो मजदूर, पुनविर्चार नही तो होगा जनांदोलन : राजेंद्र गोप

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गिददी :** अरगडा प्रक्षेत्र के रेलीगढा कोलियरी मे शांतिपूर्ण ढंग से रोड सेल मजदूरो ने ई-आक्शन डीओ की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन ट्रांस्पोटिंग ठप कर दिया है। इस दौरान भाकपा माले नेता आरडी मांझी ने कहा कि रेलीगढा लोकल सेल मे ई-आक्शन की डीओ नही लगने हजारो मजदूर रोजगार के लिए दर-दर भटक रहे। कहा कि प्रबंधन जानबूझकर लोकल सेल मे ई-आक्शन का डीओ नही लगा रही है जिससे क्षेत्र के हजारो मजदूर बेघर होने की कगार पर खडी है। उन्होने कहा 40 वर्षो से रेलिगढा लोकल सेल नियमित रूप से चल रही थी लेकिन ई-आक्शन की डीओ प्रबंधन द्वारा नही लगाने मजदूरो के समक्ष जीविकोपार्जन की स्थिति उत्पन्न हो रही है। प्रबंधन के प्रति मजदूरो मे काफी जनाक्रोश व्याप्त है। कहा कि प्रबंधन मजदूरो की मांगो पर पुनर्विचार करे अन्यथा विधानसभा मे रेलिगढा लोकल सेल का मामला भाकपा माले विधायक के द्वारा उठाया जायगा। वहीं भाकपा माले नेता राजेंद्र गोप ने कहा कि लोकल सेल बंद होने से मजदूरो मे भुखमरी की बादल मंडरने लगी है। कहा कि प्रबंधन अविलंब मजदूरो की मांगो पर सकारात्मक पहल करे अन्यथा भाकपा माले, विस्थापित व लोकल सेल संचालन समिति सड़क से सदन तक आंदोलनरत होंगे। उन्होने प्रबंधन को चेतावनी दिया की प्रबंधन मजदूरो की न्याय संगत मांगो पर पुनर्विचार करे नही अनिश्चितकालीन ट्रांस्पोटिंग ठप रहेगी। ट्रांस्पोटिंग ठप के दौरान भाकपा माले जिला सचिव पच्चू राणा, शहीद अंसारी, सुंदरलाल बेदिया, बहादुर बेदिया, कैलाश महतो, इस्लाम अंसारी, उमेश राम, अमृत राणा, फकरुदीन अंसारी व अशोक गुप्ता ने संयुक्त रूप से कहा कि रेलीगढा लोकल सेल कई दिनो से बंद पडी हुई है। क्षेत्र के हजारो मजदूरो के समक्ष रोजी रोटी की समस्या उत्पन्न हो रही है। प्रबंधन मजदूरो की मांगो पर चुप्पी साधे है ऐसे मे मजदूरो के समक्ष रोजी रोटी की कठिन चुनौतियां झलक रही है। मजदूरो के हित मे भाकपा माले कार्यकर्ता हक अधिकार की लडाई को जारी रखेंगे। वक्ताओ ने एक श्वर मे कहा कि प्रबंधन उग्र आंदोलन करने को मजबूर न करे नही तो पुरे अरगड्डा प्रक्षेत्र के कोलियरी अनिश्चितकालीन के लिए ट्रांस्पोटिंग ठप कर दिया जायगा। कहा कि प्रबंधन अविलंब ई-आक्शन डीओ लगाकर मजदूरो को रोजगार मुहैया कराये।तत्पश्चात भाकपा माले कार्यकर्ताओ ने रेलीगढा चेकपोस्ट के समीप एकत्रित होकर ट्रांस्पोटिंग ठप करने के दौरान जमकर केंद्र सरकार विरोधी नारे बाजे की। ट्रांस्पोटिंग ठप आंदोलन मे ये लोग थे इस मौके पर मौजूद भाकपा माले नेता उमेश राम, मनीष यादव, जैनुल अंसारी, फकरुदीन अंसारी, मनीष किस्कु, राम किशुन मुर्मू, युनूस अंसारी, लालदेव महतो, उमेश बेदिया, जगमोहन महतो, गोपाल राम, हरी प्रसाद, महेश बेदिया, चरकु तुरी, फागू बेदिया संगीता देवी, किरण देवी, सीमा देवी, आरती देवी आदि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## बाइक व मोबाइल चोरी मामले में प्राथमिकी अभियुक्त मो.अलतमस को उरीमारी पुलिस ने भेजा जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता



**उरीमारी :** बड़कागांव प्रखंड के पोटंगा पंचायत अंतर्गत जरजरा स्थित एक मकाननुमा गैरेज में विगत वर्ष 2021 में चोरी कि हुई घटना में शामिल तीन आरोपीयो में एक आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। बाकी दो आरोपी पहले ही बेल पर बाहर हैं। चोरी घटना में शामिल मो अलतमस को उरीमारी पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को उसे सलाखों के पिछे भेज दिया। इस संदर्भ में उरीमारी ओपी प्रभारी रथू उरांव ने बताया कि मामला आज से चार वर्ष पुराना है। जरजरा के कृष्णा कुमार साव पिता पैरों साव के मकाननुमा गैरेज में काम करने वाले तीन कर्मीयों ने 24 अप्रैल 2021? कि रात में दो मोटरसाइकिल व दो मोबाइल एवं दस हजार रुपए कि चोरी कर फरार हो गए थे। इस मामले में भुक्तभोगी कृष्णा साव ने उरीमारी ओपी में लिखित आवेदन कर न्याय कि गुहार लगाई थी। हालांकि इस घटना में शामिल दो अन्य आरोपी बेल पर बाहर रह रहे हैं। हालांकि चोरी घटना वाले वर्ष में उस समय के ओपी प्रभारी डी के प्रजापती ने मामले पर ततपरता नहीं दिखाया था। वहीं दूसरी ओर चोरी गए मोबाइल का लोकेशन ट्रेस होने के बाद पुलिस के हाथ चोरों के गिरेबान तक पहुंची। जिसमें तत्काल ओपी प्रभारी रथू उरांव व उनकी टीम ने चोरी घटना में शामिल फरार चल रहे मो अलतमस उम्र 26 वर्ष पिता मरहुम तसलीम ग्राम कामता थाना टंडवा जिला चतरा से उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं इस छापामारी में पुलिस को चोरी का एक मोबाइल प्राप्त हुआ है। वहीं जेल भेजने से पुर्व ही मो अलतमस कि पत्नी व दो बच्चे,माता-पिता व एक भाई उरीमारी ओपी के बाहर रोते बिलखते रहे।

## अवैध तरीके से संचालित सुरंग नुमा कोयला खदान मे आग ने लिया विकराल रूप

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रजरप्पा :** जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र के भुचुंगडीह भैरवी नदी के किनारे अवैध कोयला खदान में लगी भीषण आग को बुझाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कई कदम उठाए गए हैं। वन विभाग, खनन विभाग और फायर ब्रिगेड की टीम लगातार आग पर काबू पाने के लिए प्रयास कर रही है, लेकिन अब तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका है।एसडीओ ने सीसीएल के महाप्रबंधक को कारण बताओ नोटिस किया जारी इस मामले में प्रशासन ने सीसीएल प्रबंधन को भी आग पर काबू पाने के लिए कार्य करने के दिशा निर्देश दिए गए थे, लेकिन सीसीएल रजरप्पा महाप्रबंधक द्वारा अवैध कोयला खदान में लगी आग को बुझाने के लिए कोई संतोषजनक कार्य नहीं किया गया। इस घटना के बाद अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी ने सीसीएल के महाप्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। ज्ञात हो कि चितरपुर प्रखंड के भुचुंगडीह स्थित अवैध कोयला खदानों में लगी आग को बुझाने के लिए रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार ने पदाधिकारियों को गंभीरता पूर्वक कार्य करने का निर्देश दिया है। इसी कड़ी में आग बुझाने में संतोषजनक कार्य नहीं करने पर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी ने महाप्रबंधक सीसीएल रजरप्पा से स्पष्टीकरण पूछा है।आग बुझाने के लिए संसाधन भी उपलब्ध नहीं कराया भुचुंगडीह स्थित अवैध कोयला खदानों में आग बुझाने के लिए प्रशासन की टीम ने महाप्रबंधक सीसीएल रजरप्पा से कुछ सामग्रियों की माँग की थी, ताकि आग पर काबू पाया जा सके, लेकिन अभी तक 20 एचपी का पंप आदि उपलब्ध नहीं कराया गया है।24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण देने का निर्देशअनुमंडल पदाधिकारी द्वारा महाप्रबंधक सीसीएल रजरप्पा को पत्र प्राप्ति के 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया है। पत्र में कहा गया है कि क्यों नहीं आपदा प्रभावित क्षेत्र में संसाधन उपलब्ध नहीं कराने के आरोप में आपके विरुद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 56 के तहत कार्रवाई हेतु उपायुक्त-सह-अध्यक्ष जिला आपदा प्राधिकरण, रामगढ़ को अनुशंसा की जाए।

## भाकपा माले रामगढ़ प्रखंड कमेटी के सदस्य कामरेड लाल कुमार बेदिया की पत्नी दिवंगत लीला देवी का पांचवी स्मृति दिवस ग्राम हेसला में मनाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** 30 .4. 2021 में दिवंगत लीला देवी का बुधवार को पांचवी स्मृति दिवस ग्राम हेसला के आदिवासी क्लब में माले कार्यकर्ताओं, पार्टी समर्थकों एवं गांव के समाज सेवियों सहित बड़ी संख्या में महिला- पुरुषों ने स्मृति दिवस कार्यक्रम में शामिल होकर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सर्वप्रथम दिवंगत लीला देवी की बड़े पुत्र प्रेमदीप बेदिया ने दीप प्रज्वलित किया और चित्र पर कामरेड लाल कुमार बेदिया ने माल्यार्पण के साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित भाकपा माले रामगढ़ प्रखंड कमेटी के सचिव सरयू बेदिया ने पुष्प अर्पित करने के तत्पश्चात उपस्थित सभी महिला,पुरुषों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर सामूहिक रूप से 1 मिनट का श्रद्धांजलि दी गई।स्मृति दिवस पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा गया कि गरीब मजदूर किसानों, दलित- वंचित- शोषितों के हक-हकूक के लिए पार्टी के हर आंदोलनों, संघर्षो को आगे बढाने में दिवंगत लीला देवी ने अपने पति कामरेड लाल कुमार बेदिया को हर-हमेशा अंतिम समय तक अपने घर-परिवार एवं बाल-बच्चों को संभालकर सहयोग करती रही। पार्टी कतार में इनकी योगदान को हमेशा व सदैव याद रहेगी। इनकी स्मृतियां पार्टी व जनता के दिलों में अमर रहेगी।उक्त कार्यक्रम में महादेव राम, जगदीश बेदिया, विजय प्रजापति, रूपलाल बेदिया,ननकु बेदि, प्रेमचंद बेदिया, भुनेश्वर बेदिया, रूपा देवी, कालो देवी, आशा देवी, रीमन देवी, दीनू प्रजापति, रवि बेदिया, सतीश बेदिया, विनोद बेदिया,नाचु अंसारी,रीना देवी,समाजसेवी दिलीप राम,गौतम राम, मनोज बेदिया अन्य दर्जनों महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## शिक्षा सेवा से निवृत होकर भी जुडा रहना ही सच्ची सेवा होता है : प्राचार्य



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** सीसीएल0 रजरप्पा स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में जीव विज्ञान के वरीय शिक्षक गजेन्द्र कुमार को 30 अप्रैल 2025 बुधवार को सेवानिवृत होने पर ससम्मान विदाई दी गई।सर्वप्रथम डीएवी रजरप्पा के प्राचार्य डॉ0 एस के शर्मा, वरीय शिक्षकों तथा जीव विज्ञान विभाग के शिक्षकों ने अवकाश प्राप्त शिक्षक को पुष्पगुच्छ से स्वागत किया तथा शॉल ओढ़ाकर विदाई दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के धर्मशिक्षक सत्यकाम आर्य संगीत शिक्षक रजनीश पाठक के साथ नवनियुक्त शिक्षिकाओं ने एकल तथा समूह में भजन, गीत,शास्त्रीय गीत आदि गाकर अपनी भावना व्यक्त की। तत्पश्चात् गजेन्द्र कुमार ने अपने बिताए हुए लगभग 28 वर्षों के कार्यकाल को याद किया। उन्होंने कहा कि डीएवी संस्था में आने से पहले मैं किसी अन्य शिक्षण संस्थान में कार्यरत था। उसे छोड़कर डीएवी विद्यालय को चुना जिससे समाज के हर वर्ग के बच्चों का उद्धार हो सके। उन्होंने सभी को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सभी विद्यालय के हित में कार्य करें। अंत में उन्होंने कहा किङ्क हर रात को चाँद का श्रृंगार नहीं मिलता, हर फूल को मधुवन का दुलार नहीं मिलता, हम सभी किस्मत वाले हैं दोस्तो, वरना, हर किसी को डीएवी जैसा हार नहीं मिलता विद्यालय प्राचार्य डॉ एस0 के0 शर्मा सेवानिवृत शिक्षक के प्रति अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कटु सत्य है कि जो सेवा से जुड़ता है, वह सेवानिवृत भी होता है। इस यथार्थ को स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने उनके आने वाले समय में परिवार सहित सफल एवं खुशहाल जीवन की कामना की। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

## मंडा पूजा झारखंड की सांस्कृतिक पहचान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है : रमेश कुमार महतो



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रामगढ़ जिला के रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत रामगढ़ ग्रामीण के गंडके गांव में मंडापूजा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 01.05.2025 को होना सुनिश्चित हुआ है । झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा कि यह गांव मेरा पैतृक गांव है । इस गाँव में मंडा पूजा बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। मंडा पूजा एक अनोखी और पारंपरिक पूजा है। जो झारखंड की संस्कृति और धार्मिक आस्था का प्रतीक है। मंडा पूजा की सबसे खास बात यह है कि भक्त भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए जलते अंगारों पर चलते हैं। जो भक्त अंगारों पर चलने के लिए तैयार होते हैं उन्हें भोक्ता कहा जाता है। मंडप पूजा के दौरान भक्त निर्जला उपवास रखते हैं। भक्त उस पूजा के दौरान भगवान शिव से मन्नते मांगते हैं। मंडप पूजा एक सामुदायिक उत्सव है, जिसमें लोग एक साथ मिलकर भगवान शिव की आराधना करते हैं ।मंडा पूजा झारखंड की सांस्कृतिक पहचान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। मंडा पूजा को सफल बनाने के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद हेतु अरविंद मुंडा, सचिव चंद्रमोहन महतो उपाध्यक्षः शंकर भोक्ता, कोषाध्यक्ष होरिल महतो,उपसचिव योगेंद्र भोक्ता,उपकोषाध्यक्ष जयराम महतो,संरक्षक जतरू महतो, प्रयाग महान ,गिरधारी भोक्ता, मायाराम महतो,प्रदीप महतो , कार्यकारिणी सदस्य,राजेश महतो, हीरालाल महतो, संजय महतो, विनय महतो, विजय महतो, सुबोध महतो ,सुधीर मुंडा , जितेन्द्र महतो ,मनोज महतो, कंचन महतो ,रवि महतो ,राजेंद्र महतो, पवन कुमार, कृष्णा कुमार महतो, विकास मुंडा, राजेंद्र मुंडा ,कुलदीप महतो, कुलेश मुंडा, संदीप मुंडा ,विकास महतो, मुकेश महतो ,केदार महतो ,मनोज महतो सर्व समिति से बनाया गया है। मंडा पूजा को चड़क पूजा, शिव पूजा ,भोक्ता पर्व, विशू पर्व जैसे नामों से जाना जाता है।

## विश्व ब्राह्मण संघ एवं विप्र फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में रामगढ़ एस डी ओ को बुके देकर स्वागत कर एवं आमंत्रण पत्र दिया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** विश्व ब्राह्मण संघ एवं विप्र फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 04.05.2025 दिन रविवार को रामगढ़ के गुरुनानक ऑडिटोरियम में भगवान विष्णु के छठे अवतार, चिरंजीवी भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर रामगढ़ अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी को सर्व प्रथम बुके देकर सम्मानित किया गया एवं भगवान परशुराम जन्मोत्सव के होने वाले कार्यक्रम में आने का आमंत्रण पत्र दिया गया, उन्होंने आमंत्रण स्वीकार किया , उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सतीश चंद्र दुबे एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री झारखंड सरकार के. एन. त्रिपाठी तथा पूर्व मंत्री झारखंड सरकार राज पालीवाल एवं अन्य अतिथिगण होंगे, कार्यक्रम में हज़ारों की संख्या में विप्र बन्धुओं के आने की संभावना है द्य कार्यक्रम मे मुख्य रूप से विश्व ब्राह्मण संघ के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह विप्र फाउंडेशन के झारखंड प्रदेश महामंत्री प्रदीप कुमार शर्मा,झारखंड प्रदेश के उपाध्यक्ष नवीन पाठक, महेश मिश्रा ,अशोक कुमार पांडेय, मुना मिश्रा, अरुण बनर्जी, श्याम शर्मा,कमल शर्मा, गोकुल शर्मा इत्यादि अनेकों लोग उपस्थित थे ।

## रामगढ़ नगर कांग्रेस कमेटी के द्वारा छावनी परिषद के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलराम साहू ने छावनी परिषद के अधिशासी अधिकारी से मिलकर गोरियारी बागी से गोला रोड होते हुए कोइरी टोला बड़ा नाला की सफाई को लेकर ज्ञापन दिया। इस पर छावनी परिषद के अधिशासी अधिकारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तुरंत सफाई कर्मी को जेसीबी के साथ गोरियारी बड़ी नाल में सफाई के लिए आदमी भेज कर सफाई कार्य चालू कर दिया इसके लिए नगर कांग्रेस कमेटी छावनी परिषद अधिशासी अधिकारी को धन्यवाद देता है विगत कई वर्षों से गोरियारी बागी रोड से गढ़बांध नाला मैं सफाई सही तरीके से नहीं हो पा रहे थे जिसके कारण नाले में पूरा मिट्टी कूड़ा कचरा यहां तक की बहुत से जगह पर पेड़ उग गया था हो पानी के जल जमाव से पूरे क्षेत्र में मच्छर का प्रकोप बढ़ गया था अब नाले के सफाई हो जाने पर निश्चित रूप से इसमें कमी आएगी मैं छावनी परिषद के अधिशासी अधिकारी से मांग करता हूं की नाला की सफाई के बाद उस नाला की रिपेयरिंग भी की जाए जिससे बरसात के समय घरों में पानी नहीं घुस जाए जिससे आम लोगों को परेशानी नहीं हो।

## उपायुक्त की बड़ी पहल ज़िले के खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में मिलेगी बढ़ावा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर किसी भी स्पर्धा में पिछले 5 वर्ष से अब तक खेले हो एवं वर्तमान मे भी खेल रहे वैसे खिलाड़ियों को मिलेगी खेल सामग्री एवं प्रोत्साहन उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार।रामगढ़ः जिले के खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में बढ़ावा देने के उद्देश्य से उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने की बड़ी पहल जिला अन्तर्गत खिलाड़ियों को चिन्हित कर ष्टस्क्र मद से खेल सामग्री/खेल कीट/अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का दिया निर्देश।उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने कहा वैसे खिलाड़ी जो अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के किसी भी स्पर्धा/प्रतियोगिता में चयनित होते हैं लेकिन पैसे के अभाव में भाग नहीं ले पाते हैं उन खिलाड़ियों को बढ़ावा देने हेतु खिलाड़ियों को आने-जाने के लिए आर्थिक मदद भी सीएसआर से उपलब्ध कराया जाएगा। अधिक जानकारी हेतु श्री विकास कुमार गोप, जिला खेल समन्वयक के मोबाईल नं0-7484914066 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## आर्ट ऑफ लिविंग को ग्लोबल सीएसआर और इएसजी अवार्ड्स में बेस्ट एनजीओ ऑफ द ईयर का सम्मान




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सीमावर्ती गाँवों में जमीनी स्तर पर कार्य, जेल बंदियों के कौशल आधारित पुनर्वास और विद्यालयों के समग्र रूपांतरण के क्षेत्र में आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा किए गए व्यापक प्रयासों को मान्यता देते हुए, संस्था को प्रतिष्ठित ग्लोबल सीएसआर और इएसजी अवार्ड्स में बेस्ट एनजीओ ऑफ द ईयरङ्क2025से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार ब्रांड हॉनचोस और इंडियन सी एस आर अवार्ड्स द्वारा नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया गया,जहाँ सीएसआर सततता और इएसजी (पर्यावरणीय, सामाजिक और प्रशासनिक) क्षेत्रों में क्रांतिकारी विचारों और परिवर्तनकारी कार्यो को उजागर किया गया।एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर संस्था के झारखंड मिडिया प्रभारी अजय मुखर्जी ने जानकारी दी।आर्ट ऑफ लिनिंग 180 से अधिक देशों में कार्य कर रहे हैं और लोगों को अपने समुदायों की सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। जब हमने गाँवों में अपने कार्यक्रम किए, तो हमने उनसे पूछा कि हम उनके लिए क्या कर सकते हैं। किसी ने पानी माँगा, किसी ने शिक्षा, तो किसी ने कहा कि हमारे पास अच्छे युवा हैं लेकिन रोजगार नहीं है। वहीं से हमने शुरुआत की। यह पुरस्कार सभी हितधारकों, दाताओं, सामुदायिक नेताओं और उन समुदायों के सदस्यों के सहयोग से संभव हो पाया है, जिनकी हम सेवा कर रहे हैं द आर्ट ऑफ़ लिविंग सोशल प्रोजेक्ट्स के चेयरमैन श्री प्रसन्ना प्रभु ने साझा किया। गुरुदेव श्री श्री रविशंकर की प्रेरणा और मार्गदर्शन में, हम एक ऐसे भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं जहाँ मानव मूल्य और विकास साथ-साथ चलते हैं।उन्होंने सभी एनजीओ, कॉर्पोरेट्स और सरकारी एजेंसियों से आह्वान किया कि वे एक-दूसरे के सर्वोत्तम अभ्यासों से सीखें और मिलकर कार्य करें। जब हम एकजुट होकर कार्य करते हैं, तो सीमित संसाधनों और प्रयासों से कहीं अधिक उपलब्धि संभव होती है उन्होंने कहा।उत्तम कार्यप्रणालियों को संरक्षित, पोषित और प्रचारित किया जाना चाहिए। अक्सर हम उन्हीं समाधानों को दोहराते हैं जो पहले से मौजूद होते हैं, जिससे समय और संसाधनों की अनावश्यक बर्बादी होती है।उन्होंने यह भी साझा किया कि द आर्ट ऑफ लिविंग अब नगरपालिकाओं के साथ मिलकर एक पेटेंट प्रक्रिया द्वारा असंगठित कचरे को कोयला, सिंगैस और विद्युत में परिवर्तित करने की दिशा में कार्य कर रही है, जो कचरा पृथक्करण की समस्या का समाधान करती है। कल्पना कीजिए कि हर बड़ा भवन या होटल अपने ही कचरे से खाना पकाने के लिए गैस और संचालन के लिए बिजली उत्पन्न कर सके। यही वास्तविक सततता है। हमें उपलब्ध तकनीकों को अपनाना चाहिए, उनका कार्यान्वयन करना चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए।जेल बंदियों के साथ कार्य-हर अपराधी के भीतर एक पीड़ित छुपा होता है जो सहायता की पुकार कर रहा होता है गुरुदेव कहते हैं। इसी प्रेरणा से, द आर्ट ऑफ लिविंग का प्रिजन प्रोग्राम सुधार केंद्रों को उपचार और प्रगति के केंद्रों में बदल रहा है। 1990 से अब तक भारत की 28 जेलों में 6,700+ बंदियों को प्रशिक्षित किया गया है, जबकि विश्व स्तर पर 65 देशों में 8,00,000+ बंदियों को इसका लाभ मिला है। यह कार्यक्रम भावनात्मक उपचार को व्यावसायिक प्रशिक्षण के साथ मिलाकर पुनर्वास, पुनर्सलग्नता और सम्मानजनक जीवन की दिशा में कार्य करता है।

## त्रुटि मिलने पर 44 स्कूली वाहनों का किया 1.45 लाख का चालान




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी के निर्देशानुसार डीएवी कोयला नगर में स्कूली वाहनों की जांच की गई। जिसमें 11 स्कूल बसों में 5 में त्रुटि पाई गई। इसमें 30000 रुपए का चालान किया गया। साथ ही 39 प्राइवेट वेन की जांच की गई। जिसमें 1 लाख 15000 रुपए का चालान किया गया। साथ ही वाहन चालकों, शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के बीच बुकलेट तथा पंपलेट बांटकर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान भी चलाया गया।मौके पर मोटरयान निरीक्षक शुभम कुमार, मोटरयान निरीक्षक हरीश कुमार, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अमरेश कुमार एवं आईटी अस्सिटेंट देवेंद्र कुमार उपस्थित रहे।

## नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा जारी किए गए गाइडलाइन का अक्षरशः पालन करते हुए परीक्षा कराएं : उपायुक्त

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: आगामी चार मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को लेकर जिला प्रशासन सतर्क है। परीक्षार्थियों को शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी माहौल देने के उद्देश्य से आज दिनांक 30 अप्रैल 2025 को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक एच पी जनार्दनन ने धनबाद जिला अंतर्गत विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।इस दौरान उपायुक्त एवं एसएसपी ने स्कूल के प्राचार्य को निर्देश दिया कि परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरा, समुचित विद्युत व्यवस्था, पेयजल व शौचालय की सफाई सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि एक ही दिन में परीक्षा पूरी होगी। मौके पर वरीय पुलिस अधीक्षक एच पी जनार्दनन, सिटी एसपी अजित कुमार, एडीएम लॉ एंड आर्डर पीयूष सिन्हा, एसडीएम राजेश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक कुमार झा, हृञ्ज सिटी कोऑर्डिनेटर शैलेन्द्र शर्मा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह मौजूद रहें।


### उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी (मनरेगा कोषांग)

**मनरेगा अंतर्गत संविदा पर नियुक्ति संबंधी सूचना**

**-: शुद्धि पत्र :-**

मनरेगा अंतर्गत संविदा के आधार पर ग्राम रोजगार सेवक पद एवं तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष) पद के अभ्यर्थियों का शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण पत्रों का सत्यापन हेतु इस कार्यालय के ज्ञापांक 151/मन० दिनांक 29.04.2025 द्वारा प्रकाशित सूचना में प्रमाण पत्र सत्यापन की तिथि 02.05.2025 (Monday) अंकित है जिसे 02.05.2025 (Friday) पढ़ा जाय। PR No. 351335 (District) 25-26 (D) द्वारा स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशित सूचना को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

ह०/-
उप विकास आयुकत
-सह- अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक,
खूँटी

PR 351467 District(25-26).D


## 99 ग्रुप ऑफ कम्पनीज ने अपने विभिन्न प्रोजेक्ट्स में भव्य मंदिर निर्माण का किया भूमि पूजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर अपने ग्राहकों की सुविधा के लिए 99 ग्रुप ऑफ कम्पनीज के द्वारा गोविंदपुर स्थित सेंटोसा ग्रीन, आमाघाटा स्थित श्री कृष्ण वाटिका और एन एच पर स्थित कैलाशा में पूरे विधि विधान के साथ भव्य मंदिर निर्माण का भूमि पूजन किया गया। वही तीनो जगह भूमि पूजन कार्यक्रम में कम्पनी के प्रतिनिधियों के अलावे सोसाइटी में रहने वाले लोग भी उपस्थित रहे। वही आपको बता दे कि 99 ग्रुप ऑफ कम्पनीज झारखंड के अलावे बंगाल में भी लोगो को जमीन के साथ उनके सपनों का घर बना कर देते है वही सोसायटी में भी लोगो के लिए पार्क, मंदिर सहित कई सुविधाएं प्रदान



करती है। इसी के तहत धनबाद के सेंटोषा ग्रीन, कैलाशा और श्री कृष्ण वाटिका में रहने वाले लोगो के लिए भव्य मंदिर निर्माण का आज भूमि पूजन किया गया। वही कैलाशा में भूमि पूजन कम्पनी के डायरेक्टर सह सीईओ राम प्रताप सिंह, सेंटोषा ग्रीन में कम्पनी के डायरेक्टर सह वाईस प्रेसिडेंट महेश मोदी और श्री कृष्ण वाटिका में कम्पनी के डायरेक्टर शैलेंद्र शर्मा के द्वारा किया गया। वही कैलाशा में बारह ज्योति लिंगो का भव्य निर्माण कराया जाएगा जबकि श्री कृष्ण वाटिका और सेंटोषा ग्रीन में भी भव्य मंदिर का निर्माण कराया जाएगा।आज के भूमि पूजन कार्यक्रम में कम्पनी के सीएमडी श्याम पांडेय, महेश मोदी, आरपी सिंह, डॉ अमित रंजन, शैलेन्द्र शर्मा, राजेश तिवारी, चंद्रशेखर सिंह, भानु सोनी, सुनील शर्मा, रणधीर सिंह सहित कम्पनी के कई प्रतिनिधि, कर्मी और सोसायटी में रहने वाले काफी संख्या ने महिला, पुरुष और बच्चे उपस्थित रहे। वही सोसायटी में रहने वाले लोगो ने 99 ग्रुप ऑफ कम्पनीज का आभार जताते हुए कहा कि मंदिर निर्माण होने से हमे अब हमें काफी सुविधा होगी।

## दीपशिखा ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर किया नाम रौशन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** अजीत महतो की बेटी दीपशिखा ने 10वीं बोर्ड के परिणाम आईसीएसई (भारतीय माध्यमिक शिक्षा प्रमाणपत्र) परीक्षाओं में शैक्षणिक श्रेष्ठता का प्रदर्शन किया है, जिसका कुल स्कोर 94.4त्न रहा है। उन्होंने जीवविज्ञान में पूर्ण स्कोर (100), गणित (97), इतिहास और नागरिक शास्त्र (98), भूगोल (96), अंग्रेजी (95), हिन्दी (94) रसायन शास्त्र (90) अंक प्राप्त किया। दीपशिखा डेनोबिली स्कूल, डिगवाडीह की एक प्रतिष्ठित छात्रा है जिसने सफलता का परचम लहराते हुए अपने स्कूल, परिवार समेत पूरे धनबाद का नाम रौशन किया है। उनकी इस सफलता पर उनके परिवार और समाज में हर्ष का माहौल है। वहीं इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। दीपशिखा ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों और अभिभावकों को दी है। वहीं उनकी माता एवं पिता अजीत महतो ने अपनी पुत्री को आशीर्वाद देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## जान से मारने की धमकी मामले में शाहबाज़ कुरैशी को मिली ज़मानत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** वासेपुर निवासी शाहबाज़ कुरैशी के तरफ से अधिवक्ता वकार अहमद उर्फ विक्की ने बहस की और जमानत लिया। दिनांक 21/04/25 को नसरुद्दीन कंगाली ने शाहबाज़ कुरैशी पर जान से मारने की धमकी व गाली गलौज का मामला दर्ज करवाया था जो बैंक मोड़ थाना कांड संख्या - 90/2025 है। वही अधिवक्ता विक्की ने शाहबाज़ कुरैशी का पक्ष रखते हुए कहा कि दिनांक - 18/04/25 को नसरुद्दीन कंगाली, हैदर कंगाली, रिंकू सभी लोग शाहबाज़ कुरैशी के खटाल से गाय चोरी कर ले जा रहे थे। भूली मोड़ के समीप शाहबाज़ कुरैशी को देख वो लोग गाय को छोड़ कर भाग गए। उसके बाद दिनांक - 19/04/2025 को मटकुरिया से घर आने के क्रम में उपरोक्त सभी लोग शाहबाज़ कुरैशी के साथ मार पीट कर झूठा केस कर दिया। उक्त सारी जानकारी अधिवक्ता वकार अहमद उर्फ विक्की ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

## बदलते समय के साथ खोती परंपराएँ : तंबू, पंडाल और बैंड बाजा वालों का संघर्ष : अहमद निसार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** भारत की सांस्कृतिक धरोहर में विवाह समारोहों का विशेष स्थान रहा है। एक समय था जब गांवों से लेकर छोटे शहरों तक तंबुओं और पंडालों की सजावट ही विवाह का मुख्य आकर्षण होती थी। रिश्तेदार और गाँववाले मिलकर बांस-बल्ली से पंडाल खड़ा करते थे, रंग-बिरंगे पर्दे लगाते थे, और हर ओर एक पारंपरिक उत्सव का वातावरण बनता था। इसी के साथ बैंड-बाजे वालों की धुन पर बारातें सजती थीं, और शहनाइयों की गूंज से माहौल में रौनक भर जाती थी। परंतु समय के साथ इन परंपराओं में भारी बदलाव आया है। आज गांवों और देहातों में तो कहीं-कहीं अब भी तंबू और पंडालों की व्यवस्था देखी जा सकती है, परंतु शहरों में मैरेज हॉल और शानदार बैंक्वेट हॉल्स का चलन प्रबल हो चुका है। सुविधाओं से लैस एयर-कंडीशंड हॉल, रेडीमेड डेकोरेशन और कैटरिंग सर्विस ने पुराने अंदाज़ को लगभग समाप्त कर दिया है।

**तंबू और पंडाल सीमित देहातों तक**

आज गांवों में भी धीरे-धीरे मैरेज गार्डन और तैयार हॉल्स का प्रचलन बढ़ रहा है। फिर भी, सीमित बजट और परंपरागत भावना के चलते कई देहातों में आज भी तंबू-पंडाल की शादियाँ देखने को मिलती हैं। वहाँ लोग सामूहिक प्रयास से




आयोजन करते हैं और स्थानीय कलाकारों व बैंड वालों को आमंत्रित करते हैं।

**शहरों में मैरेज हॉल का बढ़ता रिवाज**

शहरों में लोगों की जीवनशैली में तेजी से बदलाव आया है। व्यस्तता, समय की कमी, और सुविधाओं की चाहत ने मैरेज हॉल्स को लोकप्रिय बना दिया है। इन हॉलों में हर चीज़ पहले से तय होती है - डेकोरेशन, खाने का मेन्यू, पार्किंग की सुविधा और मौसम की अनिश्चितताओं से बचाव। यही कारण है कि अब ज्यादातर लोग हॉल्स में ही विवाह समारोह करना पसंद करते हैं।

**बैंड बाजा वालों की डूबती नाव**

परंपरागत बैंड-बाजा व्यवसाय से जुड़े हज़ारों परिवारों के लिए यह बदलाव चिंता का विषय बन गया है। पहले जहाँ शादियों में बैंड वालों की सेवाओं के बिना बारात अधूरी मानी जाती थी, वहीं अब डी.जे. सिस्टम, लाइव म्यूज़िक बैंड्स और नए संगीत संयोजन ने उनकी जगह ले ली है। नतीजतन, बैंड बाजा वालों का रोज़गार तेजी से घटता जा रहा है। कई पुराने बैंड संचालक या तो व्यवसाय बंद करने को मजबूर हुए हैं या फिर कोई दूसरा रोजगार अपनाने को बाध्य हो गए हैं।यह बदलाव केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक हानि भी है। शहनाई की मधुर धुनें, ढोल की थाप, और बैंड बाजे के साथ नाचते-गाते बारातियों की छवियाँ अब कम ही देखने को मिलती हैं। पारंपरिक भारतीय विवाह की आत्मा कहीं न कहीं आधुनिकता की चकाचौंध में खोती जा रही है।आज जरूरत इस बात की है कि हम अपनी सांस्कृतिक धरोहरों को संजोने के प्रयास करें। यदि सरकार और समाज मिलकर बैंड बाजा उद्योग को संरक्षण दें, जैसे कि पारंपरिक कलाओं के लिए स्कीम्स चलती हैं, तो इन कलाकारों को दोबारा सम्मान और रोजगार मिल सकता है। साथ ही, आयोजकों को भी चाहिए कि वे विवाह समारोहों में कुछ हद तक पारंपरिकता को भी स्थान दें, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियाँ भी इस धरोहर का आनंद उठा सकें। उक्त सारी बातें धनबाद निवासी प्रसिद्ध लेखक अहमद निसार ने कही।

## कतरास कॉलेज में वन नेशन वन इलेक्शन पर संगोष्ठी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** वन नेशन वन इलेक्शन के बारे में लोगों को जागरूक तथा इसकी उपलब्धि को लेकर बुधवार को बाघमारा विधानसभा अंतर्गत कतरास कॉलेज में संगोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान मुख्य वक्ता कतरास कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर वीरेंद्र कुमार ने संबोधित कर युवाओं को एक राष्ट्रीय चुनाव की आवश्यकता उसके दूरगामी लाभ एवं राजनीति भूमिका पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। उपस्थित धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने अपने संबोधन में कहा एक देश एक चुनाव होने से आमजनों को मतदान में करने में सहूलियत होगी। राजस्व खर्च कम होगा। प्रधानमंत्री मोदी नरेंद्र के कार्यकाल में विगत वर्षों में देश की संसद में अनेक ऐतिहासिक निर्णय हुए हैं जिसमें प्रगतिशील परिवर्तन देखने को मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह सोच राष्ट्रहित में है और इसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम होंगे। संगोष्ठी में धनबाद सांसद ढुलु महतो, भारतीय जनता युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष नित्यानंद मंडल, भाजपा जिला महामंत्री मानस प्रसून, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रूपेश सिन्हा, शुभम बनर्जी, नितिन शर्मा, नीरज शर्मा, आमोद साहू प्रवीण मंडल, सुमन विवेक, बलदेव मंडल, मधु हरि, चितरंजन कुमार सिंह, विवेक कुमार साहू, प्रकाश पटवा, सोहन कुमार, धीरज तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## एस.जे.ए.एस सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** पुराना बाजार स्थित एस.जे.ए.एस सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल की ओर से एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। अस्पताल की मेडिकल टीम द्वारा आने-जाने वाले सभी लोगों की शुगर, बीपी, रक्तचाप, लंबाई और वजन की जांच पूरी तरह निःशुल्क की गई।शिविर के प्रारंभ में मंदिर का विधिवत उद्घाटन कुंभनाथ सिंह द्वारा किया गया, जिनकी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा और भी बढ़ गई। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के स्वास्थ्य




शिविरों का उद्देश्य आम जनता को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और समय रहते बीमारियों की पहचान करना है। अस्पताल प्रशासन ने भविष्य में भी ऐसे शिविरों के आयोजन की योजना जताई है।


### Government of Jharkhand
### Department of Information Technology and e-Governance
3rd Floor, Jharkhand Mantralaya, Dhurwa, Ranchi-834004

**Corrigendum I**

With reference to the tender no. ASA/MPLS/1/2025-UID/001 and Advertisement PR No. 350541 the bid extension details are as follow:

| S. No. | Item | Particulars |
|---|---|---|
| 1 | Last date and time for availability of tender document | 10.05.2025 at 15:00 hrs. |
| 2 | Last date and time for online submission of technical & financial bids | 10.05.2025 at 18:00 hrs. |
| 3 | Last date and time for submission of hard copies of technical bid documents only. | 14.05.2025 at 15:00 hrs. |
| 4 | Date & Time of opening of Technical Bids | 15.05.2025 at 16:00 hrs. |
| 5 | Date & Time of opening of Financial Bids | To be informed later |

The remaining clause, terms & conditions will remain as it is.

Sd/-
Joint Secretary, DoIT & e-Gov.

PR 351466 (Information Technology) 25-26 (D)



### कार्यालय - जिला शिक्षा पदाधिकारी, खूँटी
नया समाहरणालय भवन, ब्लॉक-सी०, चाईबासा रोड, खूँटी – 835210
Email ID – deoofficekhunti@gmail.com

**Expression of Interest (EoI)/Request for Proposal (RFP)**

DMFT योजना मद अंतर्गत खूँटी जिले के 3 उच्च विद्यालयों में AI Lab & TINKERING LAB अधिष्ठापन हेतु ऐजेंसियों को सूचीबद्ध करने हेतु Expression of Interest (EoI)/Request for Proposal (RFP) सीलबंद लिफाफा में दिनांक 01.05.2025 से आमंत्रित की जाती है। Expression of Interest (EoI)/Request for Proposal (RFP) की तकनीकी बीड़ एवं वित्तीय बीड़ की अलग-अलग सीलबंद लिफाफे को एक बड़े सीलबंद लिफाफे में स्वीकार किया जाएगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय खूँटी में प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि 15.05.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक है। Expression of Interest (EoI)/Request for Proposal (RFP) के खोलने की तिथि 19.05.2025 के अपराह्न 3:00 बजे समाहरणालय सभागार खूँटी में निर्धारित है। बिना कोई कारण बताए समिति इस Expression of Interest (EoI)/Request for Proposal (RFP) को रदद्/वापस/संसोधित करने या अपने विवेकाधिकार पर निर्धारित तिथि को बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

Expression of Interest (EoI)/Request for Proposal (RFP) की विस्तृत नियम एवं शर्ते जिला के अधिकारिक वेबासाइट www.khunti.nic पर उपलब्ध है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी
खूँटी।

PR.NO.351429 District(25-26):D



### जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गुमला

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गुमला द्वारा विभिन्न स्वयं सहायता समूह/ग्राम संगठन को उनके मांग के आधार पर शौचालय निर्माण की राशि हस्तांतरित की जाती थी। परंतु अभी तक उनके द्वारा शत प्रतिशत उपयोगिता प्रमाण पत्र/राशि की वापसी इस कार्यालय को नहीं किया गया है। इस हेतु समाचार पत्रों में निम्न स्वयं सहायता समूह/ग्राम संगठन को सूचित किया जाता है कि अपने अपने प्रखंड अंतर्गत कनीय अभियंता/प्रखण्ड वॉस कॉडिनेटर से संर्पक कर दिनांक 05.05.25 तक निश्चित रूप से उपयोगिता प्रमाण पत्र/राशि की वापसी/समायोजन करा दिया जाय। अन्यथा बाध्य होकर संबंधित स्वयं सहायता समूह/ग्राम संगठन पर नियमसम्मत कार्रवाई की जायेगी। जिसका विवरण निम्न प्रकार है:-

| क्र0 | प्रखण्ड | स्वयं सहायता समूह/ ग्राम संगठन का नाम | पता | यूनिट | राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भरनो | पूजा स्वयं सहायता समूह लोण्डरा | ग्राम– लोण्डरा पंचायत – करौदाजोर | 25 | 300000.00 |
| 2 | भरनो | सीता आजिविका स्वयं सहायता समूह, रेमे | ग्राम– रेमे पंचायत– डुडिया | 25 | 300000.00 |
| 3 | भरनो | मंडप स्वयं सहायता समूह, लोण्डरा | ग्राम– लोण्डरा पंचायत – करौदाजोर | 25 | 300000.00 |
| 4 | विशुनपुर | उजाला सखी मण्डल सेरका | ग्राम–सेरका पंचायत–सेरका | 25 | 300000.00 |
| 5 | विशुनपुर | शशी महिला मण्डल, बडकादोहर | ग्राम– बडकादोहर पंचायत– घाघरा | 47 | 564000.00 |
| 6 | विशुनपुर | बनालात ग्राम संगठन, बनालात | ग्राम–बनालात पंचायत– निरासी | 60 | 720000.00 |
| 7 | गुमला | फुलकली आजिविका स्वयं सहायता समूह, गुमला | गुमला | 25 | 300000.00 |
| 8 | पालकोट | पुष्पा महिला मण्डल चिरोडीह | ग्राम– चिरोडीह पंचायत– कोलेंग | 20 | 240000.00 |
| 9 | पालकोट | मोनिका महिला मण्डल रूगडाटोली | पालकोट | 25 | 300000.00 |
| 10 | पालकोट | कचनर महिला मण्डल चिरोडीह | ग्राम– चिरोडीह, पंचायत– कोलेंग | 23 | 276000.00 |
| 11 | पालकोट | सरस्वती महिला मण्डल, दमकारा | ग्राम– दमकारा पंचायत– कोलेंग | 25 | 300000.00 |
| 12 | पालकोट | बाबा वंशी महिला मण्डल, विलिंगबीरा | ग्राम– बिलिंगबिरा पंचायत– विलिंगबीरा | 25 | 300000.00 |
| 13 | पालकोट | प्रीती महिला मण्डल, बिलिंगबीरा | ग्राम– बिलिंगबिरा पंचायत– विलिंगबीरा | 25 | 300000.00 |
| 14 | पालकोट | मारिया महिला मण्डल, बिलिंगबीरा | ग्राम– बिलिंगबिरा पंचायत– विलिंगबीरा | 25 | 300000.00 |
| 15 | पालकोट | गॉधी महिला मण्डल, गोनमेर | ग्राम– गोनमेर पंचायत– उमड़ा | 25 | 300000.00 |

कार्यपालक अभियंता–सह–सदस्य सचिव,
जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गुमला

PR 351416 Drinking Water and Sanitation (25-26)_D

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




# उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने आईआईटी-जेईई मेंस में उत्तीर्ण हुए संस्थान के दो छात्रों को किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण आज बुधवार को जिला प्रशासन लोहरदगा की ओर से संचालित होमी जहांगीर भाभा कोचिंग संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने आईआईटी-जेईई मेंस में उत्तीर्ण हुए संस्थान के दो छात्रों; निशांत कुमार और शिशुपाल उरांव को सम्मानित किया। इस मौके पर उपायुक्त ने उक्त संस्थान में अध्ययनरत छात्र-छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन लोहरदगा की ओर से संस्थान में इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेज में प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क तैयारी करायी जाती है। जिला प्रशासन के इस पहल का लाभ सभी उठाएं और उक्त परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी कराएं। यह पहल इसलिए कि गयी है ताकि छात्र-छात्राओं को इंजीनियरिंग व मेडिकल परीक्षाओं की तैयारी के लिए मोटी राशि खर्च ना करना पड़े। आज इस संस्थान के दो छात्र परीक्षा में सफल हुए हैं। मेरी तरफ से दोनों को बधाई व शुभकामनाएं हैं कि दोनों आईआईटी/जेईई की एडवांस परीक्षा में भी सफल हों और बढ़िया इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश का मौका मिले। आज इस मौके पर पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर व अन्य उपस्थित थे। पदाधिकारियों द्वारा दोनों छात्रों को किताब देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मनित किया गया।

# नवनिर्मित मन्दिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम हुआ सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के चितरी डांडू पंचायत अन्तर्गत एकागुड़ी हनुमान नगर में नवनिर्मित हनुमान मंदिर का तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम बुधवार को सम्पन्न हो गया। धार्मिक वतावरण में श्रद्धालु भक्तों के सहयोग से सोमवार से प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया था। जिस निमित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पहले दिन 101 कन्या और 100 महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई थी। तथा दूसरे दिन वेदी पूजन के पश्चात भक्तों द्वारा हनुमानजी को नगर भ्रमण कराया गया था। जिसके उपरान्त आचार्य अरविंद पाठक, संजीत पाठक और पंकज पाठक द्वारा के बुधवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से हनुमानजी का प्राणप्रतिष्ठा कराया गया। वही प्राण प्रतिष्ठा होने के उपरान्त हवन आरती के पश्चात भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें सैकडों भक्त शामिल हो भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर अध्यक्ष श्यामकिशोर साहु, सचिव जयचंद्र ठाकुर, सतीश मिश्र के अलावे अखिलेश प्रसाद, ईश्वर साहु, शिवशंकर साहु, निरातम सिंह, नारायण ठाकुर, सरोज उराँव, राजू केशरी, ठकरू उराँव, राजू उराँव, गौतम प्रसाद, विजय साहू, सुरेश साहू, शुभम कुमार, राजा साहू, सोनू साहू, रोहित यादव समेत अन्य सैकडों महिला पुरुष बच्चे बच्चियां और नवजवान भक्तजन शामिल थे।

## आईसीएसई 10 वीं बोर्ड का जिला टॉपर बना इलेक्ट्रिशियन का बेटा




**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रतिभा ना ही संपन्नता और ना ही साधन का मोहताज होता। लक्ष्य अगर निर्धारित हो तो मंजिल आसान हो जाती है। बुधवार को आईसीएसई 10वी बोर्ड का रिजल्ट जारी हुआ। जिले का एकमात्र आईसीएसई विद्यालय लिवेन्स अकादमी के शत प्रतिशत बच्चे परीक्षा में सफल रहे हैं, जिनमे नगर क्षेत्र के राहतनगर निवासी इलेक्ट्रिशियन परवेज आलम और गृहणी शहनाज परवीन के पुत्र रेयान परेवज ने 97.8 फिसदी अंक लाकर जिला टॉपर बन गया है। उनकी सफलता पर सिर्फ रेयान का परिवार ही नही स्कूल प्रबंधन और जिलेवासी गौरान्वित महसूस कर रहे हैं। रेयान का कहना है कि उनका लक्ष्य डॉक्टर बनना है। वे डॉक्टर बनकर जरूरतमंदों की सेवा करना चाहता है। रेयान की बहन भी गत वर्ष आइसीएसई बोर्ड में द्वितीय जिला टॉपर बनी थी, वर्तमान में वह जीटीपीएस विद्यालय से 12 वीं कर रही है।

## विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर नगर परिषद प्रशासक से मिले सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य कुणाल अभिषेक

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य कुणाल अभिषेक ने नगर परिषद के प्रशासक मुक्ति कीड़ों से मुलाकात कर नगर के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए इसकी निदान की शीघ्र मांग की। कुणाल अभिषेक ने कहा गुदरी बाजार से मिशन चौक तक रोड की स्थिति जर्जर हो गई है जिसके कारण आए दिन एक्सीडेंट होते रहता है इस रोड में बहुत सारे बैंक है स्कूल के बच्चे भी आते जाते रहते हैं महावीर चौक ईस्ट गोला रोड के हाई मार्क्स भी खराब है बरवा टोली चौक में ऑटो लगाने से जाम की स्थिति बनी रहती है शंख नदी पुल के पास हाई मार्क्स लाइट की आवश्यकता है। कुणाल अभिषेक ने पानी के समस्याओं के बारे में भी चर्चा किया। नगर परिषद के प्रशासक ने कहा कि जल्द ही सारे समस्याओं का निदान किया जाएगा।

# शास्त्रों के आधार पर आरती भगवान की उपस्थिति को स्थिर करती है और भक्तों के हृदय को शुद्ध : सचिन कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पुराना शुक्र बाजार स्थित श्री सिद्धि विनायक हनुमान मंदिर सह विश्वकर्मा मंदिर प्रांगण में भव्य मंगलवारी महाआरती का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने की कार्यक्रम की शुरुआत कुवारी कन्याओं के द्वारा पूजन कर किया गया। जिसमें मुख रूप से मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सरोज प्रजापति उपस्थित थे और उनके द्वारा कार्यक्रम के संयोजक सत्यम कुमार को चुनरी देकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात प्रांत प्रवर्तन प्रमुख अनिल गुप्ता के द्वारा कार्यक्रम के सहसंयोजक अशोक कसकर को सम्मानित किया गया इस दौरान उन्होंने कहा कि शास्त्रों के आधार पर आरती भगवान की उपस्थिति को स्थिर करती है और भक्तों के हृदय को शुद्ध करती है। पूजा के बाद आरती करने से न केवल पूजा की पूर्णता होती है बल्कि भक्तों के मन को भी शांत करती है और उसकी अतिरिक्त भावना को प्रकट करती है माना जाता है की आरती संस्कृत शब्द आरातिका से ली गई है। जिसका अर्थ है कुछ ऐसा जो रात्रि अंधकार को दूर करता है इसे मराठी भाषा के एक संदर्भ में कहा गया है कि इसे महानिरंजना के रूप में भी जाना जाता है। इस कार्यक्रम का संचालन प्रमोद प्रजापति के द्वारा किया गया। मौके पर उपस्थित दीपक अग्रवाल, अजय प्रसाद, कुलदीप कुमार, विवेक शर्मा, सविता देवी, प्रदीप गुप्ता, रामकुमार प्रजापति, विनोद प्रसाद, मनु कुमार, प्रदीप प्रजापति, कुलदीप गुप्ता, दिनेश प्रजापति, कन्नू कुमार, मनमोहन शर्मा, देवांश कुमार, नंदलाल शर्मा, सुरेश महतो, सचिता साव के भारी संख्या में माताएं बहने एवं सैकड़ो राम भक्त उपस्थित थे।

# जूनियर डीएवी विद्यालय लोहरदगा में रेड डे उत्सव मनाया गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जूनियर डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में जूनियर डीएवी के प्रभारी शिक्षक अश्विन कुमार पात्रों द्वारा रेड डे उत्सव का आयोजन किया गया। स्कूल में रेड डे मुख्य रूप से बच्चों को लाल रंग के बारे में जानकारी देने और उसे सीखने के लिए एक आकर्षक गतिविधि के रूप में मनाया जाता है। यह बच्चों को रंगों की पहचान और वर्गीकरण करने में मदद करता है, जिससे संज्ञानात्मक कौशल मजबूत होते हैं।चश यह उत्सव बच्चों के लिए एक मजेदार और याद रखने योग्य अनुभव बनाता है। रेड डे÷ के दौरान, बच्चे लाल रंग के कपड़े पहनते हैं, लाल रंग की वस्तुओं को प्रदर्शित करते हैं,और लाल रंग से संबंधित गतिविधियों में भाग लेते हैं. इस गतिविधि से बच्चों को रंगों की समझ विकसित करने और विभिन्न रंगों के महत्व को समझने में मदद मिलती है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में नन्हे बच्चों के मध्य रेड डे मनाया गया। जिसमें सभी बच्चों ने लाल रंग के वस्त्र पहने। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी, एलकेजी व यूकेजी के बच्चों के मध्य लाल रंग के क्राफ्ट बनाने की प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी में सान्वी साहू, श्रेयांश, महम परवेज व सक्षम भगत ने कक्षा एलकेजी में हर्षिका रानी, राजश्री आनंद, भार्गवी भारद्वाज, पृषिता वाही व प्रत्यूष वर्मा ने तथा कक्षा यूकेजी में हर्षित आनंद, अद्वैत आलोक, हिमांशु राज, वेदांत सोनी, पृथ्वी वर्मा तथा पृषभ राज ने प्रथम स्थान अर्जित किया। इन प्रतियोगिताओं में संगीता मित्तल, श्वेता कुमारी व प्रिया कुमारी निर्णायक बनीं। प्रमित कुमार व पूनम सिंह ने भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के प्रयास से विमरला माइंस में पुनः परिचालन शुरू हुआ

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विमरला बॉक्साइट माइन्स में चलने वाले ट्रकों को पिछले दो दिनों से अवैध तरीके से कुछ लोगों ने सड़क पर रोक दिया था जिसके कारण ट्रक मालिक, चालकों, उप चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा और इस संबंध में जब पूर्व राज्यसभा सदस्य सह एसोसिएशन के संरक्षक माननीय धीरज प्रसाद साहू को अवगत कराया गया तब उन्होंने प्रशासन के बड़े आला अधिकारियों से बात करके जाम को खुलवाया और विमरला में तब पुन÷ कल रात्रि से परिचालन शुरू हुआ। इसके लिए एसोसिएशन धीरज प्रसाद साहू को धन्यवाद देती है और उनके प्रयास से ही यह जाम हटा है। एसोसिएशन ने झारखंड पठारी बॉक्साइट चंदवा ट्रक ओनर एसोसिएशन एवं लोहरदगा गुमला ट्रक ओनर एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों का आभार प्रकट किया है, साथ ही आंदोलन में शामिल सभी ट्रक मालिको, ट्रक चालकों एवं सदस्यों का भी आभार प्रकट करती है।

## सामुदायिक भवन का कार्य को गुणवत्ता पूर्वक समय से पूर्ण करें : राधा तिर्की



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत ग्राम में अखड़ा के समीप जिला परिषद विभाग से दूसरा ताला तक सामुदायिक भवन निर्माण की स्वीकृति जिला परिषद कार्यालय से मिलने के बाद संवेदक रोहित कुमार द्वारा जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की की उपस्थिति में पहान परुवा उरांव ने आदिवासी परंपरा अनुसार विधि विधान के साथ कार्य प्रारम्भ के लिये पूजा अर्चना किया गया। वही जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की द्वारा नारियल फोड़ कर और फावड़ा चला कर शिलान्यास किया गया। उन्होंने मौके पर कहा कि अखड़ा के नजदीक दो मंजिला सामुदायिक भवन बनाया जा रहा है। जिसमें पेयजल,शौचालय और की व्यवस्था रहेगी। जिसे भवन उपयोग और रख रखाव ग्रामीण स्वयं करेंगे साथ ही कहा कि गुणवत्ता पूर्ण भवन बनाने में आम जन सहयोग करेंगे भवन बनने से समाजिक बैठक तथा शादी विवाह में या अन्य किसी उत्सव कार्य में जनता को लाभ मिलेगा। ग्रामीणों से अपील किया गया की गांव के लोग विकास के प्रति जागरूक हों जिसे गांव का विकास के लिये सरकार और मंत्री से बात कर विकास कार्य कराया जायेगा। गांव,वार्ड और पंचायत और प्रखंड क्षेत्र में विकास कार्य कराने के लिये हम अपने माध्यम से आप सभी ग्रामीणों का समस्या को और विकास कार्य को जिला में उपायुक्त के समक्ष और सांसद विधायक तथा मंत्री तक आप सभी का समस्याओं को पहुंचाने का प्रयास करते हुए विकास की गति को क्षेत्र में लाने का प्रयास करेंगे रोजगार सृजन जैसे योजना का व्यक्ति गत रूप से आवेदन दें जिसे सभी को लाभ दिलाने का प्रयास किया जायेगा। वही संवेदक से कहा कि विकास कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा संवेदक समय से गुणवत्ता पूर्वक कार्य को पूरा करें। मौके पर राधा तिर्की, रोहित कुमार साहु, मिथलेश मिश्र, प्रकाश उरांव समेत अन्य उपस्थित थे।

## तेरह सूत्री मांगों को लेकर झारखंड राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ की हुई बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखण्ड राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ, जिला शाखा-लोहरदगा की आम बैठक महेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में पुराना नगरपालिका कार्यालय लोहरदगा में सम्पन्न हुई। जिसमें 13 सूत्री मांगों पर बिचार -विमर्श किया गया। तत्पश्चात अध्यक्ष के नेतृत्व में मुक्ति किन्डो, प्रशासक, नगर परिषद लोहरदगा से सौहार्दपूर्ण वातावरण में महासंघ का 07 सदस्यीय शिष्टमंडल वार्ता उनके कार्यालय में हुई, जिसमें सारी मांगों पर बिन्दुवार बातचीत हुई।नगर प्रशासक मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन दिये। शिष्टमंडल में महेश कुमार सिंह, बंधू उराँव, भोला उराँव, शनिचरवा ठकरू, संतोष उराँव, नीरज उराँव तथा राजकुमार लोहरा शामिल थे। तत्पश्चात नगर परिषद श्रीश्याम डब्ल्यू एम प्रा0 लि0 लोहरदगा के कार्यालय में सहभागी के अनुपस्थित रहने पर मांग-पत्र की एक प्रति जमा किया गया। उनकी मांगों में श्रीश्याम डब्ल्यू0 एम0 प्रा0लि0 लोहरदगा के कार्यो का संचालन करने वाले चालकों एवं सहकर्मियों का 04 महीने का वेतन का भुगतान, झाड़ू की आपूर्ति, नियोजन कार्ड, ई एस आई कार्ड, पहचान-पत्र, सर्दी एवं गर्मी की बर्दी तथा बर्दी धुलाई भत्ता, ई पी एफ का नंबर, कटौती का सूद सहित अद्यतन हिसाब, सभी कर्मियों का बीमा तथा कैशलेस चिकित्सा सुविधा, सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार समान काम का समान वेतन, समाप्त किये गये।

## सक्षम बनेंगे समुदाय, बाल संसद करेगी अगुवाई

# पंचायत में उप विकास आयुक्त द्वारा नई पहल की शुरुआत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आकांक्षी प्रखंड किस्को के बैठट पंचायत स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में आज उप विकास आयुक्त दलीप प्रताप सिंह शेखावत (I.A.S) महोदय द्वारा निरीक्षण दौरे के अवसर पर विद्यालय में बाल संसद के बच्चों के साथ एक बाल सभा का आयोजन किया गया। बाल सभा के दौरान उप विकास आयुक्त महोदय और बाल संसद के सदस्यों द्वारा बाल संसद अभियान की पुस्तिका का औपचारिक लोकार्पण किया गया। इस पुस्तिका में 12 महीनों का गतिविधि विवरण मौजूद है, जिसे जिले के सभी विद्यालयों में शिक्षकों, पंचायत मुखिया एवं संबंधित विभागों के सहयोग से क्रियान्वित किया जाएगा। इस अभियान को सफलतापूर्वक लागू कराने में गांधी फैलो प्रशंसा और सुमंत पंचायत प्रतिनिधियों को सहयोग प्रदान करेंगे। उप विकास आयुक्त महोदय ने कहा कि, बाल संसद विद्यालयों एवं समुदायों में स्वस्थ जीवनशैली, साफ-सुथरा वातावरण और नैतिक नेतृत्व को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बाल संसद विद्यालयों में छात्रों के समग्र विकास के लक्ष्य की दिशा में कार्य करेगा। बाल संसद शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं समावेशन के क्षेत्रों में सक्रिय रहेगा। छात्र अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार इनमें से किसी भी गतिविधि को स्वेच्छा से चुन सकेंगे। जिला प्रशासन ने आदिवासी समुदाय की विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इस पहल के ढांचे को तैयार किया है, जिसका उद्देश्य जनसांख्यिकीय विविधता को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य और शिक्षा संबंधी जरूरतों को पूरा करना है। बाल संसद अभियान की कल्पना जिला प्रशासन द्वारा की गई है, जो विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच, नेतृत्व क्षमता और नैतिक विकास को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य करेगी। उप विकास आयुक्त महोदय ने बाल संसद अभियान के मुख्य उद्देश्य को लेकर साझा किया कि मासिक थीम आधारित गतिविधियों के माध्यम से छात्रों को व्यावहारिक समस्याओं का समाधान खोजने हेतु प्रेरित किया जाएगा। छात्रों के साथ वार्तालाप के दौरान उप विकास आयुक्त द्वारा सभी बाल संसद सदस्यों से उनके उत्तरदायित्व के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की, महोदय द्वारा अच्छे अभ्यासों की सराहना की गई एवं छात्रों से स्कूल की समस्याएं सुनकर उनके निवारण का आश्वाशन भी दिया। इस सभा में पंचायत मुखिया राजकिशन उरांव, प्रधानाध्यापक लाल अरविंद कुमार सहदेव, शिक्षक, ग्रामीण एवं पिरामल टीम उपस्थित थे।

## जबतक जल सुरक्षित है तब तक कल सुरक्षित है : अलीरजा अंसारी

# पीएमश्री रा. उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिंगी के छात्रों ने जल संरक्षण जागरूकता रैली का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुड़ू-लोहरदगा :** जल का हर एक बूंद बेशकीमती है। शुद्ध जल का उपयोग यदि बुद्धिमत्तापूर्वक नहीं किया गया तो आनेवाले समय में भीषण जल संकट का सामना करना निश्चित है। हमें जल संरक्षण के महत्व को समझते हुए छात्र जीवन से ही इसके लिए भरपूर प्रयास करना चाहिए। उक्त बातें आज कुड़ू प्रखंड क्षेत्र अवस्थित पीएमश्री रा. उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिंगी के सौजन्य से निकाली गई जल संरक्षण पखवाड़ा के तहत निकाली गई जागरूकता रैली में विद्यालय के प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने आज लोगों से कहीं उन्होंने जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी भी जानदार का जीवन जल रहते तक ही सुरक्षित है। जल के अभाव में जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती।जल संरक्षण हेतु आज पीएमश्री रा. उत्क्र. उच्च विद्यालय जिंगी के कक्षा छठी से दसवीं तक के छात्र-छात्राएं आज सुबह जल संरक्षण का संदेश देने हेतु बैंड बाजा के साथ हाथों में पंपलेट, पोस्टर लिए रैली के रूप में विद्यालय परिसर से निकल कर विभिन्न गली-मुहल्लों से होते हुए फिर वापस विद्यालय आए। जल संरक्षण से संबंधित स्लोगन लिखे तख्तियां, पोस्टर पकड़े बच्चे पानी बचाओ-जीवन बचाओ, जल है तो- कल है, जल है तो-जीवन है,पानी नहीं बचाओगे तो-प्यासे मर जाओगे इत्यादि नारा लगाते हुए चल रहे थे। शिक्षक प्रमेश कुमार सिंह, खुशमारेन मर्शिला तिर्की इत्यादि ने भी अपने संबोधन में जल की बर्बादी रोकने और इस निमित्त लोगों को जागरूक करने की अपील छात्र-छात्राओं से की।विद्यालय के प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने मौके पर सभी को जल संरक्षण हेतु शपथ भी दिलाई।मौके पर विद्यालय की शिक्षिकाएं चांदो तिर्की, फुलमनी कुमारी, सरिता टोप्पो, मोनिका उरांव, बीएड की प्रशिक्षु शिक्षिकाएं बेला ठाकुर, कंचन प्रिया कुजूर, नेहा कुमारी, यशोदा कुमारी, संध्या कुमारी, राखी टोप्पो सहित

## सीओ ने आयोजित किया थाना दिवस कार्यक्रम

# सप्ताह में प्रत्येक बुधवार को थाना परिसर में आयोजित किया जायेगा थाना दिवस : सीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** अंचलाधिकारी द्वारा थाना परिसर में थाना दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित थाना दिवस कार्यक्रम में अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी द्वारा सेन्हा थाना क्षेत्र के जमीन विवाद से सम्बन्धीत केशों का निपटारा किया गया। वही जमीन से सम्बंधित विवाद मामले पर चितरी निवासी स्व. गन्दूर सिंह का पुत्र रंजीत सिंह, अरु निवासी स्व. सन्तु महली का पुत्र राजेश महली, मिशन चौक लोहरदगा निवासी रविन्द्र साहु, भड़गांव निवासी दसु अंसारी का पुत्र जुमाउद्दीन अंसारी द्वारा थाना में आवेदन देकर न्याय का गुहार लगाया गया था। जिस पर अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी द्वारा संज्ञान में लेते हुए बुधवार को थाना दिवस कार्यक्रम आयोजित कर दोनों पक्ष के सामने सभी विवादित मामलों का निपटारा किया गया। जिस पर अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी ने जानकारी देते हुए कहा कि सप्ताह में प्रत्येक बुधवार को थाना दिवस आयोजित कर जमीन से सम्बंधित छोटे मोटे मामले का त्वरित निपटारा किया जायेगा। जिसे ग्रामीणों को कोर्ट कचहरी का चक्कर लगाना न पड़े साथ ही कहा कि जिन मामलों का निपटारा अंचल या थाना के द्वारा नही सकता वैसे मामले को न्यायालय द्वारा निपटारा कराने हेतु अग्रसारित किया जायेगा। जिसे ग्रामीण किसानों को उचित न्याय मिल सके। मौके पर एस आई अविनाश राम, मनीष कुमार महतो के अलावे दिपांकर कुजूर, बिशु उरांव, राजकुमारी कुजूर, जुमाउद्दीन अंसारी, बिरजू उरांव फुलमनिया कुजूर, बुधदेव उरांव नवीन कुजूर समेत अन्य ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## बेहतर और सशक्त भविष्य के लिए सोशल इंजीनियरिंग विषयक दो दिवसीय कार्यशाला का बगडू में हुआ समापन



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड, खान प्रभाग लोहरदगा में सीएसआर बॉक्साइट क्लस्टर द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बगडू सभागार में दिनांक 28 से 29 अप्रैल 2025 का हुआ समापन। दूसरे दिन बॉक्साइट एवं कोल के सीएसआर क्लस्टर प्रमुख श्वेता उपाध्याय व अनुनय कुमार तथा सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार ने सीएसआर एक्ट व शिड्यूल सेवेन, स्टेकहोल्डर्स एनालिसिस, सीएसआर की चुनौतियां, सीएसआर केपीआईज एवं बेस्ट प्रैक्टिसेज पर बिंदुवार प्रशिक्षण एवं जानकारी उपस्थित विभिन्न सीएसआर अधिकारियों को दी। सभी यूनिट हेड ने सर के उत्कृष्ट कार्यों का प्रदर्शन प्रेजेंटेशन के माध्यम से दिया कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों द्वारा बगरू में बने जैव विविधता पार्क बिरसा पार्क एवं खनन की उपरांत रिक्लेमद जमीन पर अन्य उत्कृष्ट कार्यो के अवलोकन के साथ संपन्न हुआ। हिंडाल्को सीएसआर के दो दिवसीय कार्यशाला के समापन में इनकी रही सहभागिता दूसरे दिन के कार्यक्रम में महाप्रबंधक (मानव संसाधन) संजय पाढ़ी, प्रबंधक राज सिन्हा, सीएसआर अधिकारी भास्कर सिन्हा, आईटी से राकेश दीक्षित, बागीस आचार्य, प्रद्युम्न कुमार, शोभा रानी मोहंती, रामावतार पासवान, सरिता डुंगडुंग, राकेश तिवारी, अनन्या डे, बिश्वमोहिनी, दीपक सिंह, अभय भारती, मनोज कुमार, सुरेंद्र सिंह, अनिल साहू, भास्कर दास गुप्ता, राहुल कुमार, तंदीप सिंह, खुदिया कुमार, मुन्ना भगत, महावीर उरांव आदि उपस्थित रहे।

## चलते चलते एक नजर

### उत्तर कोरिया ने विध्वंसक पोत से मिसाइलों का किया परीक्षण

**प्योंगयांग** : उत्तर कोरिया ने अपने नए विध्वंसक पोत से मिसाइलों का परीक्षण किया। यह 5,000 मीट्रिक टन का बहुउद्देशीय विध्वंसक पोत है। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन चो ह्योन श्रेणी के इस पोत के हथियारों का परीक्षण करने से खुश नजर आए। उन्होंने इस मौके पर नौसेना के परमाणु हथियारों के निर्माण में तेजी लाने का आह्वान किया। किम जोंग-उन ने कहा कि समुद्री रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने का समय आ गया है।राज्य मीडिया संवाद समिति कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने बुधवार को बताया कि यह उत्तर कोरिया के नौसैनिक आधुनिकीकरण में बड़ा कदम है। इसे रूस की तकनीकी सहायता से विकसित किया गया है। चो ह्योन श्रेणी का विध्वंसक पोत ह्वासन श्रेणी की क्रूज मिसाइल प्रणाली से लैस है। इसे संभावित रूप से परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम बताया गया है। दक्षिण कोरिया के सैन्य विशेषज्ञों का कहना है कि यह सुपरसोनिक मिसाइल प्रणाली, चरणबद्ध रडार और एकीकृत वायु रक्षा प्रणाली से सुसज्जित है।इस बीच, दक्षिण कोरिया के एकीकरण मंत्रालय ने बुधवार को कुछ तस्वीरें जारी कीं। इनसे पता चलता है कि उत्तर कोरिया ने रूस के साथ तुमेन नदी की सीमा के पास भूमि को समतल करना शुरू कर दिया है। माना जा रहा है कि उत्तर कोरिया तुमेन नदी पर वाहनों की आवाजाही के लिए पुल बनाने के लिए भूमि पूजन समारोह की तैयारी कर रहा है। वर्तमान में एक रेलवे पुल उत्तर कोरिया के तुमेन नदी स्टेशन और रूस के खासन स्टेशन को जोड़ता है, लेकिन वाहनों के लिए कोई पुल नहीं है। यह परियोजना पिछले साल जून में किम जोंग-उन और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच शिखर सम्मेलन के दौरान हुए समझौतों से उपजी है। नए पुल का निर्माण मौजूदा रेलवे क्रॉसिंग से लगभग 415 मीटर नीचे की ओर किया जाएगा। इसके 2026 के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है।

### एसीएस ने किया नारनौल अनाज मंडी का दौरा

**नारनौल** : कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव वी राजा शेखर वुंडरू ने बुधवार को जिला में चल रही रबी फसल की सरकारी खरीद का जायजा लेने के लिए नारनौल अनाज मंडी का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ उपायुक्त डॉ विवेक भारती भी मौजूद रहे। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने अब तक हुई खरीद के संबंध में जानकारी हासिल की। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि किसानों की फसल की रकम उनके खाते में निर्धारित समय में भेजी जानी चाहिए। इस संबंध में मुख्यमंत्री खुद समय-समय पर समीक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि मंडियों में किसानों के लिए सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं होनी चाहिए। उन्होंने नारनौल अनाज मंडी में भी किसानों के लिए कैंटीन की स्थापना करने के निर्देश दिए। इस बारे में उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक जिला महेंद्रगढ़ में एक लाख तीन हजार 65 मीट्रिक टन सरसों की खरीद हो चुकी है। जिला में लगभग 76 फ़ीसदी उठान कार्य हो चुका है। अब तक जिला महेंद्रगढ़ में सरसों खरीद के बाद किसानों के खाते में लगभग तीन अरब 99 करोड़ 25 लाख रुपये की रकम डाल दी गई है।उन्होंने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ में गेहूं की नौ हजार तीन सौ 45 मीट्रिक टन खरीद हुई है। ज्यादातर गेहूं सतनाली, महेंद्रगढ़ तथा कनीना अनाज मंडी में पहुंचा है। इस मौके पर नारनौल के एसडीएम रमित यादव, जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक कुशलपाल बूरा, सहायक जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक अरुण सैनी, डीएम हैफेड प्रवीण कुमार, डीएम वेयर हाउस रेखा मलिक तथा डीएमयू सत्यप्रकाश के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# लोकपाल के अधिकार क्षेत्र पर सुप्रीम कोर्ट जुलाई में सुनवाई करेगा

एजेंसी

**नई दिल्ली** : हाई कोर्ट के जजों के खिलाफ शिकायत पर लोकपाल सुनवाई कर सकता है या नहीं, इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट जुलाई में सुनवाई करेगा। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि ये मामला दूसरी बेंच को ट्रांसफर हो सकता है।इस मामले में कोर्ट की मदद करने के लिए वरिष्ठ वकील रंजीत कुमार को एमिकस क्यूरी नियुक्त किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने 20 फरवरी को हाई कोर्ट के जजों के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायतों पर लोकपाल को सुनवाई का अधिकार घोषित करने वाले लोकपाल के 27 जनवरी के आदेश पर रोक लगा दी



थी। इस आदेश में कहा गया था कि हाई कोर्ट के न्यायाधीशों के खिलाफ शिकायतों की जांच करना लोकपाल के अधिकार क्षेत्र में आता है। कोर्ट ने लोकपाल के आदेश पर स्वतः संज्ञान लेते हुए कहा था कि यह फैसला परेशान करने वाला है।सुप्रीम कोर्ट ने लोकपाल में शिकायत करने वाले शिकायतकर्ता को निर्देश दिया था कि उन्होंने जिस जज के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है, उसका नाम सार्वजनिक नहीं करें।

शिकायतकर्ता ने लोकपाल से शिकायत की थी कि एक निजी फर्म उस जज का पहले मुवक्किल रह चुका है, जब वो वकालत करते थे।दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस एएम खानविलकर की अध्यक्षता वाली लोकपाल की बेंच ने 27 जनवरी के अपने आदेश में हाई कोर्ट के जज के खिलाफ जांच करने का आदेश दिया था। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि लोकपाल ने कानून की गलत व्याख्या की। उन्होंने कहा था कि हाई कोर्ट के जज को लोकपाल की परिधि में नहीं लाया गया है। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने भी लोकपाल के आदेश की आलोचना की और कोर्ट से इस पर रोक लगाने की मांग की।

## डीएम ने छह लाभुकों को प्रदान की सहायता राशि

एजेंसी

**अररिया** : डीएम अनिल कुमार द्वारा मुख्यमंत्री अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के तहत 03 लाभुकों को बुधवार को एक एक लाख रूपये की सहायता राशि प्रदान की।स्मिता स्मिथ, रानो कुमारी, सजल श्रद्धा को डीएम ने एक-एक लाख रूपये की सावधि जमा प्रदान की।मौके पर डीएम ने बताया कि समाज में व्याप्त जाति बंधनों को तोड़ने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग के सामाजिक सुरक्षा निदेशालय के द्वारा मुख्यमंत्री अन्तर्जातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना का संचालन किया जाता है। इस योजना के तहत अपने जाति से इतर किसी दूसरे जाति में विवाह करने पर सरकार के द्वारा एक लाख रूपये की प्रोत्साहन राशि सावधि जमा के रूप



में प्रदान की जाती है।इस योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु कोई भी अन्तर्जातीय विवाह करने वाले व्यक्ति शादी की तिथि से 02 वर्ष के अन्दर सभी जरूरी प्रमाण-पत्र यथा विवाह निबंधन प्रमाण पत्र, वर तथा वधु के आयु से संबंधित प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र तथा निवास प्रमाण-पत्र आदि के साथ अपना आवेदन जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग में जमा कर सकते हैं।मुख्यमंत्री निःशक्त जन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के तहत कुल 03 लाभुकों को भी सहायता राशि प्रदान की गई।

## जलघर से टैंकर भरने पर ग्रामीणों ने किया विरोध

एजेंसी

**सिरसा** : जिला के गांव जमाल में पेयजल की भारी किल्लत चल रही है। बुधवार को ग्रामीणों ने गांव के जलघर में बनी डिग्गियों से पानी के टैंकर भरने का विरोध किया है। विरोध स्वरूप ग्रामीण महिलाओं ने जल घर के मेन गेट पर ताला जड़ दिया।

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दिनों नहर में पानी आने के बाद जमाल जलघर की चार डिग्गियों में से दो डिग्गियां पानी से भरी गई है। अभी गांव में जलघर से पानी सप्लाई भी शुरू नहीं किया गया है और इसी दौरान टैंकर चालक डिग्गियों से पानी भरकर प्रति टैंकर के हिसाब से 700 से 800 रुपए वसूल रहे हैं। ऐसे में ग्रामीणों ने कहा कि टैंकर चालक डिग्गियों से पानी न उठाए। सुबह करीब दो दर्जन टैंकर गांव जमाल के जलघर में पानी उठाने



लगे तो ग्रामीणों ने विरोध स्वरूप जलघर के मुख्य गेट का ताला लगा दिया और टैंकर चालकों को बाहर नहीं जाने दिया गया। करीब 3 घंटे बाद टैंकर चालकों और ग्रामीण कि आपसी बातचीत में यह तय किया गया कि टैंकर चालक गांव के जलघर की डिग्गियों से पानी नहीं उठाएंगे और टैंकर चालकों ने भरे हुए टैंकर वापस डिग्गी में डाल दिए। इसके बाद जलघर का ताला खोला गया और टैंकर चालकों को बाहर जाने दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि जल घर से पीने के पानी की सप्लाई जल्दी शुरू की जाए ताकि लोगों को पानी की कील्लत ना हो।गौरतलब है कि सिरसा जिला के बड़े गांवों में शुमार जमाल में करीब 15000 की आबादी है। पिछले काफी दिनों से पीने के पानी की किल्लत बनी हुई है। ग्रामीणों को पानी टैंकरों से खरीदना पड़ रहा है और ग्रामीण पेयजल की कमी से काफी परेशान हैं।

## एचपीटीडीसी ने रचा इतिहास : सीएम

एजेंसी

**शिमला** : हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) ने पहली बार 100 करोड़ रुपये से अधिक का रिकॉर्ड लाभ अर्जित कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को शिमला में एचपीटीडीसी और पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के कार्यकाल में निगम को जहां वार्षिक रूप से औसतन 78 करोड़ रुपये का लाभ होता था, वहीं वर्तमान सरकार ने आपदा जैसी गंभीर चुनौतियों के बावजूद 107 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि निगम के होटलों और रेस्तरां के बेहतर प्रबंधन, नियमित



मरम्मत व रखरखाव और परिसंपत्तियों के प्रभावी उपयोग का परिणाम है। उन्होंने बताया कि लाभ में बढ़ोतरी के चलते एचपीटीडीसी ने पिछले ढाई वर्षों में अपने पेंशनभोगियों को 41 करोड़ रुपये की राशि जारी की, जबकि भाजपा शासन के पूरे पांच साल में केवल 26 करोड़ रुपये वितरित किए गए थे।मुख्यमंत्री सुक्खू ने निगम अधिकारियों को सेवा गुणवत्ता में और सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अनुपयोगी पड़ी परिसंपत्तियों को निजी क्षेत्र को संचालन और रखरखाव आधार पर लीज पर देने की संभावनाएं तलाशने को भी कहा। उन्होंने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम और एचपीटीडीसी के बीच हुए एमओयू की सराहना की, जिसके तहत निगम के होटलों को राशन और अन्य आवश्यक वस्तुएं समय पर उपलब्ध कराई जाएंगी।

# झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा की गई भगवान परशुराम की पूजा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा** : भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) द्वारा बुधवार को खोण्हर मंदिर परिसर में स्थापित भगवान परशुराम की विशाल प्रतिमा का पूजन किया गया तथा झंडा स्थापित किया गया। इस मौके पर रंका मोड़ पर पूरे दिन शीतल शर्बत वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत सुबह से ही हो गई थी जब झामुमो कार्यकर्ता शर्बत तैयार करने और वितरण की व्यवस्था में जुट गए थे। शर्बत वितरण स्थल पर सैकड़ों की संख्या में राहगीर, दोपहिया वाहन सवार, दुकानदार, मजदूर और आम नागरिक पहुंचे और ठंडे शर्बत का आनंद लिया। कार्यक्रम में झामुमो के कई स्थानीय नेता, वरिष्ठ कार्यकर्ता और युवा मोर्चा के सदस्य मौजूद



थे। सभी ने मिलकर सेवा कार्य में भाग लिया और लोगों को शर्बत पिलाते हुए भगवान परशुराम जयंती की शुभकामनाएं दीं। झामुमो नेताओं ने इस अवसर पर भगवान परशुराम के जीवन चरित्र और उनके सामाजिक योगदान पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि परशुराम जी का जीवन सत्य, धर्म और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष का प्रतीक है। वे केवल एक वीर योद्धा नहीं, बल्कि समाज सुधारक भी थे। उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं और हमें प्रेरणा देते हैं कि समाज के कमजोर वर्गों की सेवा की जाए।पार्टी नेताओं ने कहा कि झामुमो केवल राजनीतिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाना उसका एक प्रमुख लक्ष्य है। कार्यक्रम में महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं।

कार्यक्रम के अंत में झामुमो कार्यकर्ताओं ने भविष्य में भी इसी तरह सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में धीरज दुबे, मनोज तिवारी, राजेश तिवारी, नारद तिवारी, ज्योतिष धर दुबे, जितेंद्र दुबे, रविन्द्र तिवारी, कार्तिक पांडे, किशोर ओझा, अरविंद मिश्रा, संजय मिश्रा, प्रमोद तिवारी, मुकेश तिवारी, रंजन तिवारी, नवलेश धर दुबे, रवि रंजन दुबे, विपुल तिवारी, अभिषेक धर दुबे, प्रेम प्रकाश दुबे, अविनाश दुबे, गूंजन धर दुबे, हिमांशु दुबे, आशीष अग्रवाल, फुजैल अहमद, अमित पांडे, आशीष धर दुबे, अनंत दुबे, रंजन तिवारी, कुश उपाध्याय, श्याम नारायण उपाध्याय, संजय मिश्रा

## शिक्षा के साथ जीवन के उद्देश्य को भी समझें विद्यार्थी : अविनाश देव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : वर्तमान समय में तमाम देशों में जो परिदृश्य दिख रहा है, वह मानवता को कलंकित कर रहा है। जिस तरह से उन्नत प्रौद्योगिकी के दौर में विज्ञान अपना पैर पसारता जा रहा है, मानव जीवन को सुगम बनाने के लिए वैज्ञानिक तमाम आविष्कार कर रहे हैं। सोशल मीडिया के दौर में भाईचारा एवं सौहार्द होना चाहिए। लेकिन हृदय की संवेदना इस कदर छिन गई है कि लोग अपने धर्म की ध्वजा फहराने और अपने देश को सर्वश्रेष्ठ साबित करने के लिए बेपरवाह लहू की धाराएं बहा रहे हैं, जो मानव जाति के लिए निंदनीय है। उक्त बातें संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने प्रार्थना सभा में बच्चों को कहीं। आगे उन्होंने कहा कि शिक्षा के महत्व के साथ-साथ जीवन के उद्देश्य को भी समझना ज़रूरी है। जिस तरह से हम धर्म को आराध्य मानते हैं, उसी प्रकार अध्यात्म को भी अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है, ताकि हम अपने जीवन के उद्देश्य को समझ सकें। शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी सीखना है, ताकि हम हृदय को संवेदनशील बना सकें। वैज्ञानिक परख प्रवृत्ति के साथ-साथ आत्मज्ञान को भी अर्जित करना होगा, ताकि हम अपने देश में भाईचारे व सौहार्द की सुगंध बिखेर सकें।चेयरमैन अविनाश देव ने छात्रों एवं छात्राओं को उत्कृष्टता के साथ शिक्षा ग्रहण करने के लिए कहा। साथ ही, कहा कि इसका उद्देश्य अपने निजी स्वार्थ एवं सिर्फ़ परिवार की खातिर नहीं, बल्कि समाज और देश के लिए भी होना चाहिए, क्योंकि जब तक हमारे देश में स्नेह का संबंध, सहिष्णुता की सुगंध, नैतिकता का निर्वाह और पवित्रता की परवाह नहीं होगी, तब तक हमारा घर, परिवार और समाज भी सुरक्षित नहीं होगा।

### जलपुरुष ने बताए जल संरक्षण के फायदे

**जालौन** : जालौन के कोंच तहसील स्थित ग्राम अमीटा में बुधवार को जल संरक्षण पर विशेष जन चौपाल का आयोजन किया गया। प्राथमिक विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में देश के प्रसिद्ध जल संरक्षण विशेषज्ञ डॉ. राजेंद्र सिंह मुख्य अतिथि रहे। जल पुरुष के नाम से विख्यात राजेंद्र सिंह ने कहा कि आज पानी नहीं बचाया तो आने वाली पीढ़ियों को इसके परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने वर्षा जल संचयन और परंपरागत जल स्रोतों के पुनर्जीवन पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने बताया कि कैसे सामूहिक प्रयासों से देश के कई सूखाग्रस्त क्षेत्रों में जल संरक्षण किया गया।जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने जिले में चल रहे जल संरक्षण अभियानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रशासन हर गांव में जल चौपाल के जरिए लोगों को जल संरक्षण से जोड़ रहा है। कार्यक्रम में खेत- तालाब योजना और नदियों के पुनर्जीवन पर चर्चा हुई। जल प्रबंधन की तकनीकी जानकारी भी दी गई।




हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

मेरे प्यारे झारखण्ड वासियों
जोहार !

**"अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस 1 मई 2025 के अवसर पर झारखण्ड राज्य के सभी श्रमिक बन्धुओं को शुभकामनाएँ।"**

राज्य के मजदूरों की सुरक्षा एवं कल्याण हेतु झारखण्ड सरकार सतत् प्रयासरत है।

श्रमिक हित में विभाग द्वारा किए गए मुख्य कार्य :-

- ई-श्रमपोर्टल में 96,61,245 असंगठित श्रमिकों का निबंधन कराया गया।
- वित्तीय वर्ष-2024-25 में असंगठित श्रमिकों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत 63030 श्रमिकों को लाभान्वित करने में ₹45.75 करोड़ का व्यय किया गया।
- वित्तीय वर्ष-2024-25 में झारखण्ड राज्य के 217 अंतर्राज्यीय प्रवासी श्रमिकों की दुर्घटना / प्राकृतिक आपदा में मृत्यु होने के उपरांत उनके आश्रितों को ₹2,26,50,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की गयी। सामान्य मृत्यु की स्थिति में कुल 239 कामगारों के आश्रितों के शव लाने हेतु ₹1,19,50,000 एवं 04 अंतर्राज्यीय प्रवासी श्रमिकों की मृत्यु के उपरांत कुल ₹20,00,000 की सहायता प्रदान की गयी।
- 31 मार्च 2025 तक 17,28,508 निर्माण श्रमिकों का निबंधन किया जा चुका है।
- वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1,67,636 निर्माण श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं में कुल ₹1,09,22,76,891 की राशि का लाभ दिया गया।

**1 मई 2025 अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर झारखण्ड सरकार आपके स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं कल्याण की कामना करती है।**

हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR-351490(Labour Employment and Traning)25-26

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार